CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, रविवार 13 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 333 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 17 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अवैध धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: योगी

पेज 2



केएल राहुल 100 रन पर आउट होने वाले 100वें टेस्ट बल्लेबाज

खेल टाइम्स



भारत छह लड़ाकू विमान खोने की बात माने: पाकिस्तान

पेज 11



सिद्धांत व तृप्ति की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड

## निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर जोर: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विनिर्माण क्षेत्र को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा है कि सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर भी जोर दे रही है। श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद यह बात कही। इन युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि आज भारत की एक बहुत बड़ी ताकत हमारा मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर है। मैन्युफेक्चरिंग में बहुत बड़ी संख्या में नई जॉब्स बन रही हैं। मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को गति देने के लिए इस वर्ष के बजट में मिशन मैन्युफेक्चरिंग की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे देखते हुए सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर अच्छा खासा जोर दे रही है।

## 1.18 करोड़ के इनामी 23 नक्सलियों का सामूहिक समर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन को किडनैप करने वाले नक्सली समेत 1.18 करोड़ रुपये के 23 नक्सलियों ने शनिवार को सुरक्षा बल के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं। इनमें से आठ नक्सली माओवादियों की सबसे खतरनाक पीएलजीए बटालियन नंबर-1 के सदस्य थे। नक्सली लोकेश उर्फ पोडियाम भीमा भी है, जिसने साल 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन का अपहरण कर लिया था। वहीं इनमें तीन दंपति भी हैं, जो हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्य धारा में लौट आए हैं। ये सभी नक्सली अलग-अलग मुठभेड़ों में सैकड़ों जवानों की हत्या में शामिल थे।

## अरुणाचल में रेप के आरोपी की थाने के बाहर हत्या

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश की लोअर दिबांग घाटी में असम के युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पूरी घटना रोइंग कस्बे के पुलिस स्टेशन के बाहर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवक पर 20 से ज्यादा लड़कियों (नाबालिग शामिल) के रेप और यौन शोषण का आरोप था। कहा गया कि वो लड़कियों के हॉस्टल में जाकर पीड़ितों के साथ गलत करता था। मामले का खुलासा कुछ पीड़ित लड़कियों की पेट दर्द की शिकायत से हुआ। उन्होंने बताया कि आरोप हॉस्टल में आकर उनके साथ गलत काम करता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी को थाने लाया गया था। तभी सैकड़ों लोगों की भीड़ थाने ने घुस आई और युवक को खींचकर बाहर ले गई और मारपीट की। पुलिस ने बताया कि गंभीर हालत युवक को अस्पताल ले जाया गया था। डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक युवक एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करता था।

# जस्टिस वर्मा का हटना लगभग तय

### लोकसभा में आएगा प्रस्ताव, सांसदों के कराए जा रहे साइन, 21 से होगा मानसून सत्र शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए 100 सांसदों के साइन जरूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए केंद्र सरकार ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए लोकसभा सांसदों के साइन जुटाए जा रहे हैं।

एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कई सांसदों के दस्तखत लिए जा चुके हैं। इससे संकेत मिल रहा है कि प्रस्ताव लोकसभा में लाया जा सकता है। लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के साइन जरूरी होते हैं। वहीं, राज्यसभा में यह संख्या 50 सांसदों की होती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही कह चुके हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में लाया जाएगा। जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च की रात आग लग गई थी। यहां से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं। दिल्ली हाईकोर्ट से उनका ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, उन्हें किसी भी तरह का न्यायिक कार्य सौंपने पर रोक है।

# वकील ईमानदारी व मानसिक स्वास्थ्य समावेशिता को बनाए रखें: सीजेआई



■ कहा: कानूनी पेशा चुनौती के साथ-साथ नेक व महत्वपूर्ण पेशा

**हैदराबाद।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने कानूनी बिरादरी से ईमानदारी बनाए रखने, बुनियादी सिद्धांतों पर अडिग रहने और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

न्यायमूर्ति गवई ने शनिवार को यहां नालसार विधि विश्वविद्यालय के 22वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने 1998 में स्थापना के बाद से नालसार की यात्रा की प्रशंसा करते हुए संस्थान को दक्षिण एशिया में विधिक विद्वत्ता का एक प्रकाश स्तंभ बताया। न्यायमूर्ति गवई ने कानूनी पेशे की चुनौतियों के बारे में कहा कि यह नेक और महत्वपूर्ण पेशा है, लेकिन कभी आसान नहीं होता। आप अक्सर खुद से सवाल करेंगे और दबावों का सामना करेंगे, लेकिन आपका विश्वास, दृढ़ता और दृढ़निश्चयी रवैया आपको आगे बढ़ने में मदद करेगा। मानसिक स्वास्थ्य के अक्सर नज़रअंदाज़ किए जाने वाले मुद्दे पर उन्होंने इसे कानूनी दुनिया में बने रहने की एक ज़रूरी रणनीति बताया।

# ड्रीमलाइनर हादसा: चंद सेकंड की बेबसी और कम ऊंचाई बनी 271 मौतों का कारण

### पायलटों ने इंजन चालू किया, मात्र 625 फीट की ऊंचाई की वजह से हुआ क्रैश: रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**खुलासा**

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की अहमदाबाद विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि उड़ान संख्या 171 के लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ क्षण बाद ऊंचाई खो रहे उस विमान के एक पायलट ने देखा कि कॉकपिट में लगे ईंधन वाले दोनों स्विच बंद है।

पायलटों ने स्विच चालू कर दिए थे, लेकिन समय इतना कम था और विमान इतना नीचे गया था कि वह फिर ऊपर उठ नहीं पाया और नीचे एक छात्रावास से टकरा गया। दुर्घटना के एक माह बाद जारी एजेंसी भारतीय वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के अनुसार कॉकपिट संभाल रहे दोनों पायलटों में एक ने उन क्षणों में कहा था कि 'तुमने कट ऑफ क्यों किया', इस पर दूसरे का जवाब था- ' मैंने नहीं किया'! इस संवाद के बाद कुछ ही पल में -शेष पृष्ठ दो पर



## जांच में सहयोग जारी रहेगा: बोइंग

**नई दिल्ली।** अमेरिका की विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग ने शनिवार को कहा कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए चल रही जांच में मदद कर रही है और यह सहयोग जारी रहेगा। विमान विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि वैश्विक विमानन उद्योग के स्थापित नियमों के अंतर्गत उसने फिलहाल जांच का काम भारत के विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) पर छोड़ रखा है, जो इस समय मुख्य जांच एजेंसी है।

## आरोप: पायलट की गलती साबित करने की हड़बड़ी

■ पायलट्स एसोसिएशन का दावा: रिपोर्ट लीक करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के एआई171 पर विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट पर एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कई सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

एसोसिएशन ने कहा कि जांच का लहजा और जांच की दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत दे रही है। हम इस धारणा को पूरी तरह से खारिज करते हैं। हम निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच पर जोर देते हैं। बयान में आरोप लगाया गया कि एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट मीडिया को लीक की गई। एसोसिएशन को इस बात की चिंता है कि प्रारंभिक एएआईबी रिपोर्ट बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर या जानकारी के मीडिया के साथ साझा की गई।

# कांवड़ मार्ग पर QR कोड दिखाने के फरमान को SC में चुनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को मालिकों की जानकारी हासिल करने के लिए कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस वर्ष 'कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से नौ अगस्त के बीच निर्धारित है। प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस रिट याचिका में दलील देते हुए कहा गया है कि निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ है। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है। उन्होंने अपनी याचिका में कुछ मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों को क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है, जो ग्राहकों को स्वामित्व संबंधी जानकारी हासिल करने की अनुमति देते हैं। प्रो. झा की याचिका में तर्क दिया गया है कि क्यूआर कोड संबंधी निर्देश डिजिटल माध्यमों से असंवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए जानबूझकर शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में कहा कि जब तक यह अदालत प्रतिवादियों को इस अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन को जारी रखने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी नहीं करती, तब तक प्रभावित विक्रेताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के मौलिक अधिकारों को अपूरणीय क्षति पहुंचने का गंभीर और खतरा मंडराता रहेगा।



# उप्र: चित्रकूट में बाढ़, सड़कों पर तीन से पांच फीट पानी

■ हिमाचल में लैंडस्लाइड, 250 सड़कें बंद

**नई दिल्ली।** उप्र के चित्रकूट में तेज बारिश जारी है। यहां मंदाकिनी नदी उफान पर है। तेज बारिश के कारण सड़कों पर 3 से 5 फीट तक पानी भर गया है।

ड्रोन फुटेज में शहर के मुख्य इलाकों में केवल पानी ही पानी नजर आ रहा है। यहां रामघाट पर बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। 30 फीट ऊंचा फुट ओवर ब्रिज डूब चुका है। घर, स्कूल, मंदिर, होटल, घाट, दुकानें, पुल सब पानी में डूबे हुए हैं। कानपुर में तेज बारिश से रेलवे ट्रैक धंस गया। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के पंडोह डैम के पास कैंची मोड़ पर लैंडस्लाइड हुआ। चंडीगढ़- मनाली नेशनल हाईवे दोनों ओर से बंद हो गया।

## राहुल की ब्रिटिश नागरिकता पर पुनर्विचार याचिका दाखिल

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में शुक्रवार को एक पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है। याची एस. विग्नेश शिशिर के अनुसार उन्होंने शुक्रवार को उक्त पुनर्विचार याचिका दाखिल की है, जिसमें लंदन, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के वीडियो सहित अन्य साक्ष्य भी दाखिल किए हैं।

# दिल्ली में इमारत गिरी, दो लोगों की मौत, आठ घायल

■ मरने वाले दोनों पति-पत्नी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वेलकम इलाके में एक इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वेलकम थाने की पुलिस को एक चार मंजिला इमारत गिरने की सूचना मिली। पुलिस के साथ दमकल कर्मी और अन्य एजेंसी के कर्मी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल से आठ घायल लोगों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से सात लोगों को जेपीसी अस्पताल में जबकि एक को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान मतलूब (50) और उसकी पत्नी राबिया (46) के रूप में हुई है।

# इसरो के मानव अंतरिक्ष अभियान की तैयारी तेज

चेन्नई, वार्ता

■ गगनयान की उड़ान के लिए इंजन तैयार, मिशन एबार्ट का परीक्षण सफल



**भारतीय अंतरिक्ष** अनुसंधान संगठन (इसरो) ने योग्यता परीक्षण कार्यक्रम के पूरा होने के साथ ही गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का विकास सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

एसएम आधारित मिशन निरस्तीकरण की उड़ान ऑफ- नॉमिनल मिशन प्रोफ़ाइल के लिए एसएमपीएस के एकीकृत प्रदर्शन को मान्य करने के लिए 350 सेकंड के लिए एसएमपीएस का पूर्ण अवधि का हॉट टेस्ट 11 जुलाई को किया गया। इसरो ने शनिवार को बताया कि हॉट टेस्ट के दौरान प्रणोदन प्रणाली का समग्र प्रदर्शन पूर्व-परीक्षण पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य था। गगनयान का सर्विस मॉड्यूल (एसएम) एक विनियमित द्वि-प्रणोदक आधारित प्रणोदन प्रणाली है, जो आरोहण चरण के दौरान कक्षा वृत्ताकारीकरण, ऑन-ऑर्बिट नियंत्रण, डी-बूस्ट पैंतरेबाज़ी और सर्विस मॉड्यूल आधारित निरस्तीकरण के लिए कक्षीय मॉड्यूल की आवश्यकताओं को पूरा करता है। द्रव अपोजी मोटर (एलएएम) इंजन कक्षा वृत्ताकारीकरण और डी-बूस्ट चरणों के दौरान मुख्य प्रणोदक बल प्रदान करते हैं, जबकि प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) थ्रस्टर्स सटीक रवैया नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम के द्रव परिपथ का अनुकरण करते हुए एक सिस्टम प्रदर्शन मॉडल (एसडीएम) परीक्षण केंद्र तैयार किया गया, जिसमें प्रणोदक टैंक फीड सिस्टम, हीलियम दाब प्रणाली, उड़ान-योग्य थ्रस्टर्स और नियंत्रण घटक शामिल हैं।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है।
इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं।
इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं।
यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- आंखे पथराना
- मुट्ठियां कसना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- मुंह से झाग निकलना
- अचानक झटका-सा लगना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- घें-घें-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S.(U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S.(U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पुर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पुर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो. : 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# शिक्षिका आयशा खातून निलंबित

## शिक्षामित्र नुसरत जहां का ट्रांसफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के मौहल्ला पतियापाड़ा स्थित कंपॉजिट विद्यालय में विद्यालय इंचार्ज व एक शिक्षा मित्र महिला अध्यापक के मध्य आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था।

मामला ज्यादा गरमाने के कारण संबंधित अधिकारियों ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर तुरंत एक्शन लेते हुए विद्यालय की इंचार्ज महिला शिक्षक आयशा खातून को निलंबित कर दिया। जबकि महिला शिक्षामित्र नुसरत जहां का ट्रांसफर सिटी के दूसरे स्कूल में कर दिया है। अधिकारियों द्वारा की गई। पत्रांक /बेसिक / 11 292-95/2025/2026 नौ जुलाई के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बिजनौर के आदेश अनुसार इस त्वरित कार्यवाही के मध्यनजर अन्य विद्यालयों में हड़कंप सा मच गया है। गौरतलब है कि कंपोजिट विद्यालय की शिक्षामित्र अध्यापिका ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए विद्यालय में बच्चों से विद्यालय के शौचायलयों की साफ सफाई कराने एवं हिंदू बच्चों का एडमिशन नहीं करने साथ ही विरोध करने पर शिक्षामित्र के साथ मारपीट करने व अभद्र व्यवहार करने का आरोप स्कूल की इंचार्ज अध्यापिका आयशा खातून पर लगाया था। आठ जुलाई को इस मामले ने तूल पकड़ लिया।

उधर इंचार्ज अध्यापिका आयशा खातून ने भी स्कूल में शिक्षामित्र नुसरत जहां पर सरकारी कागजों के फाड़ने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। जिला एवं ब्लॉक स्तर के शिक्षा विभाग अधिकारियों द्वारा मामले की जांच के दौरान विद्यालय की इंचार्ज अध्यापिका आयशा खातून पर गाज गिरने की खबर से अन्य विद्यालयों में हड़कंप सा मच गया है। शिक्षा मित्र नुसरत ने स्कूल इंचार्ज आयशा पर मारपीट करने और स्कूल में बच्चों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाकर खण्ड शिक्षा अधिकारी व थाना चांदपुर में शिकायत करते हुए अपनी जान की सुरक्षा की गुहार लगाई थी। शिक्षा मित्र नुसरत जहां ने दिए शिकायती पत्र में गंभीर आरोप लगाए थे कि शिक्षिका आयशा हिन्दू बच्चों के एडमिशन नहीं लेती और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करती है। विभागीय जांच करने जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय पहुंचकर जांच शुरू कर दी थी। जांच में लगाए गए आरोपों की पुष्टि करते हुए इनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए निलंबित कर दिया गया। विभाग की जांच में आयशा खातून पर कई गंभीर आरोप है। एक ही समुदाय के बच्चों का स्कूल में एडमिशन लेना, बच्चों को शिक्षा नहीं देकर आपसी राजनीति करके स्कूल के वातावरण को खराब करना, सहायक शिक्षा मित्र, सरकारी कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार आदि दर्जन भर आरोप की जांच में आयशा खातून पर गाज गिरी हैं। विद्यालय की इंचार्ज आयशा खातून को निलंबित और शिक्षा मित्र नुसरत जहां का तबादला प्राथमिक विद्यालय कायस्थान में कर दिया गया है। इस कार्यवाही को लेकर अन्य विद्यालयों में शिथिलता बरतने वाले अध्यापकों, अध्यापिकाओं में हड़कंप सा मचा हुआ है।

# लोकतंत्र की हत्या नहीं सहेगा देश : इमरान मसूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका के चेयरमैन फैसल वारसी के खिलाफ हुई एकतरफा कार्यवाही पर सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद ने कड़ा ऐतराज जताया है। सांसद ने इस पूरे घटनाक्रम को लोकतंत्र पर हमला बताया है और सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

ज्ञात हो कि चेयरमैन फैसल वारसी को प्रधानमंत्री द्वारा नगर पालि. का को 15 लाख रुपये दिलाने के पूर्व वादे की याद दिलाने पर कथित रूप से पूरी रात थाने में बैठाकर उन पर शांति भंग की धाराओं में चालान किया गया। इस घटना को लेकर जनमानस में गहरा रोष है। सांसद इमरान मसूद ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज के माध्यम से तीखी प्रतिक्रिया दी और लिखा अगर प्रधानमंत्री जी से किया गया वादा याद दिलाना ही अपराध है तो यह बेहद चिंताजनक है। यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है। क्या सरकार अब विपक्ष की आवाज को पुलिस प्रशासन के बल पर दबाना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष का कर्तव्य है कि वह जनता की आवाज को उठाए और लोकतंत्र की मूल भावना की रक्षा करे। सरकारें आती जाती रहती हैं लेकिन लोकतंत्र के सिद्धांत और जनता के अधिकार स्थायी होते हैं। विपक्ष अन्याय के खिलाफ डटकर खड़ा रहेगा। उन्होंने दो टूक कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से आगे पता चला कि इस तरह किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि को पूरी रात थाने में बैठाए रखना बेहद निंदनीय है। मैं इसका कड़ा विरोध करता हूँ और यह आवाज संसद से सड़क तक उठाई जाएगी। सांसद की इस प्रतिक्रिया के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। वहीं चेयरमैन फैसल वारसी के समर्थन में कई सामाजिक संगठनों और चेयरमैन संघ ने भी मोर्चा खोल दिया है। इस घटनाक्रम से यह स्पष्ट हो गया है कि विपक्ष अब सरकार की कार्यशैली पर खुलकर सवाल उठाने को तैयार है। देखना यह है कि प्रशासन और शासन की ओर से इस पूरे मामले में क्या प्रतिक्रिया सामने आती है।

# विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली

## स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह के दिशा-निर्देश में एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शरण कुमार, डीपीएम मौहम्मद फारूक अजीज और जिला अर्बन कोऑर्डिनेटर नितिन गौड़ के सहयोग से 12 जुलाई को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा द्वारा विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा (11 जुलाई से 18 जुलाई तक) के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता रैली और स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया।

यह आयोजन विशेष रूप से स्योहारा नगर के स्लम क्षेत्रों में किया गया, जिसमें परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों की जानकारी दी गई। रैली के माध्यम से आम जनमानस को दो बच्चों के बीच अंतर रखने के महत्व को समझाया गया। कैंप में अंतरा इंजेक्शन, कंडोम, आईयूसीडी और गर्भनिरोधक गोलियों के सही उपयोग की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विशेष रूप से पुरुषों की भागीदारी को लेकर भी जागरूकता बढ़ाई गई। पुरुष नसबंदी की प्रक्रिया उसके लाभ और तीन हजार की सरकारी प्रोत्साहन राशि की जानकारी भी साझा की गई। उपस्थित टीम ने बताया कि यह प्रक्रिया सुरक्षित है और बहुत ही कम समय में पूरी की जा सकती है। कार्यक्रम में जिला लॉजिस्टिक फैमिली प्लानिंग मैनेजर रहमत अली, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीनाक्षी सिसौदिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) पुष्पा रानी, वार्ड मेंबर सत्येंद्र सैनी, फार्मासिस्ट दीपक कुमार, स्टाफ नर्स ममता रानी, विक्की वर्मा, कल्पना, उमेश सिंह और पीएसआई इंडिया टीम से मांगे राम व कविता रानी आदि मौजूद रहे। लोगों को जागरूक करने हेतु मौके पर पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें परिवार नियोजन के सभी साधनों की विस्तृत जानकारी दी गई थी।

# छात्र-छात्राओं को ड्रेस किट वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** एसपी ग्रुप ऑफ कॉलेज में आयोजित प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत एक कार्यक्रम में कॉलेज की 240 छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें ड्रेस किट वितरित की गई। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को हेल्थ केयर एण्ड कम्प्यूटर हार्डवेयर कोर्सेस के माध्यम से ड्रेस किट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एक बेहतर योजना है। इसमें छात्र-छात्राओं को भी लाभांवित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से इसके लाभों के बारे में विस्तार से बताते कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी ने इस योजना से बच्चों को लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम में जितेन्द्र सिंह, कपिल शर्मा, विपिन कुमार, इरफान अहमद के साथ साथ कॉलेज के समस्त प्रवक्तागणों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का सफल संचालन सलीम अहमद ने किया। कार्यक्रम में प्रबंधक की ओर से राहुल बंसल ने भी इस योजना के बारे में अपने विचार व्यक्त किये तथा लाभांवित हुए छात्र-छात्राओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

# चांद चौधरी जिला सचिव मनोनीत

## कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सहसपुर से कांग्रेस के कद्दावर और जमीनी नेता चांद चौधरी को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए जिला सचिव पद पर मनोनीत किया है।

यह नियुक्ति उनके वर्षों की निष्ठा मेहनत और पार्टी के प्रति समर्पण का परिणाम मानी जा रही है। पार्टी हाईकमान द्वारा मिले इस सम्मान से न सिर्फ उनके राजनीतिक कद में इजाफा हुआ है, बल्कि स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भी हर्ष का वातावरण बन गया है। इस अवसर पर चांद चौधरी ने पार्टी नेतृत्व विशेषकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय तथा जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह का आभार जताते हुए कहा कि यह सिर्फ पद नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है। जिसे मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाऊंगा मेरा उद्देश्य सदैव पार्टी को मजबूत बनाना और जनआंदोलनों से कांग्रेस की ताकत को ग्राम-ग्राम तक पहुंचाना रहेगा। चांद चौधरी कांग्रेस पार्टी के उन चुनिंदा नेताओं में से हैं। जो पिछले दो दशकों से संगठन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। चाहे पार्टी का कोई जन आंदोलन हो, संगठनात्मक बैठक हो या कोई संघर्ष चांद चौधरी की उपस्थिति ने हर बार यह सिद्ध किया है कि वे सिर्फ नाम के नेता नहीं, बल्कि एक सच्चे सिपाही हैं। उन्होंने कई बार विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी के झंडे को बुलंद रखा है। जिला सचिव बनने की खबर मिलते ही क्षेत्र में उनके समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह मिठाइयां बांटी गईं। बधाई संदेशों का तांता लग गया और लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी उनके मनोनयन को एक सार्थक और दूरदर्शी निर्णय बताया है जो संगठन को नए सिरे से ऊर्जा देगा। चांद चौधरी की सादगी मिलनसार स्वभाव और कार्यकर्ताओं से जुड़ाव उन्हें एक अलग पहचान दिलाता है। यह नियुक्ति न सिर्फ चांद चौधरी के राजनीतिक जीवन का अहम मोड़ है। बल्कि सहसपुर क्षेत्र में कांग्रेस के लिए एक नई उम्मीद की किरण भी बन सकती है।

अब देखना यह है कि इस नई जिम्मेदारी को वह कैसे निभाते हैं और जिले में कांग्रेस को किस ऊंचाई तक ले जाते हैं।

# छात्रों को नि:शुल्क दी गईं पुस्तकें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सर सय्यद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में प्रबंधन समिति की ओर से निर्धन बच्चों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं।

मिली जानकारी के अनुसार सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल नगीना में पिछले 30 वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी निर्धन और जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 12 जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य इफरा परवीन और व्यवस्थापक खालिद नौमानी ने संयुक्त रूप से बच्चों को नि:शुल्क स्कूली पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं। विद्यालय व्यवस्थापक खालिद नौमानी ने नगर वासियों से अपील की है कि यदि उनके आसपास अनाथ या गरीब बच्चे हैं, जिनके पास पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं है, तो वे 15 जुलाई तक विद्यालय में संपर्क करें। ऐसे बच्चों को नि:शुल्क प्रवेश और शिक्षा के साथ-साथ पाठ्यपुस्तकें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य अनाथ और गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। यह आयोजन सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल की सामाजिक जिम्मेदारी और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

## विद्युत मीटर रीडर से मारपीट का मामला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम फुलसंदा विद्युत उपकेंद्र से घर लौट रहे विद्युत मीटर रीडर के साथ तीन बाइक सवार सगे भाइयों द्वारा मारपीट करने के मामले में ग्रामीणों ने शनिवार को सीओ से मिलकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके कार्रवाई शुरू कर दी है

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम तकीपुरा निवासी विपिन पुत्र प्रमोद कुमार फुलसन्दा विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत एक नीजि कंपनी की ओर से विद्युत मीटर रीडर के रूप में कार्य करता है। शुक्रवार की रात को करीब साढ़े आठ बजे विद्युत उपकेंद्र फुलसंदा से अपनी मोटरसाइकिल से अपने घर तकीपुरा वापस आ रहा था। आरोप है कि तीन युवकों ने पुरानी रंजिश के तहत नवादा चौहान पहुंचने पर जान से मारने की नीयत से सिर में डंडा मार दिया तथा अंकुश उर्फ सना, निरंकार, ज्ञानेन्द्र पुत्रगण राकेश कुमार निवासी ग्राम तकीपुरा ने लात घुसे से मारना शुरू कर दिया। इसी दौरान ग्राम के आसपास के लोग मौके पर आ गए तथा जान से मारने की धमकी देते हुए तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोप है कि पीड़ित परिवार पर यह पूर्व में भी कई बार हमला कर चुके हैं। साथ ही इस मामले का परिजनों को पता लगने पर परिजन व ग्रामीण घायल अवस्था में विपिन को थाने लेकर आए। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की तथा आरोप है कि गांव के दूसरे पक्ष के लोग कई बार हमला कर चुके हैं। यह हमला जान से मारने की नियत से पांच वीं वार किया है तथा हर हमले की पुलिस को तहरीर दी जाती है। जबकि पुलिस द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जाती है और उन्हें उल्टा धमका दिया जाता है। इस बार तो चुड़िया पहन लो या गोली मार दो तब थाने आओ की बात कही गई। इस मामले में कार्रवाई न होने पर पुलिस से नोकझोंक हुई तथा कार्रवाई न होने पर वह अपने गंतव्य को चले गए।

इस मामले को लेकर उन्होंने शनिवार को सीओ धामपुर को मामले से अवगत कराया। जिस पर सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिस पर पुलिस ने घायल विपिन पुत्र प्रमोद कुमार की तहरीर पर अंकुश उर्फ सना, निरंकार, ज्ञानेन्द्र पुत्रगण राकेश कुमार निवासी तकीपुरा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि विपिन कुमार की तहरीर पर ग्राम तकीपुरा निवासी अंकुश उर्फ सना, निरंकार, जानेन्द्र के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा ग्रामीणों द्वारा पुलिस पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद है। आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जाएगा।

# शीघ्र जारी होगी ऑफलाइन ट्रांसफर सूची

## धरने में उमड़ी शिक्षकों की भीड़, शिक्षा निदेशक ने दिया लिखित आश्वासन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** माध्यमिक शिक्षा निदेशक के शिविर कार्यालय लखनऊ पर आयोजित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के एक दिवसीय धरने में ऑफलाइन ट्रांसफर सूची जारी न करने से आक्रोशित शिक्षकों के धरने में उमड़ी अपार भीड़ को देखकर शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने शीघ्र ही ट्रांसफर सूची जारी करने का आश्वासन दिया।

लखनऊ में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की ओर से एक दिवसीय धरने का आयोजन शिक्षा परिषद के कार्यलय पर किया गया था। धरने में बिजनौर के जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार संरक्षक विनेश त्यागी भी प्रतिभाग करने लखनऊ पहुंचे थे। धरने से लौटने पर पदाधिकारियों ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की धरने में प्रदेश के 1500 से अधिक ऐसे शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित हुए थे। जिन्होंने ऑफलाइन ट्रांसफर की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली है। फिर भी उनके स्थानांतरण की सूची जारी नहीं हो रही है। धरने को संबोधित करते हुए संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी ने पीड़ित शिक्षकों की वेदना को प्रकट करते हुए शासन तथा प्रशासन से शीघ्र ट्रांसफर सूची जारी करने की अपील की थी। साथ ही सूची जारी न होने की दशा में निरंतर धरना जारी रखने की चेतावनी भी मंच से त्रिपाठी के द्वारा दी गई थी। इसके अतिरिक्त विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने भी कड़े शब्दों में शिक्षा विभाग प्रशासन की कार्यशैली की आलोचना करते हुए एवं पीड़ित शिक्षकों की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए शीघ्र ट्रांसफर सूची जारी करने की मांग की थी। धरना स्थल पर पहुंचे शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने कहा कि स्थानांतरण संबंधी शासनादेश में विभागीय मंत्री का पूर्व अनुमोदन लेना अनिवार्य है। किंतु शिक्षा मंत्री के अस्पताल में होने के कारण विलंब हो रहा है। उन्होंने लिखित आश्वासन दिया कि शिक्षा मंत्री के स्वस्थ होते ही उक्त प्रकरण को निस्तारित कर सूचि जारी की जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अहमदाबाद विमान....**

सब कुछ समाप्त हो गया था। यहां 'कट ऑफ' से मतलब विमान के दोनों इंजनों को ईंधन की आपूर्ति करने वाली प्रणाली को चालू और बंद करने के लिए कॉकपिट में लगे दोनों स्विच बंद होने से था। पहले पायलट के प्रश्न के उत्तर में दूसरे का कहना था कि उसने स्विच बंद नहीं किए थे।

एएबीआई की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार पायलटों ने विमान को बचाने का बहादुरी से प्रयास किया। ईंधन कटौती के 10-14 सेकंड के भीतर, उन्होंने दोनों ईंधन स्विच को वापस 'रन' की स्थिति में किया। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि विमान के दोनों इंजनों ने स्वचालित रूप से पुनः आरंभ करना शुरू कर दिया, इंजन 1 में सुधार के संकेत दिखाई दिए और इंजन 2 के फिर से प्रज्वलित होने की प्रकिया होने लगी थी, लेकिन अपर्याप्त समय और कम ऊंचाई के कारण विमान को टक्कर से नहीं बचाया जा सका। रिपोर्ट का कहना है कि जब विमान के इंजनों ने काम करना बंद किया था उस समय वह केवल 625 फुट ऊपर था और इंजन पुनः आरंभ करने की प्रक्रिया में 29 सेकंड से कहीं अधिक समय लगता था। आज के जेट इंजन उड़ान के दौरान पुनः चालू हो जाते हैं, लेकिन इसमें कई मिनट लग जाते हैं और इसके लिए विमान अधिक ऊंचाई पर होना चाहिए। अंतरिम जांच रिपोर्ट के अनुसार गत 12 जून को अहमदाबाद से उड़े बोइंग बी787-8 ड्रीमला. इनर विमान ने पूरी गति और शक्ति से हवाई पट्टी से उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही क्षण में ही विमान के दोनों इंजनों को तेल मिलना बंद हो गया था और तेल न मिलने से विमान तेजी से ऊंचाई खोने लगा और एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास भवन से जा टकराया। रिपोर्ट के अनुसार ईंधन प्रणाली के दोनों स्विच सेकंड भर के अंतर में बंद हुए थे। इस दुर्घटना में विमान के यात्री को छोड़ कर चालक दल सहित उसमें बैठे सभी व्यक्तियों और छात्रावास भवन के कुछ लोगों सहित 271 लोगों की मौत हो गई थी। इस रिपोर्ट के आने के तुरंत बाद अमेरिका विमान विनिर्माता बोइंग ने एक बयान में कहा कि वह जांच में सहयोग जारी रखेगी। एएआईबी की 15 पृष्ठ की इस रिपोर्ट में उड़ान भरने के 90 सेकंड के समय के भयावह घटनाक्रम का विवरण प्रस्तुत है, जो उसके ब्लैक बॉक्स के रिकॉर्ड की जांच से सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक विमान के शुरू में ऊंचाई पकड़ने के बाद दोनों इंजन अप्रत्याशित रूप से बंद हो गए, जिससे विमान को इंजन से मिलने वाला प्रणोदक बल बहुत कम हो गया और विमान तेज़ी से नीचे आने लगा। ब्यूरो ने कहा है कि डाउनलोड किए गए उड़ान डेटा में लगभग 49 घंटे का उड़ान डेटा और छह उड़ानों की जानक. ारी शामिल थीं, जिनमें घटना वाली उड़ान भी शामिल थी। प्राप्त ऑडियो दो घंटे लंबा था और उसमें पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। विमान के एन्हांस्ड एयरबोर्न फ्लाइट रिकॉर्डर (ईएआरएफ) के डाटा के विश्लेषण से पता चला कि दोनों इंजनों के ईंधन कटऑफ में लगे स्विच विमान के उड़ने के कुछ ही क्षणों बाद, एक सेकंड के अंतराल पर, अनजाने में 'रन' (चालू) से कट-ऑफ (बंद मोड) पर चले गए थे। एक पायलट को दूसरे से पूछते हुए सुना गया, 'तुमने कटऑफ क्यों किया?' जिस पर जवाब था, 'मैंने नहीं किया।' 'पायलटों ने दोनों ईंधन-स्विच चालू कर दिए थे, लेकिन समय नहीं बचा था, विमान की ऊंचाई भी कम थी।' एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई171 (अहमदाबाद- लंदन) का संच. ालन प्रथम अधिकारी पीएफ (पायलट फ्लाइट) क्लाइव कुंदर और कॉकपिट से उड़ान का प्रबंधन पायलट मॉनिटरिंग (पीएम) कैप्टन सुमित सभरवाल कर रहे थे। उड़ान के दौरान वरिष्ठ कैप्टन उड़ान की निगरानी और प्रबंधन करता है। रिपोर्ट में ईंधन स्विच बंद होने से संबंधित कॉकपिट में हुई बात. चीत का केवल संक्षिप्त विवरण दिया गया है। इसमें यह नहीं बताया गया है कि अमुक बात किसने की। एएआईबी के अनुसार एक पायलट को दूसरे से यह पूछते हुए सुना गया कि तुमने कटौती क्यों की। दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि मैंने ऐसा नहीं किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस विमान (वीटी-एएनबी) के रखरखाव का रिकॉर्ड साफ़-सुथरा था और 2023 से इसके ईंधन नियंत्रण स्विच में कोई खराबी दर्ज नहीं की गई थी। बाराबर इसके सभी आवश्यक निरीक्षण किए जा रहे थे, और विमान विविधिवत उड़ान योग्य प्रमाणित था। इस मामले में हालांकि एक विचारणीय प्रश्न उठ रहा है कि जब अमेरिकी संघीय उड्डयन एजेंसी ने 787 मॉडल सहित बो. इंग विमानों पर ईंधन नियंत्रण स्विच लॉकिंग तंत्र से जुड़ी संभावित समस्याओं के संबंध में विशेष उड़ान योग्यता सूचना बुलेटिन संख्या एनएच-18-33 वर्ष 2018 में जारी किया था, तो उसके संदर्भ में इस विमान को लेकर क्या सावधानी बरती गई। यह बुलेटिन उन रिपोर्टों के बाद जारी किया गया था जिनमें कहा गया था कि बोइंग 737 विमानों पर ईंधन नियंत्रण स्विच बिना लॉकिंग सुविधाओं के लगाए गए थे।

# देश और समाज के खिलाफ अवैध धर्मांतरण गहरी साजिश

# अवैध धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: योगी

**शाह टाइमस ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अवैध धर्मांतरण देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने सरकारी आवास पर श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा के दौरान योगी ने शनिवार को कहा कि कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही हैं। यह समाज को तोड़ने और धार्मिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। ऐसी गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश है। अनुसूचित जाति के लोगों को लालच और भय के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो संविधान और सामाजिक समरसता के खिलाफ है। योगी आदित्यनाथ ने श्री गुरु तेग बहाद. ुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा का सरकारी आवास पर स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने संदेश यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया। यहीं से संदेश यात्रा का शुभारंभ हुआ। संदेश यात्रा लखनऊ से चलकर कानपुर, इटावा, आगरा होकर दिल्ली के चांदनी चौक और शीशगंज गुरुद्वारा तक जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में बलरामपुर में एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें अवैध धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए विदेशों से धन राशि प्राप्त करने वाले एक नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा 35 हजार का जुर्माना भी लगाया

■ 21 अगस्त 2021 को दिया था हत्या को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** हत्या करते समय परिणाम नहीं सोचा कि इस अपराध की सजा जीवन का अंत कर देगी जिसमें न मरोगे बल्कि आजीवन तिल-तिल कर मरना पड़ेगा। वहीं जिंदगी भर के लिए हत्यारे का विशेषण लग जायेगा। अपराधी अपराध करने से पूर्व सोच लें कि इसका परिणाम क्या होगा तो संभवत: अपराध नहीं हो। अपराधी आवेश में आकर अपराध तो कर देता है पर जब विद्वान न्यायाधीश द्वारा सजा सुनाई जाती है तो फिर गिड़गिड़ाता है कि सजा कम कर दो, बच्चे छोटे-छोटे हैं। घर में कमाने वाला कोई नहीं है। यदि यही बातें अपराध करने से पहले सोच ले तो संभवत: अपराध करने से बचा जा सकता है। जिला अदालत ने थाना धनारी क्षेत्र के कीरतपुर गांव में वर्ष 2021 में हुई युवक की हत्या के मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 35,000 रु. का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला न्यायाधीश अजय सिंह यादव की अदालत से सुनाया गया। घटना 21 अगस्त 2021 की है, जब गांव कीरतपुर निवासी अशोक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता ओमपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि गांव का ही बलजीत शराब पीकर तथा हाथ में तमंचा लेकर उनके घर के सामने रास्ते पर घूम रहा था, उन्होंने व उनके पुत्र अशोक ने बालजीत का विरोध किया। इसी बात पर बालजीत रंजिश मानने लगा, 21 अगस्त 2021 की सुबह 11 बजे वह अपने दोनों पुत्र बबलू व अशोक के साथ घर के सामने बैठकर बातचीत कर रहा था। तभी बालजीत हाथ में तमंचा लेकर आया और गाली-गलौंज करने लगा। मना किया तो आरोपी का भाई ज्ञानसिंह व पिता बालिस्टर भी आ गए, तभी बालजीत ने तमंचे से उसके पुत्र अशोक के सीने में गोली मार दी। अशोक को बहजोई सीएचसी लेकर पहुंचे परंतु चिकित्सक ने उसे संभल रेफर कर दिया जहां संभल ले जाते समय अशोक की मौत हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर बालजीत, ज्ञानसिंह व बालिस्टर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया। मुकदमा की सुनवाई जनपद न्यायाधीश दुर्ग नारायण सिंह के न्यायालय में हुई।

जिला शासकीय अधिवक्ता राहुल दीक्षित ने अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी की तथा बताया न्यायालय ने अभियुक्त बालजीत को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 35 हजार रु. के अर्थदंड से दंडित किया है।

## मैनाठेर थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मैनाठेर।** थाना मैनाठेर क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर रोज कहीं न कहीं चोरी की वारदातें सामने आ रही हैं, जिससे ग्रामीणों और किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हो चले हैं कि किसान रातभर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं, फिर भी चोर अपने इरादों में कामयाब हो रहे हैं। ताजा मामला मैनाठेर थाना क्षेत्र के सुंद. रपुर और सूरजपुर कल्याण गांव का है, जहां देर रात शातिर चोरों ने सात किसानों के ट्यूबवेल को निशाना बनाया। चोर ट्यूबवेल के शटरों का ताला तोड़कर अंदर रखे स्टार्टर, मोटी केबिल और पाइप लाइन समेत अन्य कीमती सामान उड़ा ले गए। घटना का पता सुबह उस वक्त चला, जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे। ब्रजमोहन एडवोकेट पुत्र शंकर सिंह निवासी सुंद. रपुर ने बताया कि रात में चोरों ने एक साथ सात ट्यूबवेलों को निशाना बनाया। शटर के ताले टूटे पड़े थे और अंदर रखा सारा सामान गायब मिला। चोरी गए सामान की कीमत हजारों में बताई जा रही है। पीड़ित किसानों मोनू पुत्र दिनेश, अमृत गिरी और गुनगुन ने बताया कि वे छोटे किसान हैं। बड़ी मुश्किल से कर्ज लेकर ट्यूबवेल लगवाए थे ताकि सिंचाई का इंतजाम हो सके, लेकिन अब लगातार हो रही चोरियों से उनकी कमर टूट गई है। किसानो का आरोप है कि वे कई बार थाने में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। किसानों का कहना है कि जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक ने साफ निर्देश दिए हैं कि अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए, तो फिर मैनाठेर थाना क्षेत्र में अपराधियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? ग्रामीणों ने मैनाठेर थाने में शिकायती पत्र देते हुए चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द पुलिस प्रशासन ने चोरियों पर अंकुश नहीं लगाया, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## एक नजर

### सावन में चार सोमवार, 15 व्रत, हरियाली तीज, नाग पंचमी आदि त्योहार: सावन की 'पूर्ण आहुति रक्षाबंधन' से होगी

**कांठ।** आषाढ़ की पूर्णिमा के साथ शुक्रवार से सावन की शुरुआत हो गई। सावन के 30 दिनों में चार सोमवार के अलावा 15 व्रत और त्योहार पड़ेंगे। 29 को नागपंचमी पड़ेगी जबकि सावन की पूर्णाहुति रक्षाबंधन से होगी।शिव की आराधना के साथ नागदेवता और हरियाली तीज की पूजा की जाएगी सावन मास की उत्पत्ति श्रवण नक्षत्र से हुई है। इस नक्षत्र के स्वामी चंद्रमा हैं जो भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान हैं।

बारहों ज्योतिर्लिंग में प्रथम आदिविशेश्वर ज्योतिर्लिंग काशी में विरा. जमान है। सावन के चार सोमवार 14, 21, 28 जुलाई और चार अगस्त को पड़ रहे हैं। सावन में प्रमुख रूप से हरियाली तीज 27 जुलाई, 29 को नागपंचमी है। 31 जुलाई को गोस्वामी तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद की जयंती है। नौ अगस्त को रक्षाबंधन और श्रावणी कर्म एक ही दिन पड़ रहा है। भादो मास में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार पड़ेगा। 16 जुलाई को कर्क संक्रांति, 17 को कालाष्टमी, 22 को भौम प्रदोष व्रत, 23 को मास शिवरात्रि, 24 को हरियाली अमावस्या, 26 को स्वामी करपात्री जयंती, 27 को हरियाली तीज, पांच अगस्त को श्रावण पुत्रदा एकादशी, छह को बुध प्रदोष व्रत, नौ अगस्त को रक्षाबंधन और श्रावणी कर्म है।

### उमरी कला में हाजी उस्मान अली के आह्वान पर बिजली विभाग ने खराब हुए दो ट्रांसफार्मर बदले



**कांठ।** सनगर पंचायत उमरी कला में काफी समय से खराब पड़े 160 केवीए और बारिश की वजह से खराब हुए बिद्दशाह वार्ड के ट्रांसफार्मर को चेयरमैन हाजी उस्मान अली के आहवान पर बिजली विभाग द्वारा बदलवा दिया गया है। इससे जनता ने राहत की सांस ली है। बिजली विभाग द्वारा लाए गए नए ट्रांसफार्मर को नगर पंचायत को सुपुर्द किया गया और खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग को सौंप दिया गया है। बिजली के ना होने की परेशानी से जूझ रहे वार्ड के लोगो ने हाजी उस्मान अली का शुक्रिया अदा किया।चेयरमैन हाजी उस्मान अली ने विधुत विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

### तहसीलदार ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण



**कांठ।** कावड़ यात्रा के दौरान आज तहसीलदार अंजली सिंह ने कावड़ मार्ग का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। अंजली सिंह आज सलेमपुर स्थित पुलिस चौकी पर पहुंची और वहां की व्यवस्था का उन्होंने जायज लिया। इसके बाद उन्होंने जगह-जगह लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों के बारे में जानकारी की सड़कों पर जल भराव और टूटी सड़कों पर उन्होंने फोकस किया। और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए कांवड़ियो की सुरक्षा के लिए पुलिस भी जगह-जगह तैनात दिखाई दी।

## थाना समाधान दिवस में अधिकारियों नेकराया समस्याओं का निस्तारण



**कांठ।** थाना समाधान दिवस का आयोजन आज सर्कल के थाना छजलैट और कांठ में किया गया जिसमें पहुंचे अधिकारियों ने लोगों की शिकायतो को सुना और उनका निस्तारण कराने के निर्देश दिए समाधान दिवस में क्षेत्र के लोगों ने डोल चकरोड एवं अन्य मामलों से संबंधित शिकायतों को दर्ज कराया जिनमें कुछ का मौके पर निस्तारण कराया गया और बाकी शिकायतों के निस्तारण को एक सप्ताह का समय दिया गया। समाधान दिवस में एसडीएम संत दास पवार थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह नायब तहसीलदार योगेश शर्मा एसएसआई सुभाष धनखड़ लेखपाल और कानून गो मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में शिकायतें रहीं कम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को जनपद में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कोतवाली चंदौसी में आयोजित समाधान दिवस में इंस्पेक्टर मोहित कुमार ने पहुंची शिकायतों को सुना और संबंधित विभागों को समाधान के निर्देश दिए। हालांकि समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ताओं की उपस्थिति नगण्य रही जिससे प्रशासनिक प्रयासों की सार्थकता पर सवाल खड़े हो गए हैं। जहां तहसील स्तर पर आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिलती है, वहीं थाना स्तर पर शिकायतों की संख्या में कमी बनी हुई है। जबकि थाना समाधान दिवस में भी राजस्व विभाग की टीम, लेखपाल और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहते हैं। कोतवाली परिसर में इंस्पेक्टर क्राइम विनीत कुमार, लेखपाल बाबूराम, दानवीर सिंह, अनुराधा शर्मा और वरुण कुमार आदि मौजूद रहे। सभी ने अपने-अपने स्तर पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण करने का प्रयास किया। इसी क्रम में थाना बनियाठेर में आयोजित समाधान दिवस में एक मुस्लिम युवती ने गंभीर आरोप लगाए। युवती ने बताया कि वह गाजियाबाद निवासी है और एक युवक के साथ प्रेम विवाह किया था। दोनों गाजियाबाद की एक फैक्ट्री में साथ काम करते थे। युवती ने युवक को अपने खाते से डेढ़ लाख रुपये भी ट्रांसफर किए थे। कुछ समय साथ रहने के बाद युवक ने उसे छोड़ दिया। जब विवाह की पुष्टि हेतु चंदौसी उपनिबंधक कार्यालय से जानकारी ली गई तो कोई वैध विवाह प्रमाणपत्र नहीं मिला। बताया गया कि करीब 15 दिन पहले युवती ने चंदौसी कोतवाली में भी यही शिकायत दर्ज कराई थी, जहां से उसे थाना बनियाठेर भेजा गया। बनियाठेर के थानाध्यक्ष मेघसिंह ने शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक जांच का आश्वासन दिया। फिलहाल जिले भर के थानों में समाधान दिवस पर शिकायतों की संख्या बेहद सीमित रही।

प्रशासन को इस बात की समीक्षा करनी होगी कि शिकायतकर्ता थाना स्तर पर क्यों नहीं पहुंच रहे हैं और समाधान दिवस की वास्तविक उपयोगिता कैसे सुनिश्चित की जाए।

## रोटरी क्लब चन्दौसी सिटी स्टार की क्लोजिंग मीटिंग आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चन्दौसी सिटी स्टार द्वारा सत्र 2024-25 की क्लोजिंग मीटिंग थैंक्स गिविंग सेरेमनी अध्यक्ष रो. अंकित जैन द्वारा अयोजित की गई जिसमें क्लब के सभी सदस्यों और अतिथि द्वारा अंकित जैन को विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे चंदौसी के उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, रोटरी मंडल-3100 के पूर्व गवर्नर रो डी.के. शर्मा, वर्ष 2026-27 की गवर्नर रो पायल शर्मा, वर्ष 2027-28 के गवर्नर रो काव्य रस्तोगी के साथ मंडल 3100 के चन्दौसी, मुरादाबाद, बहजोई, बबराला, बुलंदशहर, बिसौली आदि नगरों के वरिष्ठ रोटेरियन उपस्थित रहे। सभा का संच. ालन रो पायल गुप्ता व रो अनुराग मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभा में उपजिलाधिकारी चन्दौसी आशुतोष तिवारी द्वारा रोटरी क्लब से सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिय रोटरी क्लब चंदौसी सिटी स्टार से विशेष रूप से सम्मानित किया। वहीं रो. पायल शर्मा द्वारा रोटरी क्लब चंदौसी सिटी स्टार के कार्यों की सराहना करते हुए सभी को एक जुटता से आगे बढते हुए कार्य करने के प्रोत्साहन किया गया व गरीब कन्याओं की पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई। अध्यक्ष रो. अंकित जैन द्वारा अपने सत्र 2024-25 में सभी सदस्यों को सहयोग के लिए उपहार दिए गए व सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सचिव पुनीत अग्रवाल सर्राफ, अमित अग्रवाल सर्राफ, मनोज सर्राफ, डॉ अमोल कंचन, दिलीप रस्तोग, मनु मित्तल, विवेक कागजी, आलोक गर्ग, शोबित सेठ, लोकेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अजय अग्रवाल, डॉ पंकज वार्ष्णेय, डॉ विदुषी, आलोक गुप्ता, मुदित गर्ग, नीरज रस्तोगी, भुवनेश वार्ष्णेय, लोकेश जैन, विजय वार्ष्णेय, विनीत अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, ज्योति जैन, शिल्पा अग्रवाल, मीतू अग्रवाल, चारु अग्रवाल, पायल मित्तल, शिखा जैन, नेहा अग्रवाल, वैशाली अग्रवाल, रीता गुप्ता, मोना अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, श्वेता रस्तोगी, शानू रस्तोगी, सुनीता कंचन आदि मौजूद रहे।

कार्यालयः-नगर पालिका परिषद, सम्भल



एक पेड़ मां के नाम










स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ भारत
स्वस्थ भारत








अपील

1-जल अमूल्य है इसे व्यर्थ न बहायें, नल की टोटी खुली न छोड़ें।
2-जलकल, गृहकर व नगर पालिका परिषद के अन्य करो का भुगतान समय से करें।
3-सड़कों पर कूड़ा डालकर गंदगी न करें और न ही कूड़ा जलायें।
4-नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी आने पर अपनी दुकान एवं घरो का गीला, सूखा कूड़ा अलग अलग करके नीली व हरी डस्टबिन मे डलें।
5-प्रतिबंधित पॉलिथिन (120 से कम) का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है।
6-जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें।
7-अपने घरो के आसपास पानी एकत्र न होने दें इससे बीमारियां फेलती हैं।
8-ये आपका नगर है इसे स्वच्छ बनाने मे नगर पालिका के सफाई मित्रों का सहयोग करें।
09-अधिक से अधिक पेड़ लगाना सुनिश्चित करें।
10-खुले मे पेशाब न करें, शहर को पीले धब्बे(Yellow Spot) से मुक्त हेतु यूरिनल का प्रयोग करें।
11-सार्वजनिक जगह पर पान, गुटखा खाकर न थूकें, अपने शहर लाल धब्बे (Red spot) से मुक्त रखें।




डॉ0 मणिभूषण तिवारी
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सम्भल

आसिया मुशीर
(चैयरपर्सन)
नगर पालिका परिषद सम्भल

समस्त सभासद एवं स्टाफ नगर पालिका परिषद, सम्भल

# बच्चों ने लिया बारिश का आनंद

## झमाझम बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौसम ने अचानक करवट ली और दोपहर बाद हुई तेज बारिश ने तपती गर्मी से बेहाल लोगों को बड़ी राहत दी। जहां बड़े लोग घरों में बैठकर बारिश का आनंद लेते नजर आए, वहीं शहर के बच्चों ने इस मौसम को पूरे उत्साह और शरारत से जिया।

बारिश के चलते कुछ स्थानों पर पानी भर गया और बस फिर क्या बच्चों को जैसे खेलने का मैदान मिल गया। सड़कों पर घुटनों तक भरे पानी को बच्चों ने स्विमिंग पूल समझ लिया और पानी में कूद-फांद कर जमकर मस्ती करने लगे। उनकी ये बारिश वाली शरारतें कैमरे में कैद हो गईं और सोशल मीडिया पर तेजी से



वायरल हो रही हैं।

बच्चों की मस्ती ने राह चलते लोगों के चेहरों पर भी मुस्कान ला दी। कुछ लोग तो बारिश के इस नजारे को देखकर अपने बचपन को याद करते नजर आए। शहरवासियों के लिए ये बारिश गर्मी से राहत का पैगाम लेकर आई और बच्चों के लिए बना एक छोटा सा त्योहार। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन और बारिश की संभावना बनी हुई है, जिससे मौसम सुहाना बना रहेगा।

## मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**शेरकोट।** युवक को मोबाइल चोरी करते रंगे हाथों पकड़े जाने का मामला सामने आया है। मोहल्ला निकम्माशाह निवासी अमित कुमार पुत्र परम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि को जब वह अपने घर में सो रहा था, तभी किसी आहट के कारण उसकी नींद खुल गई। जब उसने उठकर देखा तो पाया कि एक युवक उसके बिस्तर के पास रखा मोबाइल फोन चोरी कर ले जा रहा था। अमित ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया। अमित कुमार ने आरोपी की पहचान मोहल्ला हकीमान निवासी नदीम पुत्र नफीस के रूप में की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरा. पी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया है।

# भाकियू टिकैत के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष का स्वागत समारोह 14 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण भ्रमण कर अपने नवमनोनीत यूनियन जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का जोरदार स्वागत सम्मान करने की अपील की है।

यह जानकारी देते हुए यूनियन के सक्रिय कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रभारी चांदपुर तहसील क्षेत्र मौहम्मद हनीफ ने बताया कि यूनियन के जिला अध्यक्ष का स्वागत सम्मान से पहले उनकी टीम ने अपने ग्रामीण भ्रमण करते हुए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क कर 14 जुलाई को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बिजनौर सुनील प्रधान का भव्य स्वागत समारोह शहनाई बैंकट हॉल निकट शक्ति चौक बिजनौर में समय 11 बजे पहुंचने की अपील की है। मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ने सभी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में शहनाई बैंकट हॉल बिजनौर समय से पहुंच कर अपने जिला अध्यक्ष के विचारों को सुनने और समझने की अपील की है। ग्रामीण जनसंपर्क अभियान में तहसील अध्यक्ष चौधरी हरीराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कल्याण



सिंह, तहसील महासचिव रोहतास प्रधान, जिला उपाध्यक्ष मोखयाकूब, जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह नामधारी, ब्लॉक तहसील महासचिव राजीव कुमार, नितिन चौधरी उपाध्यक्ष, परवेज आलम न्याय पंचायत अध्यक्ष, मैंराजू प्रधान वरिष्ठ कार्यकर्ता, अशरफ अली ब्लॉक संगठन मंत्री, नेपाल सिंह प्रधान न्याय पंचायत अध्यक्ष, यशवीर सिंह, शहजाद मलिक दतियाना वाले, तुलेराम सिंह न्याय पंचायत उपाध्यक्ष, रागिब मलिक ग्राम अध्यक्ष, रहमान सैफी, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ तहसील चांदपुर शामिल रहे।

## एक नजर

### चिल्लर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं

**बिजनौर।** जनपद पुलिस ने जातिवाद भड़काने, नफरत फैलाने एवं पुलिस को धमकी देने के आरोपी हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम टुगरी निवासी चौधरी हर्षवर्धन चिल्लर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस ने उसे मात्र दो लाख रुपए की धनराशि का मुचलका पाबंद करते हुए नोटिस जारी किया है। जबकि इंस्टाग्राम पर धमकी देने के आरोपी को रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में पूर्व जज व नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सपा प्रत्याशी मनोज कुमार ने उठाया था। उन्होंने सीएम से लेकर डीएम को भी पत्र लिखा था। इसके बावजूद आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है।

### ब्लॉक कमेटी के विस्तार पर चर्चा



**अफजलगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रियासत हुसैन अंसारी के मियांजी मौखा स्थित आवास पर कांग्रेस जिला कमेटी द्वारा संगठन व सृजन अभियान के अंतर्गत ब्लॉक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा अफजलगढ़ ब्लॉक कमेटी के साथ विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें कांग्रेस की लोकप्रिय जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने उपस्थित होकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अफजलगढ़ को बधाई दी और न्याय पंचायत से लेकर ग्राम पंचायत अध्यक्ष और उसके बाद बूथ कमेटियों के गठन पर जल्द से जल्द पदाधिकारियों को नियुक्त करने का निर्देश दिए। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रियासत हुसैन अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी को पूरे देश में मजबूती मिल रही हैं। जिससे आगे चल कर पार्टी को चुनाव में भारी सफलता मिलेंगी। इस मौके पर हैनरीता राजीव सिंह जिलाध्यक्ष, आर के सिंह पूर्व आईएएस, मिसबाबुल हसन, प्रदीप ठाकुर, अशोक कुमार प्रभारी, हाजी अहसान ब्लॉक अध्यक्ष कोतवाली, मुमताज हुसैन, निसार अहमद, डॉ. गुलशन, मुजफर हुसैन, डॉ. मासूक अली, अब्दुल रहमान, शमशाद हुसैन, जाहिद हुसैन, अजीम अंसारी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मकान गिरने से बाल-बाल बचे परिजन

**शेरकोट।** गाँव में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया कब दोपहर अचानक एक मकान का लिंटर भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त मकान के भीतर कोई नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। मकान मालिक महेंद्र सऊदी अरब में काम करता है, जबकि उसकी पत्नी देशरानी और चार बच्चे गांव में रहते हैं। घटना के समय देशरानी घर के आंगन में बैठी थी और बच्चे स्कूल गए हुए थे। मकान गिरने से घरेलू सामान नष्ट हो गया। देशरानी ने बताया कि वह आंगन में बैठी थी, तभी अचानक मकान का लिंटर गिर गया। अगर वह कमरे में होतीं या बच्चे घर पर होते, तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल, परिवार के सदस्य सदमे में हैं।

### पेड गिरने से विद्युतापूर्ति बाधित



**कोतवाली देहात।** बांकपुर के जंगल में बिजली की लाइन पर पेड़ टूट कर गिर गया। इसके चलते चार खंबे टूट गए। जिससे फीडर से जुड़े ग्राम शादीपुर, सलेमपुर गंधेली, बेगावाला, कुम्हेडा, आलूवाला, सहसूवाला तथा बांकपुर सहित कई ग्राम की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना पर विद्युत कर्मचारी पहुंचे तथा लाइन सुचारु करने का प्रयास किया। चौधरी देवेंद्र सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा बेहद लंबी लाइन कर दी गई है। जिससे जरा सा फाल्ट आने पर कई ग्राम की बत्ती गुल हो जाती है। इस संबंध में अवर अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि पेड़ गिरने के लाइन पर पेड़ गिरने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। शीघ्र ही आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# किसानों के लिए तकनीक बनी वरदान

## चंद मिनटों में खेती का काम निपटा देगा भारत ड्रोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** टेक्नोलॉजी का प्रयोग हर प्रकार से खेती में काफी लाभकारी सिद्ध हो रहा है। फसलों का उत्पादन बेहतर करने के लिए सैकड़ों क्षेत्रीय किसानों की मौजूदगी में फसलों को विशेष कर गन्ना की फसल को स्वस्थ रखने के लिए ड्रोन द्वारा कीटनाशक के छिड़काव का परिक्षण किया गया। इससे फसल रोग मुक्त होगी और पैदावार भी बढ़ेगी। इससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।



आज राष्ट्रीय राजमार्ग 734 धामपुर रोड पर पुलिस क्षेत्राधिकार कार्यालय के समक्ष आरा मशीन पर द्वारिकेश शुगर मिल के तत्वावधान में सैकड़ों किसानों की मौजूदगी में एआई टेक्नोलॉजी द्वारा भारत ड्रोन से मौजा फतहउल्ला नगर स्थित सरदार मनोहर सिंह के चार एकड़ गन्ना के खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर परीक्षण किया। द्वारिक. श शुगर मिल के मुख्य महा प्रबंधक गन्ना विभाग उमेश सिंह बिसेन व मुख्य प्रबंधक डॉक्टर रजनीश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की ड्रोन टेक्नोलॉजी द्वारा गन्ना की खेती पर 10 लीटर कीटनाशक व पानी के मिश्रण का छिड़काव मात्र पांच मिनट प्रति एकड़ होता है। जिससे समय और पैसे की बचत होती है। न ही छिड़काव करने वाले मनुष्य को कीटनाशक से हानि पहुंचती है। यहां तक के गन्ना की खेती में छिपे बैठे जंगली जानवरों से भी किसान सुरक्षित रहता है। ड्रोन टेक्नोलॉजी द्वारिकेश शुगर मिल में उपलब्ध है। जिसका किराया खर्च प्रीति अकड़ 350 रुपए है। जिस पर किसान भाइयों को 50 प्रतिशत यानी 175 प्रति एकड़ देना होगा। 50 प्रतिशत द्वारिकेश शुगर मिल द्वारा सब्सिडी दी जा रही है। ताकि किसान भाई इस सुविधा का लाभ उठा सकें। उक्त सुविधा गन्ना क्षेत्राधिकारी के माध्यम से उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर नत्थू सिंह भूतपूर्व प्रधान आलमपुर गांवड़ी, मुख्तियार सिंह, अमरेश सिंह प्रेमपुरी, मेघराज सिंह, गुरमेल सिंह, सुरेंद्र सिंह, निर्मल सिंह, नरेंद्र सिंह, अनिल नारायण भाजपा मंडल अध्यक्ष आदि सैकड़ों किसान मौजूद थे।

## महिला ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर सौंपी, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** हिंदू महिला को प्रेम जाल में फंसा कर मुस्लिम युवक ने शारीरिक सम्बन्ध बनाए। आरोपी पिछले आठ सालों से महिला के साथ रह रहा था। दो दिन पहले आरोपी युवक का निकाह दूसरी युवती के साथ हुआ है। पीड़िता ने अपने बेटे के साथ पहुंचकर आरोपी युवक के विरुद्ध थाने में तहरीर सौंपी। पुलिस ने पूछताछ के लिए युवक को हिरासत में लिया है।

चंडीगढ़ निवासी एक महिला ने थाने में दिए शिकायती पत्र में कहा है कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक चंडीगढ़ में काम करता था। वहीं उसकी मुलाकात महिला से हुई। युवक ने अपना नाम व पहचान छुपाते हुए उसको अपने प्रेमजाल में फंसा लिया तथा शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए जिससे उसके एक बेटा भी पैदा हुआ। पीड़िता का आरोप है कि वह पहले से ही शाद. ीशुदा थी। किंतु उक्त युवक ने उसके पति से भी उसके संबंध समाप्त करा दिए थे। महिला का कहना है कि लगभग एक सप्ताह पूर्व युवक अपनी बहन के फैसले की बात कहते हुए घर आ गया तथा गुरुवार को उसने अपनी जाति की लड़की से निकाह कर लिया। निकाह की सूचना मिलने के बाद शनिवार को पीड़िता थाने पहुंची तथा एक शिकायती पत्र पुलिस को दिया। पीड़िता का आरोप है कि पहले तो पुलिस महिला को टालती रही। किंतु जब मामले की भनक हिंदू संगठनों को लगी। उसके बाद पुलिस हरकत में आई तथा आरा. पी युवक को पूछताछ के लिए हिरासत लिया।

## ट्रैक्टर अनियंत्रित होने से एक शिवभक्त घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम सत्तारवाला के पास से गुजर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार शिवभक्तों के ट्रैक्टर के अचानक अनियंत्रित होने के कारण एक ट्रैक्टर सवार ट्रॉली से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना लाया गया।

ग्राम पचपेड़ा थाना नानकमत्ता जिला उधम सिंह नगर से 17-18 शिव भक्तों का एक जत्था जल लेने के लिए ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर हरिद्वार के लिए निकला। शनिवार को शाम के लगभग छह बजे जब ट्रैक्टर ट्रॉली ग्राम सत्तरवाला के पास से गुजरी तभी बरसात के कारण झाड़ी से एक कछुआ निकलकर अचानक सड़क के बीचो-बीच आ गया। ट्रैक्टर चालक द्वारा कछुए को बचाने के लिए तुरंत ब्रेक लगाए गए। जिससे झटका खाकर एक ट्रैक्टर ट्राली सवार अशोक सिंह पुत्र जोगी सिंह अनियंत्रित होकर ट्रॉली से गिरकर सड़क के किनारे कच्ची जमीन पर गिर गया। जिससे उसके सीने में चोट लग गई। हादसा होने से यात्रियों में चीख पुकार मच ही रही थी कि तभी गश्त कर रहे दो पुलिसकर्मी वहां से गुजरे। पुलिसकर्मियों ने तत्परता से घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना लाकर भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रैफर कर दिया।

# कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने की तैयारी

## सीओ ने किया कांवड़ मार्गों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** क्षेत्र में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशन में शनिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया।

उन्होंने बनाई गई अस्थायी पुलिस चौकियों का जायजा लिया। यह अस्थाई चौकियां कांवड़ियों के विश्राम और उनकी समस्याओं को सुनने के लिए बनाई गई है। सीओ अंजनी कुमार ने जल लेकर जा रहे कांवड़ियों से बातचीत की और उनकी यात्रा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी ड्यूटी प्वाइंटों, सीसीटीवी कैमरों व अन्य व्यवस्थाओं को चेक किया तथा सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश



दिये। इस दौरान श्रद्धालुओं को फल और पानी का वितरण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### निकासी न होने से रास्ता बंद



**अफजलगढ़।** ग्राम विजय नगर तिराहे पर नाले की पुलिया से पानी निकासी न होने से मार्ग पर पूरी बरसात पानी भरा रहता है। थोड़ी वर्षा से पानी और अधिक बढ़ जाता है। मार्ग पर दूर तक दो फिट से अधिक पानी भरा रहता है। जिससे आवागमन में राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्राम विजयनगर सहित अनवारपुर चण्डिका, गाड़िया आदि के लिए ग्रामीण मुख्यतः इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। इसके अलावा सह समिति, पशु चिकित्सालय आवागमन के लिए भी यही मार्ग है। ग्रामीण सुरेंद्र, लक्ष्मण, बलराम सिंह, मनोज, पीके सिंह, राजकुमार आदि का कहना है कि पुलिया को दोबारा ऊंचा कर बनवाने के लिए कई बार अधिकारियों को कहा गया है। किंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से पुलिया निर्माण की मांग की है।

### बोलेरो की टक्कर से कांरवती घायल



**अफजलगढ़।** कांवड़ यात्रा पर लौट रहे दो श्रद्धालु उस वक्त हादसे का शिकार हो गए जब एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना शुगर मिल के पास की है। जहां अचानक हुए इस हादसे से यात्रा में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक अमित पुत्र चंद्र पाल निवासी मुंडलिया गोसू (पीलीभीत) और आक. ाश मौर्य पुत्र द्वारका प्रसाद हरिद्वार से गंगा. जल लेकर अपने गंतव्य की ओर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों शुगर मिल के निकट पहुंचे, विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों कांवड़िए घायल हो गए। राहगीरों व स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

### बढ़ापुर में चार गिरफ्तार

**बिजनौर।** बढ़ापुर पुलिस ने ग्राम वीरभान वाला निवासी सरजीत सिंह उर्फ सीतू पुत्र रूप सिंह, बलवेन्द्र सिंह व लखवेन्द्र सिंह पुत्रगण मंगल सिंह एवं ग्राम भोगपुर निवासी जगीर सिंह पुत्र वक्कार सिंह को न्यालय के आदेश पर गिरफ्तार किया है।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम FAIZAN से बदलकर MOHAMMAD FAIZAN TUFAIL रख लिया है। अब मुझे MOHAMMAD FAIZAN TUFAIL इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**मौ. फैजान तुफैल पुत्र तुफैल अहमद निवासी मौ. मिर्दगान, बी-11, बिजनौर, जिला-बिजनौर**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD NADEEM से बदलकर MOHAMMAD NADEEM SIRAJUD-DIN रख लिया है। अब मुझे MOHAMMAD NADEEM SIRAJUDDIN इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मौ. नदीम सिराजुद्दीन पुत्र सिराजुद्दीन निवासी ग्राम चांदपुर फेरू, जिला-बिजनौर।**

**सूचना**

मैं, कमर उल आरफीन पुत्र हकीम जैनुल आरफीन, निवासी मौहल्ला हकीमपुरा, कस्बा सहसपुर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, यह घोषित करता हूं कि मेरा घर मौहल्ला हकीमपुरा व आराजी काश्त ग्राम हर्रायपुर खसरा संख्या 14 व 15, खाता संख्या 10 व 20 में स्थित है। मेरा घर मौहल्ला हकीमपुरा व आराजी काश्त मेरी स्वामित्व में है। मैंने न तो इसे बेचा है और इसके लिए किसी को कभी पावर ऑफ अटॉर्नी या किसी भी प्रकार का कोई भी अधिकार न दिया था और न है यदि कोई भी व्यक्ति मेरी किसी भी संपत्ति का कोई भी लेन-देन करता है, तो वह अवैध एवं अमान्य होगा और उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी वह व्यक्ति स्वयं वहन करेगा। बिना मेरी लिखित सहमति के कोई भी दस्तावेज मान्य नहीं होगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जोगी औंधा, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025- 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत जोगी औंधा में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त योजना की धनराशि से निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री टाईल्स, बालूरेत, ईंट, टाइल्स सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट, पेंट, पुट्टी आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक 22/07/2025 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 20/07/2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

# सेंट मैरी में फादर टी. शाजू का जन्मदिन मनाया

## विद्यार्थियों ने गीत और नृत्य से किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सेंट मैरी स्कूल बिजनौर में मैनेजर फादर टी. शाजू का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सेंट मैरी स्कूल में फादर टी. शाजू का जन्मदिन अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय में छात्रों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शानदार और मनमोहक प्रस्तुतियों से हुआ। जिन्हें उन्होंने फादर टी शाजू को समर्पित






किया। विद्यार्थियों ने गीत और नृत्य के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और वातावरण को और भी जीवंत और उल्लासपूर्ण बना दिया। प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी सहित सभी छात्रों और शिक्षकों ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ, दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना की गई।

कक्षा आठ की छात्रा जाह्नवी चौधरी ने एम डी इंटरनेशनल स्कूल में अंडर 14 सिंगल बेडमिंटन गर्ल्स टूर्नामेंट में फर्स्ट रनर अप का खिताब हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

साथ ही कक्षा दस के छात्र अक्षज निर्वाल ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्री नेशनल शूटिंग के लिए चयनित होने का सम्मान प्राप्त किया। विद्यालय उनकी भविष्य की सफलताओं के लिए शुभकामनाएं देता है।

फादर शाजू के प्रति सभी के स्नेह और सम्मान ने इस दिन को और भी विशेष बना दिया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी ने मिलकर अथक प्रयास किया और कार्यक्रम को अत्यंत सफल और यादगार बना दिया।

# अपर गन्ना आयुक्त का जनपद भ्रमण

## गन्ना सर्वे कार्य का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चांदीपुर शुगर मिल में अपर गन्ना आयुक्त (समितियां) उ.प्र. लखनऊ के जनपद बिजनौर में मिलो द्वारा कृषकों के गन्ना सर्वे में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

भ्रमण का मुख्य उद्देश्य सर्वे पेड़ी डिलीशन कार्य का सत्यापन के साथ-साथ विभाग/ चीनी द्वारा कृषक हित में किये जा रहे विकास कार्यों का धरातलीय अवलोकन भी रहा। भ्रमण के दूसरे चरण में गन्ना विकास परिषद, समिति नूरपुर चीनी मिल बिंदल पेपर्स चांगीपुर के ग्राम हुसुपुरा में सर्वे चेक किया। जहां मौके पर सर्वे सही मिलने पर हर्ष जताया। इसी ग्राम में कुछ कृषकों द्वारा पेड़ी उजाड़कर पौधा गन्ना लगाया गया है। जिसका भौतिक सत्यापन भी किया। तत्पश्चात सत्यापन स्थल पर स्थित धनवंतरी आयुर्वेद चिकित्सालय में कृषकों की एक चौपाल रखी गई थी। जिसमें लगभग 50 कृषकों ने प्रतिभाग किया। चौपाल में डॉ. बीबी सिंह द्वारा कृषकों को रेड रॉट (गन्ने का कैंसर) रोग की बिभिषिका के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बीज बदलाव के बारे में कृषकों से अपील की कि किसी भी दशा में 0238 प्रजाति की बुवाई ना करें। रेड रॉट रोधी प्रजाति 0118, कोसे 13235, कोसे 17231, कोसे 18231, 16202, 14201 प्रजातिओं की बुवाई करें।






चीनी मिल चांगीपुर क्षेत्र में 0238 की बुवाई मात्र पांच प्रतिशत रकबे में की गई है। इस पर अपर आयुक्त द्वारा प्रसंशा व्यक्त की गई। रेड रॉट के नियंत्रण के लिए त्रिकोडेर्मा का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही थिओफिनेट मेथइल से बीज उपचार अवश्य करें। गन्ने में टॉप बोरर के मैकेनिकल कण्ट्रोल बहुत प्रभावी है शूट कटिंग, फेरामोन ट्रैप, लाइट ट्रैप आदि का प्रयोग फसल की कीटों से रक्षा करता है। टॉप बोरर के अधिक प्रभाव की दसा में क्लोएंटोनिलीपरोल की डरेंचिंग करने से टॉप बोरर कण्ट्रोल हों जाता है। वर्तमान में टॉप बोरर की तीसरी पीढ़ी चल साथ ही पौखा बॉइंग का प्रभाव दिख रहा है। जिसका नियंत्रण ड्रोन से आसानी से किआ जा सकता है। अपर गन्ना आयुक्त द्वारा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सागरिका के प्रयोग विशेष बल दिया। साथ ही कृषक बंधुओं से समिति स्तर पर उपलब्ध फार्म मशीनरी बैंक का अधिकाधिक प्रयोग का अनुरोध किया। सभी कृषक भाई मिट्टी की जांच के परिणाम अनुसार ही उर्वरक इस्तेमाल करें। मिट्टी में हों रहे खतरनाक रसायनो के प्रयोग से बचने के लिये कृषक भाइयों को प्रकृतिक खेती अपनाने पर विशेष जोर दिया। चौपाल पश्चात अपर गन्ना आयुक्त द्वारा चीनी मिल चांगीपुर में मृदा परिक्षण प्रयोगशाला का अनावरण किया गया।

इसी क्रम में ग्राम हसुपुरा में ड्रोन द्वीरा नैनो व कीटनाशकों का छिड़काव देखा। पुन: चीनी मिल स्योहारा के ग्राम कुमाखिया में ड्रोन से छिड़काव देखा। इसी प्रकार चांदपुर के ग्राम एस्माइलीपुर में मोबाइल प्रचार वाहन और ड्रोन छिड़काब देखा। भ्रमण के अंतिम पड़ाव पर ग्राम बगड़पुर में ड्रोन द्वारा छिड़काव देखा। सम्पूर्ण विजिट में उपगन्ना आयुक्त में मुरादबाद, जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर, चांगीपुर, चांदपुर, धामपुर के गन्ना प्रबंधक व जनपद के सभी सचिव व ज्येष्ठ गन्ना विकाश निरीक्षक मौजूद रहे।

इससे पहले चांगीपुर शुगर मिल से उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मलिक, मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह ने अतिथियों का फूलों के बुकेट देकर जोरदार स्वागत किया। सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड चांदपुर से जितेंद्र कुमार, गन्ना परिषद चांदपुर से सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक समस्त निरीक्षण कार्य एवं कृषक चौपाल व मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के उद्घाटन अवसर पर मौजूद रहे।

## हमला कर लूटने व जान से मारने की धमकी का आरोप

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव उर्दूपुरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर उसकी जेब में रखे 8 हजार की नगदी लूटने सहित मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया है।

पीड़ित उदयराज सिंह पुत्र घनश्याम सिंह ने बताया कि वह शाम को जब उदुपुरा बाईपास के नीचे से गुजर रहा था, तभी 5-6 लोगों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। लोहे की रॉड और डंडों से उसे बुरी तरह पीटा गया और जमीन पर गिरा दिया गया। हमलावरों ने जेब से करीब आठ हजार रुपये लूट लिए और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।

हमले के दौरान दो हमलावरों की पहचान पीड़ित ने की है, जिनमें एक विनीत पुत्र हेमराज और दूसरा शेर का पुत्र (नाम अज्ञात), दोनों निवासी ग्राम उदुपुरा बताए जा रहे हैं।

पीड़ित के अनुसार इनके साथ मौजूद कुछ लोग दूसरी भाषा में बात कर रहे थे, जिन्हें वह बांग्लादेशी मूल का संदेही मान रहा है। किसी तरह घर पहुंचे उदयराज सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर नामजद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कीटनाशी विक्रेता के प्रतिष्ठान पर अनियमितता मिलने पर होगी कार्रवाई

### कृषि रक्षा अनुभाग द्वारा मुद्रित पोस्टर लगाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जनपद के समस्त लाइसेंसधारी कीटनाशी रसायन थोक / फुटकर विक्रेता को निर्देशित करते हुए बताया कि 'ग्रो सेफ फूड अभियान के अन्तर्गत कृषि रक्षा अनुभाग द्वारा मुद्रित पोस्टर जो कि इस कार्यालय द्वारा उनको उपलब्ध कराये गये है। तत्संबंधी पोस्टर को आप अपने प्रतिष्ठान पर फ्रेम कराकर रखना सुनिश्चित करेंगे।

इसके साथ- साथ उनके कार्यालय द्वारा जारी विभिन्न पत्रों के माध्यम से कीटनाशी नियमावली-1971 के नियम-15 तथा कीटनाशी (मूल्य स्टाक प्रदर्शन एवं रिपोर्ट प्रेषण) आदेश 1986 की धारा-4 के अन्तर्गत कीटनाशी विक्रेताओं द्वारा क्रेता को कैश मैमों/क्रेडिट मैमों देने तथा तत्सम्बन्धी अभिलेखों को तैयार किये जाने सम्बन्धी प्राविधानों का प्रत्येक दशा में पालन सुनिश्चित किये जाने के लिए एवं उनके द्वारा समय-समय पर किये गये निरीक्षण के समय पायी जा रही उल्लिखित कमियों के साथ अन्य अनियमित्ताएं को ठीक करने के लिए विस्तार से दिशा निर्देश निर्गत किये गये है।

उक्त के क्रम में उन्होंने यह भी अवगत कराया कि प्रत्येक लाइसेंसधारी कीटनाशी रसायन थोक/फुटकर विक्रेता 'प्रारूप' अनुसार सूचना अपने प्रतिष्ठान के लाइसेंस के साथ-साथ अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठान के लाइसेंस के साथ प्रदर्शित करने के लिए प्रारूप मैसर्स X X X X X कीटनाशक विक्रय केन्द्र, कीटनाशी लाइसेंस संख्या XXXXX, प्रिय किसान बन्धु कीटनाशी रसायन क्रय करते समय अपनी पक्की रसीद / कैश मैमों अवश्य प्राप्त करें, प्रोपराईटर XX XXX, मोबाइल- 91 XXXXXXXXXX निम्न प्रकार है। अत: उक्त के क्रम में उन्होंने पुन: सचेत करते हुए निर्देशित किया कि जिलाधिकारी के आदेश द्वारा जनपद स्तरीय गठित टास्क फोर्स समिति एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जनपद के निरीक्षण के दौरान यदि किसी प्रकार कोई कमी प्रकाश में आती है, तो सम्बन्धित लाइसेंसधारी कीटनाशी रसायन थोक/फुटकर विक्रेता के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम-1968 एवं कीटनाशी नियम-1971 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत प्रतिकूल / दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए आपका उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा।

# पौधारोपण अभियान चलाएगा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ

## पौधारोपण अभियान की रूपरेखा तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** टीचर्स कॉलोनी स्थित सत्यधाम धर्मशाला में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की एक विशेष बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण हेतु आगामी पौधारोपण अभियान की रूपरेखा तय करना था।



सभा की अध्यक्षता अजय पाल सिंह ने की और संचालन धनंजय सिंह ने किया। बैठक में संघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा कि वृक्षारोपण जितना महत्वपूर्ण है, उससे भी अधिक आवश्यक है उनका संरक्षण। यदि रोपे गए पौधों की देखभाल न हो तो वे वृक्ष बनने से पहले ही नष्ट हो जाते हैं। श्री चौहान ने सरकार से अनुरोध किया कि वन विभाग केवल पौधे ही न दे, बल्कि उन्हें लगाने वालों को संरक्षण हेतु निशुल्क सुरक्षा कवच, पिंजरे एवं आवश्यक सामग्री भी प्रदान करे। उन्होंने यह भी बताया कि पौधों को सबसे अधिक खतरा छुट्टा एवं आवारा पशुओं से होता है, जो उन्हें खाकर नष्ट कर देते हैं। अत: पौधों के चारों ओर बाड़ लगाना या पिंजड़ा लगाना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. रवेन्द्र सिंह, श्याम सिंह चौहान, डॉ. एस.एस. राजपूत ऋषि राज सिंह, अशोक प्रताप सिंह, नागेश्वर दयाल गहलोत, डॉ. आर.के. चौहान, अनिल कुमार गहलोत, डॉ. हरिकांत सुमन, नीरज कुमार एडवोकेट, डॉ. एम.एस. राजपूत, इंजीनियर डी.वी. सिंह, प्रीतम राजपूत, राजदीप चौहान, देवेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, दिवेश चौहान तथा सुभाष चंद्र आदि ने पौधारोपण एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

## तमंचे के साथ युवक का वीडियो वायरल

**नहटौर।** नहटौर के मौहल्ला नौधा के एक युवक का तमंचे के साथ 16 सैकंड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो एक बैंकट हॉल में बनाया गया है। जिसमें युवक तमंचा लेकर एक गाना सूट करता हुआ नजर आ रहा है।

जानकारी के अनुसार नहटौर के मौहल्ला नौधा के एक युवक का तमंचे के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवक एक बैंकट हॉल में तमंचे के साथ एक गाने को सूट कर रहा है । यह वीडियो 16 सैकंड का बताया जा रहा है। 16 सैकंड के इस वीडियो में वह तमंचे के साथ गाने को सूट करता नजर आ रहा है। मोबाइल किसी और के हाथ में है और बैंकट हॉल में यह वीडियो बनाया गया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि उक्त युवक की पहचान हो चुकी है। इस समय उत्तराखंड के पौड़ी में है। वीडियो किस बैंकट हॉल में बनाया गया है। इसका भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस को उसके घर भेजा गया था। वह घर पर नहीं मिला है।

# पंचायत विकास सूचकांक विषय पर कार्यशाला

## उत्तर प्रदेश में बिजनौर का 38वां स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जनपद बिजनौर में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं मीडिया कर्मियों की एक दिवसीय पंचायत विकास सूचकांक विषय पर कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार बिजनौर में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।



इस कार्यशाला का शुभारंभ डीडीओ रचना गुप्ता, सीवीओ डॉ. एलके अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव, सहायक अभियंता ग्रामीण केवी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अंकित कुमार, डीपीआरसी अमरोहा मैंनेजर सतेन्द्र शर्मा, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी छविनाथ सोनकर, डीपीएम विकास कुमार, सनी कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपर जिला पंचायत राज अधिकारी बिजनौर छविनाथ द्वारा सर्वप्रथम कार्यशाला के उद्देश्यों पर चर्चा की गई। बताया गया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों को पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स की जानकारी देना है। जिससे कि सभी पंचायत का उत्तर सही प्रकार से भरा जा सके। इसमें ऑफलाइन एवं ऑनलाइन डाटा फीडिंग एवं डाटा प्वाइंट्स पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में बोलते हुए डी.पी.एम. बिजनौर विकास कुमार व सन्नी कुमार ने आए हुए प्रधानों को पंचायत विकास सूचकांक के विषय में समझाया एवं उन्हें पंचायत विकास सूचकांक के विभिन्न घटकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

प्रशिक्षण में बोलते हुए डीपीआरसी अमरोहा के मैनेजर कम फैकल्टी सतेंद्र शर्मा ने बताया कि पंचायत विकास सूचकांक पंचायतों के विकास की स्थिति जानने, योजना निर्माण में क्रिटिकल गेप पहचानने में मददगार होंगे। पंचायत विकास सूचकांक से पारदर्शिता आएगी एवं किसी भी पंचायत की स्थिति को ऑनलाइन कैसे देखा जा सकता है के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स विषय पर विस्तार से समझाया कि किस प्रकार से ग्राम पंचायत इंडेक्स पोर्टल पर अपना सही एवं पूर्ण डाटा दर्ज करके अपना स्कोर बढ़ा सकते हैं। डीडीओ रचना ने आए हुए प्रतिभागियों को आह्वान किया कि पंचायत विकास सूचकांक में बढ़ चढ़कर अपनी सही से जानकारी पोर्टल पर फीड करें। जिससे ग्राम पंचायत के विकास से संबंधित समुचित सही प्रकार की जानकारी प्राप्त हो सके और ग्राम पंचायत को विकास की राह में आगे बढ़ने पर लाभ मिल सके।

प्रशिक्षण में सतेंद्र शर्मा सीनियर मैनेजर का मैनेजर अमरोहा, डीपीएम विकास कुमार, सनी कुमार, प्रशिक्षक अब्दुल कादिर, मौहम्मद वसीम, कुलवीर सिंह, जितेन्द्र कुमार, शिवदत्त सिंह खुशी, ममता सैनी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### श्रावण मास में श्रद्धा का वातावरण



**नजीबाबाद।** महाकाल भक्त मंडल के संस्थापक अभिनव अग्रवाल एड. ने बताया कि श्रावण मास का आगमन होते ही संपूर्ण भारत में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण हो गया है। श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित सबसे पवित्र माह होता है। शिवालयों में शिव भक्त भगवान शिव की उपासना, पूजा-पाठ, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक आदि करने लगे हैं। शिव भक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर हरहर महादेव की जय घोष के साथ अपने-अपने गंतव्यों की ओर आगे बढ़ रहे हैं। जिससे हर ओर शिवमय वातावरण हो गया है। श्रावण मास में शिव भक्तों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जो भी व्यक्ति श्रावण मास में देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना किसी भी प्रकार से करता है तो उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### डीएलएड का परीक्षा परिणाम घोषित



**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट आर्फ साइंस के डीएलएड बैच 2023 के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर में नूरसबा ने 94.12 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं निधि रानी ने 93.87 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है व गौरव कुमार ने 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कृष्णा ग्रुप आर्फ कॉलेजेस के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार व कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार व सहायक प्रवक्ता फरहीन जहरा, ज्योति सिंह ने छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अज्ञात शव मिलने से सनसनी



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मेवा नवादा स्थित रेलवे ट्रैक पर शनिवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने शव को देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्योहारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर मौजूद उप निरीक्षक यश देव शर्मा ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 38 वर्ष है। अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव की पहचान और घटना के कारणों को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## मध्यस्थता अभियान को सफल बनाएं

**बिजनौर।** सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रेय शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में एवं उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर में 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' 30 सितंबर 2025 (90 दिवसीय) तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जायेगा। जिसकी भव्य सफलता के लिए मध्यस्थ अधिवक्तागण के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। अभियान में मध्यस्थ्ता द्वारा समाधान योग्य मामले जैसे वैवाहिक विवाद, दुर्घटना के दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, सम्पत्ति के बटवारे, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य उपयुक्त दीवाने मामले शामिल है।

## कांवरतियों की सुरक्षा के लिए वन विभाग ने की टीम गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सावन माह में निकलने वाली कांवड़ यात्रा मार्ग पर गुलदार के आतंक को देखते हुए वन विभाग की टीम ने नहटौर क्षेत्र में आठ स्थानों को चिन्हित किया है। इन स्थानों पर वन विभाग की टीम 24 घंटे पेट्रोलिंग गश्त पर रहेंगी।

कांवड़ यात्रा मार्ग पर गांव फुलसंदा व जलालपुर पपसरा, नारायण खेड़ी आदि में गुलदार राहग. ीरों पर हमला कर चुका है। गुलदार के आतंक को देखते हुए कांवरतियों की सुरक्षा के लिए वन विभाग ने तैयारियां करते हुए टीम गठित की है। वन विभाग के रेंजर गोविंद राम गंगवार ने बताया कि नहटौर क्षेत्र से निकलने वाली कांवड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए वन विभाग ने कोतवाली मार्ग पैजानिया मार्ग पर पड़ने वाले गांव के ग्राम प्रधानों को अपने मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से लाइट लगाने के लिए निर्देश दिए गए हैं तथा वन कर्मी कांवरती जत्थे के साथ पेट्रोलिंग गश्त करेंगे तथा उनकी सुरक्षा के लिए प्रचार प्रसार हेतु फुलसंदा आश्रम, हल्दौर चौराहा, पैजानिया चुंगी, जलालपुर पुलिस चौकी सहित आठ स्थानों को चिन्हित किया गया। चिन्हित स्थानों पर बैनर लगाए जाएंगे, जिसमे कांवरतियों को जत्थे की संख्या में चलने के लिए निर्देशित किया जाएगा। अकेले मार्ग से न गुजरे। जत्थे की संख्या में यात्रा के दौरान तथा चलने वाले जंगलों के मार्गों पर भजन कीर्तन करते हुए चले। शोर शराबा सुनकर गुलदार यदि आसपास कहीं है, तो वह भाग जाएगा तथा टॉर्च रखें। कांवड़ यात्रा के दौरान कोई भी घटना घटित न हो सुरक्षा की दृष्टि से युद्ध स्तर पर तैयारी की गई है।

# भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ

## नगर में निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम नौरंगाबाद के पंचायत भवन परिसर में 10 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पहले दिन विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल मंगल कलश धारी 108 महिलाओं ने भगवान कृष्ण एवं राधा रानी के भजनों और जयकारो का उच्चारण करते हुए निर्धारित मार्गो को राधा कृष्ण मय बना दिया।



कलश यात्रा का मार्ग में अनेकों स्थानो पर सनातन परिवारों ने पुष्प वर्षा से स्वागत भी किया। ग्राम के प्राचीन सिद्ध पीठ माता भगवती देवी मंदिर में सामूहिक पूजन हुआ, जिसके मुख्य यजमान ग्राम प्रधान प्रदीप चौहान तथा उनकी धर्मपत्नी मीरा देवी रहे। जिन्होंने परिजनों सहित पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। पूजन मंदिर के पुजारी मनु गौड़ ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। पूजन के बाद वरिष्ठ पुरोहित आचार्य पंडित सुरेंद्र कुमार शर्मा महाराज एवं उनकी धर्मपत्नी अनीता शर्मा, प्रियंका शर्मा एवं पंडित सूर्यकांत वशिष्ठ के संरक्षण एवं निर्देशन में निकाली गई।

विशाल कलश यात्रा में सिरों पर मंगल कलश धारण किए हुए महिलाएं पीले वस्त्र तथा जगत जननी मातेश्वरी जगदंबिका भवानी के दरबार की लाल चुनरिया धारण किए हुए थी और उमंग एवं उत्साह भरे वातावरण के बीच जयकारे लगाती हुई चल रही थी। कलश यात्रा में मुख्य यजमान के रूप में ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार चौहान अपने सिर पर श्रीमद् भागवत ग्रंथ धारण किए हुए थे। पंचायत भवन परिसर में कथा 12 जुलाई से नित्य प्रति शाम 4 बजे से 7 बजे तक होगी। इस अवसर पर आचार्य पंडित शुभम शास्त्री अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा रूपी अमृत रस का पान कराएंगे।

# भाजपा सरकार में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य : बंसल

## गृह प्रवेश समारोह में हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं संगठन के कुशल रणनीतिकार, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल निवर्तमान जिलाध्यक्ष मुरादाबाद राजपाल सिंह एवं लक्ष्य कॉलेज के चेयरमैन अमित चौहान के धामपुर टीचर्स कॉलोनी स्थित आवास पहुंचे।



उन्होंने कहा कि देश ओर प्रदेश भाजपा की सरकार में रिकार्ड तोड़ विकास कार्य किये जा रहे हे। उन्होंने विरोधियों पर तुष्टिकरण की राजनीति कर लोगों को बरगलाने का आरोप लगाया। वह गृह प्रवेश समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत रूप से घर का उद्घाटन कर परिवार को एकजुट होकर रहने का आह्वान किया।

अमित चौहान ने कहा कि सुनील बंसल का आगमन उनके तथा क्षेत्र के लिए सम्मान की बात रही, जिससे न केवल घर के सदस्यों, बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी गर्व का अनुभव किया। कार्यक्रम में एमएलसी अश्वनी त्यागी, एमएलसी अशोक कटारिया, धनौरा विधायक राजीव तरारा, सीपी सिंह, कामेश्वर राजपूत, अनुराग चौहान, मोहित चौहान, राहुल चौहान, मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, सचिन राणा आदि रहे। उपस्थितजनों ने सुनील बंसल का आभार प्रकट किया और इस स्मरणीय क्षण को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

# छात्र-छात्राओं ने सफलता का लहराया परचम



## विभूति खन्ना रहीं प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज आफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलोजी, बिजनौर के छात्र एवं छात्राओं ने एक बार पुन: सफलता के नये आयाम स्थापित किये हैं।

इस वर्ष डी.एल.एड. बैच 2023 के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। डी. एल.एड. विभाग की विभागाध्यक्षा डा. दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि डी.एल.एड. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा विभूति खन्ना ने 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, पल्लवी सैनी ने 90.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा स्वाति ने 90. 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग के प्रवक्ता एम.एस. अंसारी, सुनील कुमार, प्रतिमा रानी, अंशिका राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# खेत पर जाते किसान को सियार ने हमला कर किया लहूलुहान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** खेत पर जा रहे किसान पर जंगली सियार ने हमला कर घायल कर दिया। किसान की चीख पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने आकर उसे बचाया। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में कराया भर्ती।

### चीख पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बचाया

थाना रजपुरा क्षेत्र के ग्राम अमरपुर निवासी राजवीर सिंह पुत्र यमुना सिंह अपने गांव से खेत पर जा रहा था। जैसे ही वह गांव से कुछ दूर निकला तभी अचानक सामने से एक जंगली सियार सामने आ गया। जिसको देखकर राजवीर सिंह भयभीत हो गया और उससे बचने का प्रयास करने लगा। लेकिन जंगली सियार ने राजवीर पर हमला कर दिया। और अपने पंजों से राजवीर को नोच नोच कर घायल कर दिया। राजवीर की चीख पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने आकर राजवीर को बचाया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल राजवीर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां राजगीर का उपचार चल रहा है।

# कांवड़ मार्गों का डीआईजी ने लिया जायजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** श्रावण मांस की कावड़ यात्रा और कांवड़ियों के मार्गो का पुलिस उप महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र ने निरीक्षण कर श्रृद्धालुओं की व्यवस्था को बेहतर बनाना सुनिश्ति करने के निर्देश दिए।

श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के को लेकर पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद मुनिराज ने निरीक्षण करने पहुंचे। थाना असमोली क्षेत्रान्तर्गत मनोटा पुल पर कांवण मार्गों का निरीक्षण करते हुए डीआईजी मुनिराज ने कांवड़

### व्यवस्थाओं को ओर बेहतर बनाने के दिए

यात्रा के दौरान जल लेकर आने जाने वाले श्रृद्वालुओं को बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किय जाने को कांवड़ मार्गों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जबकि सभी से कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं जाने, पुलिस/प्रशासन का सहयोग करने, किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।इस दौरान डायवर्जन प्लान को कड़ाई से लागू करने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और कांवड़ मार्गों पर नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक के के विशनोई, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम विकास चन्द्र, सीओ कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे।



असमौली। थाना क्षेत्र के मनौटा पुलिस पर कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते डीआईजी।

## साप्ताहिक बाज़ार से चोर बाइक लेकर हुए चम्पत

**बबराला।** नगर के साप्ताहिक बाजार से चीनी लेने आए बाइक सवार की बाइक को चोर लेकर चंपत हो गए।

बाइक सवार हरिश्चंद्र पुत्र बुद्ध सेन निवासी गांव जमालपुर डांडा थाना रजपुरा नगर के साप्ताहिक बाजार से अपने साले प्रदीप कुमार की बाइक लेकर चीनी लेने आया था। उसने बाजार में बाइक खड़ी की और बाजार में चीनी लेने गया। जब वह लौटा तो वहां बाइक नहीं थी।उसने इधर-उधर काफी तलाश की लेकिन बाइक नहीं मिली।पीड़ित ने घटना की तहरीर बबराला चौकी में दी है। पुलिस घटना की जांच कर कार्रवाई में जुटी है।

# कांवड़ यात्रा पर पुलिस की रहेगी पैनी नज़र

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** श्रावण माह में कांवड़ यात्रा के दौरान कांवरियों की सुरक्षा व्यवस्था व यात्रा की निगरानी रखने को नूरपुर तिराहा, इंदिरा चौक, राजघाट में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जो लगे थे और खराब हो गए थे उनको भी सही कर दिया गया है।

बबराला चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान रूट डायवर्जन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे जो खराब थे उनको सही कर दिया गया है। इसके साथ ही नए कैमरे भी लगा दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी नूरपुर तिराहा, बबराला इंद्रा चौक व राजघाट पर लगे हैं। कावड़ यात्रा के दौरान कांवरियों की सुरक्षा व प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखने के लिए कैमरों की व्यवस्था की गई है। इन कैमरों की मॉनिटरिंग को गुन्नौर कोतवाली में केंद्र बनाया गया है। जहां से सभी कैमरो को देखा जा सकेगा। प्रत्येक गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

# सदगुरु भक्ति, ज्ञान और मोक्ष के दाता

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हंस ज्योति-ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर द्वारा जनकल्याण सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ गुरु वंदना से हुआ।

तहसील क्षेत्र के शिव मंदिर रिठाली तथा हनुमान मंदिर ठिलूपुरा, पर भोले महाराज के शिष्य महात्मा कृपानंद ने कहा कि भारतीय संस्कृति और धर्मशास्त्रों में सद्गुरु का बहुत बड़ा महत्व बताया गया है। सदगुरु ज्ञान, भक्ति और मोक्ष के दाता होते हैं जो शिष्य को आत्मज्ञान देकर उसे भगवान से मिलाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान का भजन करने से ही मनुष्य मायारूपी भवसागर से पार हो सकता है। ज्ञान की प्राप्ति के लिए मनुष्य के अंदर सच्चा प्रेम, श्रृद्वा और समर्पण होना चाहिए। महात्मा कृपानंद ने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव को बहुत प्रिय है। सावन में सेवा, सत्संग, भजन और धार्मिक कार्य करने से भक्त को बहुत पुण्य मिलता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव से बड़ा दयालु कोई नहीं है जो थोड़ी सी सेवा-भक्ति से प्रसन्न होकर अपने भक्त को मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होने उमरिया बिताय दई नाम नहीं जाना, निरंजन माला घट में फिरे दिन-रात तथा भक्त एक शिव का चला शिव को मनाने के लिए आदि भजन प्रस्तुत कर लोगों को भक्ति मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। संस्था के प्रचारक भागेश कुमार त्यागी ने कहा कि सतयुग, द्वापर और त्रेता युग में भक्ति करना बहुत कठिन होता था, भक्तों की बड़ी-बड़ी परीक्षाएं होती थीं लेकिन भगवान ने भक्तों पर कृपा करके कलियुग में इसे बहुत सरल बना दिया है। सद्गुरु महाराज से भगवान के सच्चे नाम को जानकर भजन सुमिरण करने से मनुष्य मायारूपी भवसागर से पार उतर सकता है। उन्होंने बताया कि भोले जी महाराज एवं माताश्री मंगला ने आत्मज्ञान देकर लाखों लोगों के जीवन को प्रकाशित किया तथा मानव सेवा के द्वारा उनके जीवन स्तर में बदलाव लाने का काम किया है। भागेश कुमार त्यागी ने- तेरी हीरा जैसी स्वांसा बातों में बीती जाए, छोड़कर संसार जब तू जायेगा तथा सारे तीरथ धाम आपके चरणों में आदि भजनों की प्रस्तुति कर माहोल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान शारदा देवी, भोलेसिंह त्यागी, मा. महेश त्यागी, विजयपाल सिंह, सतवीर त्यागी, ज्ञानपाल त्यागी, बाबा कर्मदास, अमित त्यागी आदि मौजूद रहे। रहे।

# एसपी एडीएम ने थाना दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को थाना समाधान दिवस पर एसपी व एडीएम ने जनसुनवायी के दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार व अपर जिलाधिकारी अध्यक्षता में थाना असमोली पर थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी व एडीएम ने थाने पर फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र निस्तारण को निर्देशित किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार व राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



सम्भल। सात करोड़ की धनराशि अवमुक्त करने पर एक-दूसरे को लड्डू खिलाते हिजामं कार्यकर्ता।

# भव्य परिक्रमा पथ एवं तीर्थों के जीर्णोद्वार के लिए पर्याप्त धन देने की उठी मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शहर के 68 तीर्थ 19 कूपों के जीर्णोद्वार एवं परिक्रमा पथ निर्माण हेतु 7 करोड रुपए मुक्त करने पर समुदाय विशेष में उत्साह है। हिंदू जागृति मंच ने कार्यक्रम का आयोजन कर प्रसन्नता जतायी और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

सूरज प्लाजा में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चित्र पर हिंदू जागृति मंच के कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा की और प्रसाद स्वरूप लडडुओं का भोग लगाकर एक दूसरे को प्रसाद खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डा. अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि सम्भल के मंदिरों को 7 करोड रुपए देने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सभी 68 तीर्थ और 19 कूपों का सीमांकन करने और उनके जीर्णोद्वार के लिए पर्याप्त धनराशि प्रदान करने की भी पुरजोर मांग की। समाजसेवी परीक्षित मोंगिया ने कहा कि सभी 68 तीर्थो के जीर्णोद्वार के उपरांत जिला प्रशासन की ओर से प्रत्येक तीर्थ का एक ट्रस्ट बनाकर वहां पुरोहित नियुक्त किया जाना चाहिए। तीर्थ और मंदिर की स्थाई आमदनी अथवा अनुदान सुनिश्चित करते हुए सरकारी अनुदान अथवा मानदेय देना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने सम्भल के सभी 68 तीर्थ मंदिरों की देखभाल कर रहे पुरोहित का भरण पोषण हेतु न्यूनतम मानदेय देने की व्यवस्था करने को कहा। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने 24 कोसीय परिक्रमा पथ को दिव्य भव्य बनाने की शासन से पुरजोर मांग की। पर्यटन विभाग को समय रहते इस और ध्यान देने का आग्रह किया। हिंदू जागृति मंच के डा. बी पी सिंह चाहल ने कहा की सम्भल की पहचान 68 तीर्थ 19 कूपों से है। यह पहचान दिव्य भव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन ने जो परिश्रम किया है उसके लिए तथा उत्तर प्रदेश शासन के लिए सम्भल की जनता धन्यवाद देती है और कृतज्ञता व्यक्त करती है। हिंदू जागृति मंच के सुभाष चंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर, अरुण कुमार अग्रवाल, वैभव गुप्ता, अजय कुमार शर्मा, परीक्षित मोंगिया, सुरेश कुमार, राजू श्रीमाली आदि अनेक सदस्यों ने पर्यटन विभाग द्वारा सम्भल को 7 करोड रुपए मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। सभी तीर्थ के जीर्णोद्वार एवं परिक्रमा पथ निर्माण के लिए और अधिक अनुदान की मांग की। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार अग्रवाल ने किया।

# कांग्रेस में मिला पुराने वफादारों को सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** कहावत है लगन और मेहनत व पार्टी के लिए तनयमता के साथ समर्पित रहने का फल एक दिन अवश्य मिलता है। पुराने व अब तक अलग-थलग पड़े कांग्रेसियों नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मान सम्मान के साथ उन्हे संगठन की बागडोर सौंपकर फिर पहले जैसा पार्टी का वर्चस्व कायम करने में जुटे हुए है। खराब स्वास्थ्य के बाद भी कांग्रेस के लिए तन मन से समर्पित रहकर निःस्वार्थ रहकर सेवा करने वाले पुराने कांग्रेसी को संगठन की कमान देकर जिलाध्यक्ष ने साबित कर दिया है कि इस बार जनपद में कांग्रेस का अलग ही वर्चस्व जल्दी स्थापित होगा।

### डा. मरगूब को मिली सचिव की कमान

जनपद में जिला और शहर अध्यक्ष का चयन होने के बाद कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इस बार जहां जिला कांग्रेस कमेटी ने पुराने और वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया है तो वहीं शहर कांग्रेस कमेटी ने भी अपनी कमेटी मे कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ी हैं जिला अध्यक्ष हाजी आरिफ और शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने मिलकर अपनी नई टीम मे मजबूत, कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ताओं को जगह दी है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने नगर के मौहल्ला चमन सराय निवासी डा. मरगूब अहमद को शहर सचिव के पद से नवाजा है। बरसों से खराब स्वास्थ्य के बाद भी कांग्रेस के लिए तन मन से जुड़े रहकर सेवा करते चले आ रहे डा. मरगूब अहमद भी इस पद को ग्रहण करने के बाद काफी खुश है तथा पार्टी को और भी मजबूती प्रदान करने में जुट गये हैं। उनका कहना है कि जो मान सम्मान कांग्रेस पार्टी करती है वह किसी और पार्टी मे नहीं मिलता।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में तैनात भ्रष्ट ज्येष्ठ खनन अधिकारी शैलेन्द्र पटेल के भ्रष्टाचार और अवैध कमाई का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि पटेल ने खनन माफियाओं के साथ मिलीभगत करके सौ से डेढ़ सौ करोड़ की अवैध संपत्ति जुटाई है। जिसकी शिकायत मुख्यसचिव सहित प्रदेश के तमाम उच्चाधिकारियों से की जा चुकी है। लेकिन एक स्वजातीय केंद्रीय मंत्री से मिल रहे संरक्षण के चलते उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पूर्व विधायक रामसेवक पटेल ने आरोप लगाया है कि खनन अधिकारी शैलेन्द्र पटेल खनन की लिहाज से महत्वपूर्ण जिलों में तैनाती लेकर तकरीबन डेढ़ सौ करोड़ की अवैध संपत्ति जुटा चुका है। जो कि उसकी आय से कई गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा की जनप्रतिनिधि होने के नाते वे शैलेन्द्र पटेल की शिकायत शासन में तकरीबन हर स्तर पर कर चुके है। लेकिन उसका इतना रसूख है कि कोई अधिकारी उस परः कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है।

# डीएवी में छात्र नेता किए अलंकृत

शाह टाइम्स,संवाददाता



**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, में शनिवार को सत्र 2025-26 के लिए छात्र परिषद के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का अलंकरण समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय परिसर में छोटे बच्चों के लिए बनाए गए नए क्रीड़ा स्थल का भी उद्‌घाटन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन व यारा फर्टिलाइजर कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम. एस. प्रसाद विशेष रूप से रहे। तत्पश्चात विद्यालय के सभागार में अलंकरण समारोह में नवनियुक्त छात्र परिषद् के सदस्यों को विद्यालय के अनुशासन, संस्कृति एवं मूल्यों की शपथ दिलाई गई। चैयरमैन एम. एस. प्रसाद ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नेतृत्व केवल पद नहीं, बल्कि सेवा और उत्तरदायित्व का प्रतीक होता है। छात्र परिषद जैसी व्यवस्थाएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सेना भावना और संगठन कौशल को विकसित करती हैं। उन्होंने विद्यालय के अनुशासन और शिक्षण परंपरा की सराहना करते हुए सभी चयनित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि नेतृत्व निर्माण की प्रयोगशाला है। उन्होंने कहा कि आज जिन विद्यार्थियों ने पदभार ग्रहण किया है, वह केवल सदनों या कक्षाओं के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय के अनुकरणीय नेतृत्व कर्ता हैं। उन्होंने सभी छात्रों से आशा व्यक्त की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, समर्पण और विवेक के साथ करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की छात्र परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों सोही बिस्वास, यश यादव,एंजल गुप्ता, को उप मुख्य छात्र, सुमुख पांडेय विज्ञान को उप मुख्य छात्र, प्रीषा महाजन विज्ञान को सांस्कृतिक कप्तान छात्र, शौर्य अग्रवाल वाणिज्य को सांस्कृतिक कप्तान छात्र कनीश्का किशोर विज्ञान को खेल कप्तान छात्र, शिव प्रताप वाणिज्य को खेल कप्तान छात्र सृष्टि विज्ञान को स्वास्थ्य एवं कल्याण कप्तान छात्र तथा यशवर्धन विज्ञान को स्वास्थ्य एवं कल्याण कप्तान छात्र के रूप में नामित किया गया। इन प्रमुख पदाधिकारियों के अतिरि विद्यालय की चारों सदनों दयानंद, गांधी, टैगोर एवं विवेकानंद हाउस के लिए भी विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट छात्रों का चयन किया गया, जिनमें वरिष्ठ एवं कनिष्ठ प्रीफेक्ट्स, खेल, सांस्कृतिक तथा स्वास्थ्य एवं कल्याण से संबंधित प्रतिनिधि सम्मिलित हैं। सभी चयनित छात्र-छात्रओं ने विद्यालय के आदर्शों के अनुरूप अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व के साथ कार्य करने की शपथ ली।



सम्भल। श्रीबालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान में छात्र-छात्राओं के साथ पौधे लगाते प्रधानाचार्य



सम्भल। रोटरी क्लब के नव चयनित अध्यक्ष का स्वागत करते।

# डा. प्रशांत वार्ष्णेय चुने गए रोटरी क्लब के अध्यक्ष

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रोटरी क्लब मिडटाउन की सभा में बीते सत्र में किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए नवीन सत्र के लिए अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव किया गया।

मुरादाबाद रोड स्थित यशोदा रेस्तरां में आयोजित सभा में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर डा. प्रशांत वार्ष्णेय, सचिव पद पर सुमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष के लिये आलोक गुप्ता का चयन किया गया। नवचयनित टीम का सभा में तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सम्मानित किया। पिछले वर्ष के अध्यक्ष वेद चाहल, अवधेश वार्ष्णेय, टिंकू टंडन, नीरज भारद्वाज शिवांश अग्रवाल आदि ने माला पहना कर स्वागत किया, नये अध्यक्ष डा. प्रशांत वार्ष्णेय ने क्लब के द्वारा सामाजिक कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान क्लब सदस्य प्रिय रत्न आर्य, गौरव वार्ष्णेय, अमित सोनू, गौतम गंभीर, हरदीप क्विटि, निखिल शर्मा, विशाल मोंगिया, मनीष अग्रवाल, चंद्रेश आर्य, हिमांशु पुनिया, प्रभात रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

## काउंसलरों के प्रयासों से दो रूठे परिवार हुए एक

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर काउंसलरों की मदद से रूठे परिवारों को एक कराया।

बहजोई मंडी समिति स्थित पुलिस परामर्श केन्द्र पर महिला सेल प्रभारी पुनम आनंद के नेतृत्व में आयोजित बैठक में पति-पत्नी के मध्य भी आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया। बैठक में कुल 7 पत्रावली सुनकर 15 पत्रावलियों का निस्तारण किया।

# हादसे में मरने वालों के परिवारों से मिलेगा सपा का प्रतिनिधिमंडल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** दर्दनाक हादसे में दूल्हा समेत सात की मौत पर सपा का प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बधाने पहुंचेगा। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने बताया कि जुनावई थाना क्षेत्र के ग्राम हरगोविंदपुर से बुलेरो में सवार होकर दूल्हा और बाराती जा रहे थे। कुछ दूरी पर जाकर बुलेरो स्कूल की दीवार से टकरा गयी थी। हादसे में दूल्हा समेत सात की मौत हो गयी थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर दर्दनाक सड़क हादसे में मारे गए लोगों के शोकाकुल परिजनों से एक प्रतिनिधि मंडल बदायूं सांसद आदित्य यादव के नेतृत्व में मुलाकात करेगा और पीड़ित परिवार को सांत्वना देगा।

# मेधावी छात्रा का पायोनियर ने किट देकर किया सम्मान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र के कैला देवी स्थित बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कलेज के छात्रा के यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में हाई स्कूल में कॉलेज टॉपर को बैग के साथ शिक्षा किट प्रदान की गयी।

### यूपी बोर्ड से हाई स्कूल में रही है टॉपर

यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में कक्षा 10 में छात्रा आरती यादव ने 600 में से 544 अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया था। शनिवार को मेधावी छात्रा को शनिवार को पायोनियर कंपनी द्वारा एक बैग के साथ पायोनियर शिक्षा किट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कंपनी कर्मचारियों द्वारा अन्य बच्चों को भी शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक अजयपाल सिंह, मोहरपाल सिंह, सुधीर कुमार, यशपाल सिंह, प्रियंका यादव, गिरवर सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



सम्भल। बाबा रतनगिरि कॉलेज की मेधावी छात्रा को किट देकर सम्मानित करते।

## एसपी ने परखी जामा मस्जिद पर सुरक्षा व्यवस्था

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित नवनिर्मित सत्यव्रत पुलिस चौकी पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने चौकी पर तैनात पुलिस बल की जांच की। इस दौरान एसपी ने पुलिस चौकी पर बने कंट्रोल रूम तथा जामा मस्जिद पर लगे पुलिस बल को चैक किया। इस दौरान उन्होने मौजूद पुलिस कर्मियों को डयूटी के दौरान बरते जाने वाली सावधानियों को लेकर ब्रीफ किया।

# एक पेड़ अवश्य लगाएं मां के नाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** वृक्षारोपण अभियान के तहत एक पेड़ माँ के नाम लगाकर लगाकर वृक्षारोपण को प्रेरित किया।

### बालाजी ज्ञान ज्योति में कराया गया वृक्षारोपण

श्रीबालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान हल्लू सराय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक विकास कुमार वर्मा ने कहा कि हमारे जीवन में पेड़ों का अधिक महत्व है। पेड़ लगाने से पर्यावरण और मानव जीवन दोनों को अत्याधिक लाभ होते हैं। उन्होने कहा कि वायु को शुद्ध करने के साथ मिटटी का कटान रोकते हैं।जलवायु को परिवर्तन कम करने में मदद करते है और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। इसके अलावा पेड़ फल,फूल, छाया और लकड़ी प्रदान करते हैं।इसलिए पेड़ वास्तव में जीवन का आधार हैं। उन्होने अपने जन्म दिन अथवा अन्य शुभ दिनों पर विद्यालय, मंदिर और सड़क व आसपास के स्थानों पर जहां पर्याप्त स्थान हों पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। प्रबंधक दीपक शर्मा ने कहा कि ग्रंथों और वैज्ञानिकों के अनुसार आषाढ़ माह में पौद्ये लगाने का अधिक महत्व है, क्योंकि इस समय वर्षा खूब होती है।जिसमें पेड़ मुरझाते नहीं,बल्कि जल्दी बड़े हो जाते हैं। उन्होने कहा कि पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड और वाहनों से निकलने वाली विषैली गैस को सोख लेते है और ऑक्सीजन छारेड़कर पर्यावरण को शुद्ध रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यही शुद्ध ऑक्सीजन मनुष्य के प्राण दायिनी होती है।इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। जबकि आकांक्षा ठाकुर, पारूल ठाकुर, काजल, पायल, रेखा बहुगुणा, नंदिनी, प्रियंका, रूपाली आदि मौजूद रहे।

# बारिश में जलभराव से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** करूला इस्लाम नगर धीमरी रोड की सड़क पर थोड़ी सी बारिश होते ही सड़क पर लगभग 2 फीट पानी भर जाता है, जिससे स्थानीय जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर गली नंबर 15 से 18 तक की सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। नगर निगम द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर नाले साफ करने के दावे किए गए हैं, लेकिन आज तक इस क्षेत्र में जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं बन पाई है। नतीजतन, बारिश होने पर पानी का निकास न होने के कारण सड़कें तालाब में तब्दील हो जाती हैं। यह स्थिति मुरादाबाद के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि शहर स्मार्ट सिटी बनने की दिशा में अग्रसर है।



लेकिन वहीं दूसरी ओर, नगर निगम के वार्डों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव साफ नजर आता है। धीमरी रोड की जलजमाव की समस्या इस बात का प्रमाण है कि शहर के कुछ हिस्सों में विकास की रफ्तार धीमी है और जनता को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि बारिश के दौरान घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है, बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और बुजुर्गों को विशेष परेशानी होती है।

नाले साफ कराने के बावजूद पानी का निकासी का सही रास्ता न होने से समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार मुरादाबाद में अगले कुछ दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा, जिससे जलजमाव की समस्या और बढ़ सकती है। ऐसे में नगर निगम को तत्काल प्रभाव से जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था करनी होगी ताकि जनता को राहत मिल सके। यह समस्या सिर्फ धीमरी रोड तक सीमित नहीं है, बल्कि मुरादाबाद के कई वार्डों में जलभराव की समस्या आम है, जो शहर के विकास के लिए बड़ी बाधा है। जनता की आवाज को सुनते हुए प्रशासन को जल निकासी के स्थायी समाधान पर काम करना होगा ताकि मुरादाबाद स्मार्ट सिटी की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सके।

# चोरों ने लाखों के माल पर किया हाथ साफ





**कांठ।** चोरों ने किसान के घर में नकब लगाकर लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया पीड़ित ने थाना छजलैट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना छजलेट क्षेत्र के गांव चेतरामपुर निवासी अरशद पुत्र फकीरा अपने घर में सोया हुआ था लेकिन रात में चोरों ने किसी वक्त दो जगह नकब लगाकर नगदी सोने चांदी के जेवर सहित लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया किसान ने करीब चार लाख के नुकसान की बात कही सुबह घटना का पता लगा तो ग्रामीणों का ताता लग गया एक ही घर में दो जगह नकब लगे देखकर ग्रामीण चौंक गए।

पीड़ित किसान ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# टीएमयू के एग्रीकल्चर कॉलेज में कृषि उद्यमिता की अपार उम्मीदें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** कृषि हम सबके जीवन का एक अभिन्न अंग है। देश में लगभग 70 प्रतिशत लोग काश्तकार हैं। ये देश की रीढ़ के हड्डी के मानिंद हैं। कृषि प्रधान देश होने के नाते सरकारों का कृषि उत्थान पर विशेष फोकस है। कृषि में स्नातक/ परास्नातक/ पीएचडी होने के बाद युवाओं को सरकारी विभागों, निजी कंपनियों, अनुसंधान संस्थानों, कृषि उत्पादक कंपनियों, एनजीओ में आकर्षक जॉब्स के संग-संग स्टार्टअप्स तक स्वर्णिम करियर के तमाम विकल्प खुले हैं। प्राकृतिक खेती, स्ट्रॉबेरी खेती, ड्रेगन फ्रूट की खेती, बांस की खेती, मोती की खेती, मशरूम की खेती, डेयरी, मुर्गी पालन, रेशम उत्पादन, सुअर पालन, मधुमक्खी पालन, मछली पालन, बागवानी, नर्सरी उत्पादन, ग्रीन हाउस, पॉली हाउस, फ्लॉवर, कोल्ड स्टोर आदि क्षेत्रों में युवाओं के लिए स्वरोजगार की भी अपार सम्भावनाएं हैं। यदि युवा कृषि के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज बेस्ट है। कॉलेज में चार वर्षीय बीएससी-ऑनर्स, एमएससी- एग्रोनॉमी, साइल




साइंस और प्लांट पैथोलॉजी में स्पेशिलाइजेशन में कृषि पाठ्यक्रम के संग-संग पीएचडी की सहूलियत भी है। टीएमयू का यह कृषि कॉलेज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- आईसीएआर से मान्यता प्राप्त है। कॉलेज में यूपी के अलावा बिहार, आन्ध्रप्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, जम्मू एंड कश्मीर, असम, मणिपुर, त्रिपुरा आदि सूबों के सैकड़ों स्टुडेंट्स अध्ययनरत हैं। कृषि के क्षेत्र में करियर की बात की जाए तो छात्रों का रुझान इसकी बढ़ती पॉप्युलैरिटी भी है। मौजूदा समय में हाईटेक कृषि की दरकार है। नवीनतम तकनीकों के चलते ड्रोन के संग-संग हाइड्रोपॉनिक फार्मिंग और जैव प्रौद्योगिकी को अपनाने पर जोर है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डीन प्रो. पीके जैन बताते हैं, उन्नत कृषि तकनीकों के प्रशिक्षण के लिए कॉलेज के चार दर्जन स्टुडेंट्स लाखों के सालाना स्टाइपेंड पर डेनमार्क और जर्मनी जा चुके हैं। कॉलेज के दर्जनों स्टुडेंट्स केन्द्र की सहायता से स्वयं का पेस्टिसाइड, मछली पालन आदि का व्यवसाय प्रारम्भ किया है। साथ ही किसान उत्पादन संगठन के बैनर तले किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं। 2025 तक कॉलेज के पास आउट स्टुडेंट्स का प्लेसमेंट नामचीन कम्पनियों जैसे सिंजेन्टा, बायर जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनी, बायजू, गुजरात पेस्टिसाइड, समूर एग्रो, रेलवा एग्रो, जिनेवा क्रॉप्स, सिमफेड ऑर्गेनिक आदि में हुआ है। कॉलेज का प्लेसमेंट रिकार्ड शत-प्रतिशत है। स्टुडेंट्स का अधिकतम पैकेज अठारह लाख सालाना है। कॉलेज में ऑल फैकल्टीज नेट और पीएचडी हैं। स्टुडेंट्स के लिए आईसीएआर करिकुलम, उत्कृष्ट एग्रीकल्चर फील्ड, श्रेष्ठ प्रयोगशालाएं कालेज की विशेषताओं में शुमार हैं।

# थाना समाधान दिवस में आई छह शिकायतें, एक का निस्तारण

**भोजपुर।** शनिवार को थाना दिवस में जमीन एवं चकमार्ग पर कब्जा करने से संबंधित छह ग्रामीणों ने शिकायतें दर्ज कराई। पुलिस ने एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया प्रभारी निरीक्षक की अनुपस्थिति में थाना दिवसाधिकारी का कार्यभार देख रहे उप निरीक्षक अनिल कुमार गोस्वामी को गांव गणेशपुर देवी निवासी महमूद ने पड़ोसी गांव मंढेया निवासी महावीर व चंद्र पाल पर जमीन के गड़े पिलर को हटाकर जमीन की मिट्टी खनन वालों को बेचने, थाना छजलैट के गांव बीबीपुर निवासी छोटे ने गांव सिरसवां दोराहा में स्थित आधा बीघा जमीन पर मुस्तफा आदि पर कब्जा करने,पीपलसाना निवासी शहनाज ने नौशे पर जबरदस्ती तीन बीघा जमीन जोतने, गांव सिढ़ावली निवासी श्याम सिंह ने अखलाक पर चकमार्ग पर कब्जा करने, गांव ठीकरी निवासी अकील अहमद ने अब्दुल हसन पर चकरोड पर कब्जा करने एवं गांव सेहल निवासी रतन किशोर ने विजय पाल पर चकमार्ग पर कब्जा करने के आरोप में तहरीर देकर कब्जा हटाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने एक शिकायत का मौके पर पहुंचकर निस्तारण कर दिया। पांच प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के लिए अगली तिथि नियत कर दी है।

## एक नजर

### अमेजन बिजनेस ने प्राइम डे पर की आकर्षक डील्स की घोषणा

**मुरादाबाद।** अमेजन बिजनस 12 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक अपने बिजनस कस्टमर के लिए इस प्राइम डे पर कुछ आकर्षक डील्स की घोषणा करता है। पहली बार, प्राइम डे 72 घंटे का शॉपिंग सेलीब्रेशन होगा, जिसमें बिजनस कस्टमर्स लैपटॉप, टैबलेट, हेडफोन, एसी, कूलर, पंखे, ऑफिस फर्नीचर, किचन एप्लायसेंस एवं इंडस्ट्रीयल सप्लाई जैसे विभिन्न उत्पादों आकर्षक डील्स का फायदा उठा सकते हैं। ग्राहक विभिन्न श्रेणियों में बल्क खरीदारी करने पर 20प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट का भी लाभ उठा सकते हैं और अपने प्रीपेड ऑर्डर पर एलिजबल श्रेणियों में 9,999 रुपये तक का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। इस प्राइम डे पर इन शानदार डील्स का लाभ उठाने के लिए अमेजन बिजनेस पर जाना ना भूलें। टैबलेट और लैपटॉप की बल्क खरीद पर 65प्रतिशत तक की छूट पाएँ। डेल गेमिंग जी15-5530, इंटेल कोर आई5--13450एचएक्स प्रोसेसर: इस लैपटॉप की शानदार पोर्टेबिलिटी इसे घर में या यात्रा के दौरान के लिए एक परफेक्ट सहयोगी बनाती है। इसका आकर्षक डिजाइन आपके बैग में आसानी से आ जाता है। यह इंटेल कोर आई5 प्रोसेसर, एनवीडिया जीफोर्स आरटीएक्स 3050-6जीबी, 16जीबी रैम, 512 जीबी एसएसडी, 15.6 इंच डिस्प्ले के साथ आता है। पहले इसका अधिकतम खुदरा मूल्य, 1,03,146 था, लेकिन अब बिजनस कस्टीमर इसकी बल्क् खरीद पर इसे सिर्फ 63,854 प्रति पीस की दर से खरीद सकते हैं।

### सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**बिलारी।** नगर के मुहल्ला अब्दुल्ला बाड़ा निवासी पैंतीस वर्षीय मोहम्मद नजर सुबह दैनिक मजदूरी करने आटो में बैठकर मुरादाबाद जा रहा था। हाथीपुर गांव में ईसापुर मोड़ के निकट के तेज रफ्तार अज्ञात कार ने सामने से टक्कर मार दी इससे दोनों बहन बुरी तरह टूट गए। जिसमें आटो चालक ताहिर पुत्र टिक्का निवासी वारसी नगर जामा मस्जिद मुरादाबाद, मोहम्मद नजर और कार चालक नदीम पुत्र यासीन आदि घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान मोहम्मद नजर की मौत हो गई है। अपरान्ह मोहम्मद नजर का शव पहुंचने पर मां सिद्दीकन बेगम, पत्नी चांदनी और पांच वर्ष की बेटी आलिया का बुरा हाल हो गया जिन्हें लोगों ने मुश्किल से संभाला।

### कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी अध्यापक सोमपाल सिंह का हृदयाघात से निधन



**बिलारी।** क्षेत्र के गाँव बिचौला ढूकी में कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी अध्यापक सोमपाल सिंह का सवेरे पांच बजे उनके चंदौसी में अशोकनगर स्थित आवास पर हृदयाघात होने के कारण निधन हो गया। उनके शिक्षक पुत्र चंद्रकांत ने बताया कि पिताजी रोजाना की तरह सवेरे विद्यालय जाने की तैयारी कर रहे थे कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी तो माताजी ओमवती ने मुझे जगाया हम लोग तत्काल उन्हें नगर के निजी चिकित्सक के पास ले गए वहां से उन्हें मुरादाबाद ले जाने की सलाह दी महानगर के अस्पताल तक पहुंच भी गए थे परंतु उससे पहले ही उनकी सांसें थम गई उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सांस फूलने की शिकायत थी चिकित्सक को दिखाया तो जांच में सब ठीक आया उन्होंने कहा वजन काम करने की सलाह दी थी। वह प्रतिदिन चंदौसी से अमरपुर काशी तक बस द्वारा आते थे वहाँ से पांच किलोमीटर साइकिल चलाकर विद्यालय पहुंचते थे। छोटा बेटा नरेंद्र कुमार दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है जबकि तीन बड़ी विवाहित बेटियां हैं। उनके निधन की सुनकर शिक्षा जगत में शोक छा गया। खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद अजहरे आलम के अलावा शिक्षक संघ के अध्यक्ष राज बहादुर सिंह, सुरजीत सिंह यादव, रोहित मिश्रा, फरहत अली, नीरज शर्मा, अखलाक हुसैन, डॉ वीरपाल यादव आदि ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### परिषदीय स्कूलों में बनेगी 'लर्निंग बाई डूइंग लैब' कक्षा 6 से 8 तक के बच्चे पर्यावरण, स्वास्थ्य व पोषण से जुड़ा व्यावहारिक प्रशिक्षण लेंगे

**कांठ ( ओमवीर बिश्नोई )।** प्रदेश सरकार स्कूलों में पढ़ाई को किताबी ज्ञान से आगे बढ़ाकर कौशल, नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जाने के लिए काफी प्रयास कर रही है। इसी क्रम में समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रयोग करके सीखने (लर्निंग बाई डूइंग) लैब से राज्य के सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन के साथ बच्चों का कौशल विकास भी किया जा रहा है।प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को धरातल पर उतारा जा रहा है। इसके तहत इस लैब के माध्यम से कक्षा 6 से 8 में पढ़ाई के साथ-साथ लकड़ी व धातु से नए प्रयोग, ऊर्जा व पर्यावरण, कृषि-बागवानी, स्वास्थ्य व पोषण जैसे विषयों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसी क्रम में अब नए सत्र 2025-26 में और 3288 और स्कूलों में लर्निंग बाई डूइंग लैब की स्थापना की जाएगी। समग्र शिक्षा और इसका विस्तार होगा। इससे लाखों छात्राएं व्यावसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण लेंगे। जबकि 2024-25 में प्रदेश के 2274 उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में लर्निंग बाई डुइंग लैब की स्थापना की गई है। हर लैब में आधुनिक उपकरण आदि सामग्री दी गई है। इसके लिए स्कूल प्रबंधन समिति को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी । पायलट परियोजना के तहत जिलों के 60 विद्यालयों में यह कार्यक्रम किया गया था, जहां 5,937 विद्यार्थियों विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया। यूनिसेफ और विज्ञान आश्रम के तकनीक सहयोग से 60 स्किल आधारित गतिविधिय का शिक्षक मैनुअल विकसित किया गया। इसे राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा अनुमोति किया गया है।

### भगतपुर टांडा के चार स्कूलों को बीएसए ने दूसरे स्कूलों से जोड़ा

**भोजपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने16 जून के शासनादेश व महा. निदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के 20 जून के पत्र के क्रम में भगतपुर टांडा के चार स्कूलों को निकटवर्ती स्कूलों में जोड़ने के आदेश जारी किए हैं। शासनादेश के अनुपालन में बीएसए विमलेश कुमार ने खंड शिक्षा अधिकारी भगतपुर टांडा मनोज कुमार बोस की आख्यानुसार गांव धर्मपुर में स्थित जूनियर हाईस्कूल को पीएस धर्मपुर से, कालाझांडा में स्थित पीएस को जेएच एस पदियानंगला से, गांव सकटपुरा में स्थित पीएस को जेएचएस सकटपुरा से एवं गांव मानपुर में स्थित जेएचएस मानपुर को कन्या क्रमोत्तर जेएचएस मानपुर से जोड़ने के आदेश जारी किए हैं। निकटवर्ती स्कूलों में जोड़े गए चारों स्कूलों में पंजीकृत छात्र-छात्राओं की संख्या 50से भी कम है।

# आईसीएआर-आईएआरआई के कुलपति ने किया विश्वविद्यालय का दौरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में कृषि अनुसंधान और अकादमिक क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईसीएआर-आईएआरआई के कुलपति डॉ. चौधरी श्रीनिवास राव के नेतृत्व में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय का दौरा किया। प्रति. निधिमंडल में उनके साथ आईएआरआई के संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) डॉ. सी. विश्वनाथन, आनुवंशिकी विभाग के प्रमुख डॉ. एस. गोपाल कृष्णन एव बीज उत्पादन इकाई के प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह शामिल रहे, जिन्होंने स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की ओर से किए जा रहे अनुसंधान कार्यों और नवाचारों को बारीकी से देखा। आईएआरआई के प्रतिनिधिमंडल



के सदस्यों ने विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान कार्यों और नवाचारों में कठोर कृषि मानकों को बनाए रखने के प्रयासों तथा उच्च मूल्य वाली बासमती चावल की किस्म की खेती में अपनाई गई वैज्ञानिक प्रथाओं की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कृषि अनुसंधान, बीज प्रौद्योगिकी, अनुवांशिकी और शैक्षणिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में संभावित सहयोगी पहलों पर विचार-विमर्श करने के साथ ही बीज उत्पादन प्रणालियों में अनुसंधान उत्कृष्टता, विद्यार्थियों की भागीदारी और नवाचार को आगे बढ़ाने में आपसी हितों पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुल. पति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह, कृषि विज्ञान एण्ड कृषि इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल समेत विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने आईसीएआर-आईएआरआई के कुलपति डॉ. राव तथा प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों का पुष्पगुच्छ व प्रतीक-चिन्ह भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि कृषि के क्षेत्र में भारत सरकार की अग्रणी संस्था के साथ हम मिलकर काम करेंगे और कृषि उत्पादन और विपणन को उच्च शिखर पर पहुंचाकर किसानों को लाभान्वित कर सकेंगे। स्कूल के निदेशक डॉ. सिंह ने बताया कि यह महत्वपूर्ण दौरा आईएफटीएम विश्वविद्यालय और आईएआरआई के बीच एक रणनीतिक गठबंधन की शुरुआत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आईएआरआई की ओर से संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रमों, विद्यार्थी प्रशिक्षण मॉड्यूल और उन्नत बीज उत्पादन के क्षेत्र में की गई पहलों के माध्यम से भारत के कृषि अनुसंधान परिदृश्य में व्यापक बदलाव आने के साथ ही कृषि पाठ्यक्रम के विद्यार्थी भी कृषि के क्षेत्र में नवीन व उन्नत तकनीकों को सीख सकेंगे।

# मुस्लिम कॉलेज में किया गया पौधारोपण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुरादाबाद।** हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज मे ष्एक पेड़ माँ के नाम ष्के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम का आरम्भ प्रधानाचार्य नोमान जलील व एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन द्वारा पौधे लगाकर किया गया.एन एस एस वालंटियर्स द्वारा एक -एक पौधा लगाया गया. कॉलेज स्टॉफ तथा छात्रों द्वारा भी पौधरोपण किया गया।

विद्यालय परिसर एवं आस पास पौधरोपण किया गया, लगाये गये पौधों मे गुलमोहर, आमला,मेहंदी,चांदनी, वॉटल ब्रश, भुज खलीफा, नीम कन्हेर, हार सिंगार, सागनी व इमली के पौधे मुख्य रूप से लगाये गए। इस



अवसर पर विद्यालय स्टॉफ ने 100 पौधे लगाये.कार्यक्रम अधिकारी ने पौधों के महत्व एवं आवश्यकता पर विस्तार से समझाया

# पंचायत चुनाव की तैयारी : मतदाताओं का सर्वे 14 अगस्त से होगा शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांठ।** प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तैयारियों का बिगुल बज चुका है। घर-घर जाकर मतदाताओं की गणना, सर्वेक्षण और हस्तलिखित ड्राफ्ट तैयार करने का काम 14 अगस्त से 29 सितंबर के बीच होगा। 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों को संशोधित करने के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय में शामिल होने की स्थिति में समाप्ति एवं मतदाता सूची के प्रिंट करने की कार्यवाही 18 जुलाई से 13 अगस्त के बीच होगी। इसी अवधि में बीएलओ और पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन, प्रशिक्षण और स्टेशनरी बांटने का काम पूरा किया जाएगा।मतदाता सूची में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि 14 अगस्त से 22 सितंबर रहेगी। ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जांच 23 सितंबर से 29 सितंबर के बीच की जाएगी। अनंतिम मतदाता सूची 5 दिसम्बर को प्रकाशित होगी फाइनल प्रिंट 15 जनवरी को: 25 नवंबर से 4 दिसंबर तक मतदान केंद्र व स्थलों को क्रम देने, वार्डों की मैपिंग आदि देने का काम पूरा होगा। अनंतिम मतदाता सूची का ड्राफ्ट 5 दिसंबर को प्रका. शित होगा। अनंतिम मतदाता सूची का मुआयना 6 दिसंबर से 12 दिसंबर के बीच किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां 6 दिसंबर से 12 दिसंबर तक ली जाएंगी। 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के दावे एवं आपत्तियां स्वीकार किए जाएंगे। इन दावों और आपत्तियों का निस्तारण 13 दिसंबर से 19 दिसंबर के बीच किया जाएगा। निस्तारण के बाद इनके ड्राफ्ट 20-23 दिसंबर के बीच सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने होंगे। मूल सूची में इन्हें 24 दिसंबर से 8 जनवरी के बीच शामिल किया जाएगा। मतदाता केंद्रों व मतदाता सूची को क्रम देने, वार्डों की मैपिंग आदि का काम 9 जनवरी से 14 जनवरी के बीच किया जाएगा।

जनसामान्य के लिए अंतिम सूची का प्रकाशन 15 जनवरी को होगा।मतदाता सूची के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि किसी भी स्थिति में समय सीमा नहीं बढ़ाई जाएगी।

## शक्तिनगर की सड़क बनने के 10 दिन बाद ही धंसने लगी



**चन्दौसी।** नगर को सुंदर और विकसित बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा भेजे जा रहे करोड़ों रुपयों के बजट के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शक्तिनगर में बनी नई सड़क पहली ही मूसलाधार बारिश में जगह-जगह से धंसने लगी है जिससे निर्माण गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा स्थायी अतिक्रमण हटाकर शक्तिनगर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया गया था। निर्माण के समय ही स्थानीय लोगों द्वारा सड़क की गुणवत्ता को लेकर संदेह जताया गया था, जो अब सच साबित होता नजर आ रहा है। पहली ही बारिश ने नई सड़क की हालत ऐसी कर दी कि वह कई जगहों से बैठने लगी है। नगरवासियों का कहना है कि यदि इस तरह विकास कार्यों में लापरवाही बरती जाती रही, तो सरकार की योजनाएं और बजट दोनों ही व्यर्थ साबित होंगे।

# सरकड़ा गांव में कृषक गोष्ठी का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** नगर से सटे सरकड़ा गांव के प्रगतिशील कृषक और आरेंद्र बड़गोती द्वारा ऑर्गेनिक खेती प्रदेश भर में ख्याति पा रही है। अभी पिछले महीने उत्तराखंड और यूपी के कृषि वैज्ञानिकों ने यहां आकर इनके द्वारा गन्ने के सहफसली के रूप में उगाई गई मिलेट्स रागी की फसल पर अध्ययन किया और इस नवाचार बताते हुए काफी सराहना की दूसरे कृषकों से भी इसे अपनाने को कहा। अब बारह जुलाई को प्रदेश के अपर गन्ना आयुक्त वीवी सिंह ने जनपद मुरादाबाद भ्रमण के दौरान आरेंद्र बड़गोती पुत्र ऊदल सिंह के फॉर्म पर प्राकृतिक खेती गन्ने की विभिन्न प्रजातियों को०लख०14201, को०15023,को०शा०17231,को०0



118 के साथ सहफसली रागी,हल्दी के प्लॉटों व आधार पौधशाला (प्रजाति- को०लख०16202) तथा गन्ने से बने विभिन्न उत्पादों का निरीक्षण किया।

तत्पश्चात डिलीट हुए पेड़ी प्लॉटों का उपस्थित कृषकों से वार्ता कर सत्यापन किया। इसके बाद ग्राम-ग्वालखेड़ा में पेड़ी के डिलीट होने वाले प्लॉटों का मौके पर जांच किया। इसके पश्चात ग्राम ग्वारऊ में कृषक विकासराज सिंह के यहां ट्रेंच विधि से बोई गई गन्ना प्रजाति-को०शा०13235 के पौधा एवं पेड़ी प्लॉटों का निरीक्षण किया। पेड़ी प्लॉट में आर०एम०डी०यंत्र का प्रयोग किया गया है। यहाँ कृषक गोष्ठी का आयोजन कर उपस्थित कृषकों वार्ता कर डिलीट हुए पेड़ी प्लॉटों का सत्यापन भी किया। निरीक्षण के दौरान अपर गन्ना आयुक्त (समितियां) डॉ वी वी सिंह, उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह, जिला गन्ना अधिकारी सम्भल धनीराम, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बिलारी संजीव कुमार, मुरादाबाद के सिराज मलिक, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बिलारी आर के पाठक, बिलारी चीनी मिल उपाध्यक्ष सुभाष खोखर, महाप्रबंधक चीनी मिल बिलारी गिरीश कुमार के अलावा कृषक नेपाल सिंह हेमंत कुमार किशन बाबू मिंटू प्रदीप राजवीर व्रतपाल सिंह, दानवीर आदि शामिल रहे।

# गन्ना किसानों का उत्थान सरकार की शीर्ष प्राथमिकताः अपर गन्ना आयुक्त

## बैठक में अपर गन्ना आयुक्त ने गन्ना सर्वेक्षण वास्ते वर्ष 2025-26 के चीनी मिलवार पौधा (शरदकालीन एवं बसंतकालीन), पेड़ी (प्रथम एवं द्वितीय) की समीक्षा कर दिए निर्देश

**■ अपर गन्ना आयुक्त (समितियां) उ. प्र लखनऊ/नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में परिक्षेत्र के सभी जिला गन्ना अधिकारियों, सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, समस्त सचिव सहकारी गन्ना विकास समितियां एवं सभी चीनी मिलों की बैठक गन्ना भवन सभागार मुरादाबाद में सम्पन्न**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उ.प्र, लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अपर गन्ना आयुक्त (समितियां) उ. प्र लखनऊ/नोडल अधिकारी, परिक्षेत्र मुरादाबाद डॉ वी. बी. सिंह अपने मुरादाबाद परिक्षेत्र भ्रमण के दूसरे दिन दिनांक 12 जुलाई 2025 को मुरादाबाद की गन्ना विकास परिषद बिलारी के ग्राम-सरकड़ा में कृषक श्री आरिन्दर बड़गोती पुत्र ऊदल सिंह के फॉर्म पर प्राकृतिक खेती एवं गन्ने की विभिन्न प्रजातियों को.लख.14201, को. 15023,को.शा.17231, को.0118 के साथ सहफसली रागी, हल्दी के प्लॉटों व आधार पौधशाला (प्रजाति-को. लख.16202) तथा गन्ने से बने विभिन्न उत्पादों तथा गन्ना सर्वेक्षण की शुद्वता को परखा उन्होंने डिलीट हुए पेड़ी प्लॉटों का मौके पर उपस्थित कृषकों से वार्ता कर चीनी मिल कार्मिक एवं राजकीय गन्ना पर्यवेक्षकों द्वारा किये गये सत्यापन का क्रॉस चौक किया। इसके बाद ग्राम-ग्वालखेड़ा में कृषका श्रीमति चन्द्रवती पत्नी श्री फूल सिंह के पेड़ी के डिलीट होने वाले प्लॉट की मौके पर जांच की। इसके पश्चात ग्राम-ग्वारऊ में कृषक के यहां ट्रेंच विधि से बोई गई गन्ना किस्म- को.शा. 13235 के पौधा एवं पेड़ी प्लॉटों का निरीक्षण किया। पेड़ी प्लॉट में आर.एम. डी.(पेडी प्रबन्ध डिवाइस) यंत्र का प्रयोग किया गया है। उन्होंने ग्राम-ग्वारऊ में आयोजित कृषक गोष्ठी को भी सम्बोधित किया तथा उपस्थित कृषकों से वार्ता कर डिलीट हुए पेड़ी प्लॉटों का भैतिक सत्यापन भी किया। उन्होंने बिलारी चीनी मिल प्रबन्धन को निर्देशित किया कि कृषक श्री विक. ासराज के प्लाट पर बैनर लगा कर गोष्ठी आयोजित की जाये ताँकि अन्य कृषक उससे प्रेरित हो सकें। भ्रमण के दौरान नोडल अधिकारी जनपद संभल की चीनी मिल असमोली के ग्राम कंढेरा एवं खइया माफी पहुँचे जहां उन्होंने कृषक शाहिद पुत्र भूरे, इब्राहीम पुत्र सीराजुददीन एवं मन्जार हुसैन पुत्र अनवार हुसैन के डिलीट हुए पेड़ी प्लॉटों का मौके पर ही क्रॉस सत्यापन किया। इसके बाद नोडल अधिकारी ग्राम लोधीपुर राजपूत मे कृषक अमरजीत सिंह के यहाॅ पहुंचे जहाॅ उन्होंने चौपाल लगाकर स्थानीय कृषकों की समस्याओ को सुना तथा मौके पर उपस्थित चीनी मिल प्रबन्धन को निर्देशित किया कि वह किसानों की



मांग पर मृदा परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करायें। परिक्षेत्र के जनपदों का भ्रमण करने के उपरान्त अपर गन्ना आयुक्त (समितियां) उ. प्र लखनऊ/नोडल अधिकारी, परिक्षेत्र मुरादाबाद डॉ वी बी सिंह मुरादाबाद स्थित गन्ना भवन पंहुचे जहां उन्होंने परिक्षेत्र के सभी जिला गन्ना अधिकारियों, सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, समस्त सचिव सहकारी गन्ना विकास समितियां एवं सभी चीनी मिलों के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक को सम्बोधित किया। इस बैठक मे उन्होने गन्ना सर्वेक्षण वास्ते वर्ष 2025-26 के चीनी मिलवार पौधा (शरदकालीन एवं बंसतकालीन), पेड़ी (प्रथम एवं द्वितीय) एस.जी.के. पोर्टल पर पेड़ी गन्ना के सत्यापित किये गये अतिरिक्त प्लाटों को डिलीशन कराने, अननॉन(अज्ञात) प्लाटों (99999), जीरो आधार, जीरो मोबाईल नम्बर एवं जीरो गाटा, ग्राम स्तरीय गन्ना सर्वे/सट्टा प्रदर्शन हेतु कार्यक्रम व 63 कॉलम पर चौक लिस्ट प्रिंट कराने की स्थिति, विशेष सदस्यता अभियान के अन्तर्गत समितिवार बनाये गये नये सदस्य, गन्ना समितियों में इन्क्वायरी टर्मिनल, आई. टी. सेल में यथाआवश्यक सुविधाओं, बसन्तकालीन गन्ना बुआई कार्यक्रम वास्ते वर्ष 2025-26 की प्रगति एवं विकास कार्यो पर चीनी मिलों द्वारा डेडीकेटेड एकाउन्ट से किये गये व्यय, वर्ष 2024-25 वास्ते 2025-26 हेतु मिलों द्वारा एग्री-इनपुट की उपलब्धता एवं वितरण पर दिये जाने वाले अनुदान तथा बजट की स्थिति, वर्ष 2025-26 हेतु ट्रैश मल्चिंग के निर्धारित लक्ष्य/पूर्ति, वर्ष 2025-26 में पर ड्राप-मोर क्राप (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना) के अन्तर्गत लक्ष्य एवं पूर्ति, सहकारी गन्ना विकास समितियों में संचालित बैंक खातों, सहकारी गन्ना विकास समितियों, गन्ना विकास परिषदों/एन.एस. कमेटियों में विनियोजित एफ.डी.आर से सम्बन्धित सूचना एवं बैंक खातों के विवरण, जिलावार /समितिवार ड्रोन उपलब्धता, सहकारी गन्ना विकास समितियों के भवनों के जीर्णोद्धार कार्यों, सहकारी गन्ना विकास समितियों/गन्ना विकास परिषदों के वित्तीय वर्ष 2024-25 के संतुलन पत्र तैयार/आडिट, सहकारी गन्ना विकास समितियों/गन्ना विकास परिषदों के आयकर रिर्टन फाइलिंग एवं टी.डी.एस. रिफण्ड, परिक्षेत्रीय/जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा समितिवार/परिषदवार किये गये निरीक्षणों जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा का अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दियें। अपर गन्ना आयुक्त/नोडल अधिकारी विभागीय अधिकारियों से दो टूक कहा कि विभागीय कार्यों मे लाप. रवाही और शिथिलता किसी भी दशा मे बर्दाशत नही की जायेगी।

इस अवसर पर पी.एन. सिंह जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर, श्री शैलेष मौर्य जिला गन्ना अधिकारी रामपुर, धनीराम जिला गन्ना अधिकारी सम्भल, मनोज कुमार, जिला गन्ना अधिकारी अमरोहा,समस्त ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, समस्त सचिव सहकारी गन्ना समितियां, समस्त चीनी मिलों के प्रधान प्रबन्धक उपस्थित रहें।

# भूमाफियाओं ने धोखाधड़ी कर बेच दी किसान की भूमि

## भूमाफियाओं ने भोले-भाले लोगों को फंसाकर मोटी रकम लेकर फर्जी तरीके से करा दी किसान की भूमि की रजिस्ट्री

**भोजपुर।** भू माफियाओं ने साथी प्रॉपर्टी डीलर्स के साथ मिलकर भोले भाले लोगों को प्लाट देने के नाम पर मोटी रकम ले ली और सारी हदें पार करते हुए फर्जी वाड़ा करके किसान नासिर अली की कई हजार गज भूमि की रजिस्ट्री भी क्रेताओं के नाम करा दी। भू माफिया पहले भी धोखाधड़ी कर हड़प चुके हैं कई किसानों की भूमि। अब किसान नासिर अली ने थाना भोजपुर में शिकायती पत्र देते हुए भू माफिया और साथी प्रॉपर्टी डीलर्स के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की पुलिस से मांग की है। **मुरादाबाद के भूमाफिया दे रहे हैं मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति को चुनौती**-उत्तर प्रदेश में योगी महाराज की सरकार ने सत्ता में आते ही जहां एक और ऐलान करते हुए कहां की अब किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे। और सरकार ने भू माफियाओं पर नकेल कसने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए कठोर कारवाइयां भी की जिसने प्रदेश भर के भूफियाओं और दबंगों की मनमानी पर नकेल कसते हुए उनकी कमर तोड़ दी। वहीं दूसरी ओर इन दिनों मुरादाबाद में भू माफिया और अवैध रूप से प्लाटिंग करने वाले प्रॉपर्टी डीलर्स के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। भू माफिया किसानों को मोटी रकम का लालच देकर धोखाधड़ी कर उनकी भूमि को हड़पने का कार्य कर रहे है वहीं उनके साथी प्रॉपर्टी डीलर्स सीधे-साधे लोगों को झांसे में लेकर मोटी रकम ऐठने के बाद फर्जी तरीके से रजिस्ट्री भी करा रहे हैं। गैरमौजूदगी में अवैध प्लाटिंग कर बेच दी किसान की कई हजार गज भूमि। ताजा मामला मुरादाबाद के थाना भोजपुर क्षेत्र से सामने आया है जहां पर भू माफिया और प्रॉपर्टी डीलर्स ने लोगों को किसान नासिर अली की भूमि दिखाकर फ्रंट पर प्लाट देने को कहकर मोटी रकम वसूलने के बाद फर्जीवाड़ा करते हुए किसान के हिस्से की भूमि की रजिस्ट्री भी करा दी। जैसे ही किसान नासिर अली को मामले की भनक लगी तो उनके होश उड़ गए और वह आनन फानन में रजिस्ट्री ऑफिस की ओर दौड़े वहां पर जांच पड़ताल के बाद उन्हें मामले में सत्यता मिली है। भगतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डूंगरपुर के रहने वाले किसान नासिर अली का कहना है कि उन्होंने तहसील सदर, मुरादाबाद की ग्राम पंचायत सिरस्मा गौड़ स्थित अपनी अराजी रकबाई 0.899 हेक्टर गाटा संख्या 1362 वी खसरा संख्या 1363 रखवाई 0.250 हैकटेयर, जोकि नासिर अली पुत्र श्री इश्क हुसैन सैफी निवासी ग्राम डूंगरपुर तहसील व जिला मुरादाबाद, व शबाना परवीन पत्नी श्री नासिर अली निवासी ए 362 सेक्टर 46 नोएडा गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश, हाल निवासी ग्राम डूंगरपुर तहसील व जिला मुरादाबाद के नाम दर्ज है का सोदा 22 दिसंबर 2022 को मोहम्मद तौफीक पुत्र मोहम्मद कदीर निवासी 133 ततारपुर जमा मस्जिद के पास अगवानपुर जिला मुरादाबाद से किया था। आराजी की निर्धारित कीमत की कुल रकम 18 महीने में चुकानी तय हुई थी। निर्धारित समय में मोहम्मद तौफीक पक्ष कुल रकम देने में असमर्थ रहा। प्राप्त रकम के अनुसार आपसी सहमति से किसान नासिर अली ने अराजी का नक्शा बनवाकर मुख्य मार्ग के किनारे की भूमि को छोड़कर अराजी के पिछले भाग की आधी भूमि की रजिस्ट्री मोहम्मद तौफीक व आदि के नाम करादी थी व मुख्य मार्ग से पीछे की भूमि में जाने के लिए रास्ता भी दिया था। नासिर अली का आरोप है कि उनकी गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर मोहम्मद तौफीक व साथियों ने अवैध रूप से प्लाटिंग करते हुए फर्जी तरीके से मुख्य मार्ग की कई हजार गज भूमि अलग-अलग लोगों को टुकड़ों में बेच दी है और फर्जी वाड़ा करते हुए उसकी रजिस्ट्री भी करा दी है। किसान नासिर अली का यह भी कहना है कि उन्होंने रजिस्ट्री की नकल लेकर उप जिला अधिकारी तहसील सदर, मुरादाबाद, व जिलाधिकारी मुरादाबाद को शिकायती पत्र देते हुए तत्काल प्रभाव से दाखिल खारिज पर रोक लगाए जाने व फर्जी तरीके से कराई गई रजिस्ट्रीयों को खारिज करने की गुहार लगाई है साथ ही आरोपियों के खिलाफ कठोरता कानूनी कार्यवाही करने की भी मांग की है। पीड़ित किसान ने थाना भोजपुर में भी शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए पुलिस से कानूनी कार्यवाही करने की भी मांग की है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भूमाफियाओं और दबंगों पर जीरो टॉलरेंस नीति से कार्यवाही करने की बात करते हैं, साथ ही संबंधित अधिकारियों को ऐसे मामलों में कठोरतम कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने की बात भी करते हैं, तो अब इस मामले में शासन प्रशासन कैसी कार्यवाही करता है।

## एक नजर

### चार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव महमूदपुर तिगरी निवासी जफरूद्दीन की पत्नी मुसरेकीन की तहरीर पर दो भाईयों समेत चार के खिलाफ मारपीट का मुक. दमा दर्ज किया हैघ् घ्प्रभारी निरीक्षक को दी तहरीर में पीड़िता ने कहा है कि गांव के रिहान, इस्तेखार, मौहम्मद जान एवं इंतजार भतीजी महक के साथ मारपीट कर रहे थे। आरोपियों को झगड़ा करने से मना किया तो लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

### ई-रिक्शा पर भगवान शिव के भजन बजाने पर की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव रुस्तम नगर सहसपुर में ई-रिक्शा पर भगवान शिव के भजन बजाने के मामले में ई रिक्शा चालक को बुरी तरह से मारपीट करके घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने कई लोगों पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने एससीएसटी एक्ट, मारपीट आदि की धाराएं भी लगाई थी लिहाजा पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिश दी। एक आरोपी को रुस्तम नगर सहसपुर से गिरफ्तार कर लिया। रुस्तमनगर सहसपुर के मोहल्ला जाटवान निवासी अंकित पुत्र प्रेम किशोर ने मुकदमा दर्ज कराया था कि वह अपने ई रिक्शा पर भजन चला रहा था। तभी गैर संप्रदाय के लोगों ने हमला बोलकर घायल कर दिया और बुरी तरह से मारा पीटा। इस मामले में कई नामजद करते हुए अज्ञात लोगों पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद आरोपियों की तलाश को पुलिस ने दबिश दी। जिसके बाद पुलिस ने रुस्तम नगर सहसपुर के डेरे के पास रहने वाले सोनू उर्फ मोहम्मद आसिफ पुत्र रहीस को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी हैं।

### शिव महापुराण कथा प्रारंभ होने से ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई कलश यात्रा



**ठाकुरद्वारा।** नगर के प्राचीन तहसील परिसर स्थित शिवहनुमान मंदिर पर सावन मास में शिव महापुराण कथा प्रारंभ होने से पूर्व ढोल नगाड़ों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जगह-जगह कलश यात्रा का पुष्प बर्षा कर स्वागत किया गया। शनिवार को हरिद्वार से आए कथावाचक नरेंद्र आनंद सरस्वती महाराज के नेतृत्व में बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। महिला पीले वस्त्र पहन कर पर जल का कलश रख नंगे पंग शिव महिमा का गुणगान करती चल रही थी वहां अन्य भक्त अन्य भजनों पर फिर रखते चल रहे थे। नगर के मुख्य मार्ग से शोभायात्रा निकालने के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पशु बरसाकर स्वागत किया । कार्यक्रम में अशोक गहलोत, प्रदीप बिश्नोई, पंडित अनुज शर्मा, संजीव अग्रवाल, हीरालाल अग्रवाल ,हरकेश सिंह , पूरन सिंह यादव, संजीव सिंघल, अनुराग सिंघल, शिवेन्द्र गुप्ता , नवीन यादव , उषा गहलोत, कुसुम देवी ,लता देवी, मृदुला देवी,भगवती, उमा बिश्नोई ,दिक्षा चौहान, आदि मौजूद रहे।

### सम्पूर्ण थाना दिवस में डिप्टी एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**ठाकुरद्वारा।** सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन कोतवाली परिसर में डिप्टी एसपी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें फरियादियों की समस्याओं को सुना जिसमे 1 फरियादी ने पहुँच कर शिकायत दर्ज कराई जिसमे मौके पर कोई निस्तारण नही हो पाया हैं।

शनिवार को सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन कोतवाली परिसर में डिप्टी एसपी रुद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे फरियादियों की समस्याओं को सुना । थाना दिवस में एक फरियादी ने पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिन्होंने उनकी शिकायतों को सुना ,लेकिन एक शिकायत का भी थाना दिवस में कोई निस्तारण नही हो सका ,केवल फरियादी को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। इस दौरान नायाब तहसीलदार कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह एसएसआई ब्रजेंद्र सिंह, लेखपाल राधेश्याम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क आंखों के चेकअप कैंप का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** पाकबड़ा चेयरमैन मोहम्मद याकूब के कार्यालय पर एक नि:शुल्क आंखों के चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल ने मरीजों का चेकअप किया और उन्हें उचित सलाह दी।

चेकअप के बाद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। कैंप की विशेषताएं: नि:शुल्क सेवाएं: कैंप में मरीजों को नि:शुल्क चेकअप और दवाइयां प्रदान की गईं। आई स्पेशलिस्ट की उपस्थिति: डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल ने मरीजों का चेकअप किया और उन्हें उचित



सलाह दी। चेयरमैन का आभार: चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने कैंप में आने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। इस तरह के आयोजनों से समुदाय को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सकता है।

# सावन में कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सावन माह में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शिवभक्तों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। भोले बाबा के भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा विशेष तैयारियाँ की गई हैं। सोमवार को कांवडिघ्यों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाते हुए मार्ग डायवर्ट कर दिए गए।

हर वर्ष सावन के पावन महीने में लाखों श्रद्धालु हरिद्वार, राजघाट, नरौरा आदि से गंगा जल लाकर पैदल यात्रा करते हुए अपने-अपने गांव व शहरों के शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। यह यात्रा शिवरात्रि के दिन सम्पन्न होती है। कांवडिघ्यों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संभल जिला प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती है। थाना बनियाठेर क्षेत्र, चंदौसी- मुरादाबाद रोड स्थित राधा गोविंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट पर पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां



से 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन ने ट्रक, बस, डंपर आदि भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से संचालित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कांवड़ मार्गों पर कोई बाधा उत्पन्न न हो। अधिकारियों ने अपील की है कि नागरिक सहयोग करें और यात्रा मार्ग पर यातायात नियमों का पालन करते हुए कांवडियों को प्राथमिकता दें।

# ओयो होटल पर पुलिस का छापा, चार युवक और युवतियां हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कई वर्षो से चल रहे ओयो होटल पर पुलिस ने मोहल्ले के लोगों की सूचना पर छापा मारा। छापे के दौरान पुलिस ने चार युवक और युवतियों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आयी। इस दौरान मोहल्ले के लोगों ने वर्षो से चल रहे ओटो होटल को पुलिस संरक्षण व सत्ता की हनक में चलने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर हंगाम करते हुए प्रदर्शन किया। पुलिस ने मोहल्ले लोगों के हंगामे को देखते हुए चारों युवको मेडिकल कराया दिया। बतादें कि नगर में ठाकुरद्वारा रतूपुरा मार्ग पर कई वर्षो से मंड़ी समिति के निकट ओटो होटल संचालित है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि जब यह ओटो होटल संचालित किया गया तो जब पुलिस प्रशासन सहित अन्य स्थानीय अधिकारियों से होटल को बंद कराए जाने की मांग की जा चुकी है। क्योंकि मोहल्ले में परिवार के साथ लोग रहते और मोहल्लें एक धार्मिक स्थल और एक स्कूल संचालित है। इस होटल के संचालन से उनके परिवारो और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चो, धार्मिक स्थल पर आने वाली महिलाओं पर बुरा असर पड़ सकता है। लेकिन इसके बाद पुलिस प्रशासन की मिली भगत से होटल का संचालन बरकरार चल रहा है। मोहल्ले लोग इस होटल से काफी परेशान थे। होटल की गंदगी सड़को पर पड़ी है इससे उनके बच्चो पर काफी फर्क पड़ रहा है। बच्चो को होटल के कारण स्कूल जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि सत्ता की हनक चलते होटल संच. ालक कई बार मोहल्ले के लोगों से मारपीट पर उतारू हो चुका है और सत्ता की धमकी देता है। शनिवार को जब चार युवक और युवतियां होटल में पहुंची तो मोहल्ले के लोगों ने हंगामा करते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना हल्का इंचार्ज कुलदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पर उन्हे होटल जाने का प्रयास किया लेकिन वह होटल में नही गए और मोहल्ले के लोगों हड़काने लगे। इस पर मोहल्ले के लोगों ने पुलिस प्रशासन में होटल संचालक से हमसाज होने का आरोप लगाते हुए महिला पुरूषों ने हंगामा शुरू कर दी। होटल पर अंदर से बंद कर दिया और जिसमें चार युवक और युवतिया घंटो तक रही। पुलिस ने मौके से कार्यवाहक संच. ालक एक व्यक्ति को हिरासत में ले

### पुलिस प्रशासन में मोटी रकम लेकर होटल संचालित कराने का आरोपी

ओयो होटल आबादी और धार्मिक के निकट संचालित होने पर मोहल्ले लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ हाय हाय के नारे लगाते हुए उनके संरक्षण में चलाए जाने का आरोप लगाया। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि होटल संच. ालक सत्ता की हनक दिखाते हुए उन्हे डराता और धमकाता है। साथ ही आरोप लगाया कि पुलिस प्रति माह मोटी रकम देकर होटल का संचालन करा रही है।

लिया। मोहल्ले के लोगों का होटल संचालक के खिलाफ कार्रवाई को लेकर हंगामा जारी रहा। हंगामें के देखते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल ने मौके पर पहुंचकर होटल में पहुंचे। पुलिस ने मौके से तीन बाइक और दो होटल संचालक कार्यवाहक व चार युवक और चार युवतियों को हिरासत में लिया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी ने मीडिया पर अपनी पुलिसगिरि दिखाते हुए होटल में आने से साफ इंकार दिया। होटल के अंदर पुलिस ने अपनी इच्छानुसार जांच की। इस दौरान जब युवक और युवतियों को पुलिस होटल से कोतवाली ले जा रही थी। तभी मोहल्ले लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर पुलिस हाय हाय के नारे लगाए। पुलिस मोहल्ले के लोगों का हंगामा देखते हुए समझाने के लिए होटल को बंद कराने का आश्वासन देकर खिसकती नजर आयी। पुलिस इस मामलें हिरसत में लिये एक चारो का मेडिकल परीक्षण कराया।

### खेत में युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव शहबा. जपुर में सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पड़ा हुआ देखा। शव की पहचान गांव के ही सतीश (40) पुत्र रमेश सिंह के रूप में हुई जो गुरुवार रात से लापता था। शुक्रवार सुबह कुछ ग्रामीण खेतों की ओर गए थे, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सीधा कर पहचान कराई। ग्रामीणों में घटना को लेकर भय और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने परिजनों और गांव वालों से पूछताछ शुरू कर दी है।

**NAME CHANGE**

I, Muzammil S/O Syed Mohammad Habibul Hassan R/o Mughalpura Ist Khari Kuwan Moradabad Uttar Pradesh 244001. have changed my name to Mohammad Muzammil Hasan. Permanently

**NAME CHANGE**

I, Muzammil Hasan S/O Syed Mohammad Habibul Hassan R/o Mughalpura Ist Khari Kuwan Moradabad Uttar Pradesh 244001. have changed my name to Mohammad Muzammil Hasan. Permanently

# हर बारिश में जलभरावः कब मिलेगा स्थायी समाधान

**चन्दौसी।** बारिश की हल्की फुहारें भी नगर की सड़कों पर जलभराव की समस्या को उजागर कर देती हैं। शनिवार को हुई थोड़ी सी बारिश के बाद ही कई प्रमुख मार्गों पर पानी भर गया जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह स्थिति वर्षों से बनी हुई है, लेकिन नगरपालिका की ओर से अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य बाजार तक जलभराव के कारण लोगों को कीचड़, फिसलन और आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दुकानदारों ने भी नाराजगी जाहिर की कि हर बारिश में उनका व्यापार प्रभावित होता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बरसात से पहले नालों की सफाई का दावा सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहता है। सड़कों पर भरे पानी से न केवल ट्रैफिक बाधित होता है, बल्कि जलजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि हर बार हल्की बारिश में शहर जलमग्न न हो। हर बार बारिश होते ही शहर की सड़कें तालाब में तब्दील हो जाती हैं। चाहे हल्की बूंदाबांदी हो या मूसलधार बारिश, जलनिकासी की बदहाल व्यवस्था और नगर प्रशासन की लापरवाही नागरिकों के लिए मुसीबत बन जाती है। यही हालात एक बार फिर हाल की वर्षा में सामने आए, जब शनिवार को हुई बारिश से चंदौसी की मुख्य सड़कें पानी-पानी हो गईं और नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जलभराव की समस्या कोई नई नहीं है। वर्ष दर वर्ष इस पर शिकायतें होती हैं, नगर पालिकाएं आश्वासन देती हैं, लेकिन जब समय आता है तो नाले जाम, सड़कों पर गड्ढे और निकासी व्यवस्था की पोल खुल जाती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि ये समस्याएं केवल ट्रैफिक या असुविधा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन चुकी हैं। कई इलाकों में पीने का पानी दूषित हो जाता है, जिससे डेंगू, मलेरिया व अन्य जलजनित रोगों का खतरा भी मंडराने लगता है। प्रशासन द्वारा हर साल बरसात से पहले नालों की सफाई का दावा किया जाता है, परंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान करती है। अब समय आ गया है कि इस समस्या का स्थायी समाधान खोजा जाए। इसके लिए प्रशासन को आधुनिक जलनिकासी प्रणालियों की ओर बढ़ना होगा, स्थानीय निकायों को जवाबदेह बनाना होगा और जनता को भी सचेत रहकर निगरानी करनी होगी। साथ ही, अनियोजित निर्माण कार्यों पर भी सख्ती बरतनी होगी जो जल बहाव को बाधित करते हैं। नगर में अनेक स्थानों पर लोगों द्वारा नाले-नालियों पर जमकर अतिक्रमण कर रखा है जिससे जलनिकासी व सफाई बाधित होती है। बारिश से फुब्बारा चौक से स्टेशन रोड पर जलभराव होना अब आम बात हो गई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पीपलसाना**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 11.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पीपलसाना विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 25.07.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 25.07.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत पीपलसाना में पंचायत भवन का निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, रोड़ा, बजरफुट, ईंट टाईल्स आदि। | 01 | 1947951 | 500 | 2% | 9 माह |
| 2 | अली की शॉप से मील के गेट तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, रोड़ा, बजरफुट, ईंट टाईल्स आदि। | 90 मी0 | 488520/- | 500 | 2% | 9 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत पीपलसाना**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय

**● रूट के टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच, गिल के सीरीज में 600 रन पूरे**

**लाड्‌र्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लाड्‌र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। जसप्रीत बुमराह देश से बाहर टेस्ट में सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। वहीं शुभमन गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। जो रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने। वहीं। बुमराह के 450 विकेट पूरे जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में बेन स्टोक्स का विकेट लेने के साथ ही इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 450 विकेट पूरे कर लिए। बुमराह के नाम टेस्ट में 215, वनडे में 149 और टी-20 में 89 विकेट हैं। बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट भी लिए। टेस्ट में उन्होंने 15वीं बार 5-विकेट लिए। यह घर से बाहर उनका 13वीं बार 5-विकेट हाल रहा।

बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय बने। उन्होंने कपिल देव का रिकार्ड तोड़ा, जिनके नाम 12 बार 5-विकेट लेने का रिकार्ड था। रूट ने भारत के खिलाफ 11वां टेस्ट शतक लगाया इंग्लैंड के सबसे सफल बैटर जो रूट ने शतक लगा दिया। यह टेस्ट में उनका 37वां शतक रहा, इस मामले में उन्होंने आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ा। जिनके नाम 36 टेस्ट शतक हैं। रूट ने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट सेंचुरी लगाने के मामले में स्मिथ की बराबरी भी कर ली। दोनों के नाम 11-11 टेस्ट शतक हैं। बुमराह ने रूट को 15वीं बार आउट किया जो रूट को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड किया। इसी के साथ बुमराह इंटरनेशनल क्रिकेट में रूट को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए।




उन्होंने 15वीं बार रूट को पवेलियन भेजा। बुमराह ने आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का रिकार्ड तोड़ा, जिन्होंने रूट को 14 बार पवेलियन भेजा है। रूट सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने जो रूट ने भारत की बैटिंग के दौरान करुण नायर का स्लिप में कैच पकड़ा।

इसी के साथ वे बतौर फील्डर टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बन गए। रूट ने भारत के ही राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 210 कैच थे। रूट के 211 कैच हो गए। जैमी स्मिथ सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले विकेटकीपर इंग्लैंड के विकेटकीपर जैमी स्मिथ सबसे कम गेंदों में एक हजार टेस्ट रन बनाने वाले विकेटकीपर बने। उन्होंने पाकिस्तान के सरफराज अहमद का रिकार्ड तोड़ा, जिन्होंने 1311 गेंदों में 1000 रन पूरे किए थे। स्मिथ ने 1303 गेंदों पर ही हजार रन बना लिए। शुभमन इंग्लैंड में 600 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय शुभमन गिल लाड्‌र्स टेस्ट की पहली पारी में 16 ही रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, उन्होंने इतने कम रन के बावजूद मौजूदा सीरीज में 600 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ शुभमन इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 प्लस रन बनाने वाले दूसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले 2002 में राहुल द्रविड़ 602 रन बना चुके हैं। गिल के नाम फिलहाल 601 रन हैं। गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन गए। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली का रिकार्ड तोड़ा। जिन्होंने 2018 में 593 रन बनाए थे।

# 'लॉर्ड्स क्रिकेट का घर है, तो विंबलडन टेनिस का मक्का है': सचिन

**लंदन, वार्ता।** विंबलडन 2025 में सचिन तेंदुलकर ने विंबलडन में जाने के अपने अनुभव, टेनिस के दिग्गजों के प्रति अपनी प्रशंसा और क्रिकेट तथा टेनिस के बीच आश्चर्यजनक समानताओं को साझा किया। अपने जीवन में विंबलडन के महत्व पर सचिन ने कहा कि यह अविश्वसनीय है

। जैसे लोग कहते हैं कि लॉड्‌र्स क्रिकेट का घर है, वैसे ही यह टेनिस का मक्का है। मैं विंबलडन देखते हुए बड़ा हुआ हूं, और सात-आठ साल की उम्र से ही, जब मैंने टेनिस को थोड़ा-बहुत समझना शुरू किया, तब से मेरे लिए हमेशा विंबलडन सबसे पहले और फिर



बाकी ग्रैंड स्लैम ही रहे हैं। इसलिए मेरे लिए, यह सर्वश्रेष्ठ है। मैंने कई टेनिस खिलाड़ियों से बात की है, और वे सभी इस टूर्नामेंट को सबसे ऊपर मानते हैं। सचिन ने विंबलडन के प्रतिष्ठित माहौल और उसके आकर्षण पर कहा कि मुझे रॉयल बॉक्स खास तौर पर बहुत पसंद है-वहां का माहौल बेजोड़ है। बैठकर मैच देखने के लिए यह सबसे अच्छी जगह है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 टीम में किए बदलाव

**जिंकग्स्टन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने 21 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम में बदलाव करते हुए स्पेंसर जॉनसन और जोश हेजलवुड की जगह क्रमशः सलामी बल्लेबाज जेक फेजर-मैकगर्क और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को शामिल किया है। राष्ट्रीय अनुबंध से चूकने के बाद, फेजर-मैकगर्क अपनी शानदार फॉर्म को पीछे छोड़कर कैरेबियाई सरजमीं पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी करना चाहेंगे। हेजलवुड अगले महीने दक्षिण अफीका श्रृंखला की तैयारी के लिए स्वदेश लौटेंगे, जबकि जॉनसन अभी अपनी पीठ की चोट से उबर नहीं पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पिछले 14 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में से 12 जीते हैं और अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप से पहले अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की उम्मीद करेगा।

### पोलार्ड और पूरन की बदौलत मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क फाइनल में

**डालास, वार्ता।** मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने शुक्रवार को चैलेंजर्स में टेक्सास सुपर जिंकग्स को सात विकेट से हराकर मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने तीन साल में दूसरी बार मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश किया है। लेकिन इस बार पहले सात मैचों में छह हार झेलने के बाद। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर, स्मित पटेल और फाफ डु प्लेसिस ने सतर्क शुरुआत की। स्मित ने शुरुआती ओवर में कुछ चौके लगाए, लेकिन इसके अलावा उन्होंने संयमित स्ट्रोक्स खेले। चौथे ओवर में डु प्लेसिस ने तेजी से रन बनाना शुरू किया और ट्रिस्टन लुस की गेंद पर एक छक्का और एक चौका जड़ा।

# ऋषभ पंत ने की धोनी की बराबरी

**● पहली पारी में अर्धशतक लगाकर सेना देशों में सर्वाधिक बार 50, स्कोर करने वाले भारतीय विकेटकीपर बने**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज )षभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ लाड्‌र्स टेस्ट मैच के तीसरे दिन पहली पारी में अर्धशतक लगाया। पंत विकेटकीपिंग करने के दौरान चोटिल हो गए थे, लेकिन वह बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्होंने केएल राहुल का अच्छा साथ निभाया।

पंत ने छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। पंत का यह इंग्लैंड के खिलाफ छठा टेस्ट अर्धशतक है। पंत इसके साथ ही एक और उपलब्धि अपने नाम करने में सफल रहे। पंत अर्धशतक लगाने के साथ ही महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी पर पहुंच गए हैं। पंत सेना देशों यानी दक्षिण अफीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में



सबसे ज्यादा बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। पंत ने 53 पारियों में 13वीं ऐसा किया है, जबकि धोनी ने सेना देशों में 60 पारियों में 13 बार 50 प्लस स्कोर बनाया है।

इस मामले में तीसरे स्थान पर फारूख इंजीनियर हैं जिन्होंने 33 पारियों में सात बार और किरण मोरे ने 24 पारियों में पांच बाच ऐसा किया है। इतना ही नहीं पंत संयुक्त रूप से इंग्लैंड में सर्वाधिक बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले मेहमान टीम के बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में भी धोनी की बराबरी कर ली है। धोनी और पंत दोनों ने इंग्लैंड में आठ-आठ बार 50 प्लस स्कोर बनाए हैं। पंत का बल्ला इंग्लैंड में जमकर चल रहा है और वह इंग्लैंड में एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले मेहमान टीम के बल्लेबाज बन गए हैं। पंत अब तक इस दौरे पर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं और उन्होंने इस मामले में टाम ब्लंडेल को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने 2022 में 383 रन बनाए थे। वहीं, वेन फिलिप्स ने 1985 में एशेज सीरीज के दौरान 350 और महेंद्र सिंह धोनी ने 2014 में इंग्लैंड दौरे पर 349 रन बनाए थे। राहुल और पंत के बीच चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई है।

# जडेजा-रेड्डी ने भारत को 300 पार पहुंचाया

**● दोनों ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की, केएल राहुल 100 रन पर आउट हुए**

**लाड्‌र्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला लाड्‌र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। शनिवार को मुकाबले का तीसरा दिन है और आखिरी सेशन का खेल जारी है। टीम इंडिया ने पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 317 रन बना लिए हैं।

रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी क्रीज पर हैं। इससे पहले भारतीय ओपनर केएल राहुल 100 रन पर आउट हुए। टेस्ट क्रिकेट में 100वीं बार कोई बैटर 100 पर आउट हुआ है। जडेजा और रेड्डी के बीच नाबाद 63 रन की पार्टनरशिप हो चुकी है। टीम ने 254 के स्कोर पर 5वां विकेट गंवाया था।



केएल राहुल (100 रन) को शोएब बशीर ने हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। ऋषभ पंत लंच से ठीक पहले 74 रन बनाकर रनआउट हुए। भारत ने तीसरे दिन 145/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था। मुकाबले के दूसरे दिन इंग्लैंड की टीम 387 रन बनाकर ऑलआउट हुई। पंत इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट छक्के (36 छक्के) लगाने वाले बैटर बने। उन्होंने विवि रिचर्ड्स के 34 छक्के का रिकॉर्ड तोड़ा है। तीसरे दिन का दूसरा सेशन भी भारतीय टीम के नाम रहा। 25.3 ओवर के इस सेशन में भारत ने एक विकेट खोकर 68 रन बनाए। टी-ब्रेक पर भारत का स्कोर 316/5 रहा। 90वें ओवर में बेन स्टोक्स की बाउंसर नीतीश कुमार रेड्डी के सिर पर लगी। 141 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड की बाल गुड लेंथ से अंदर आई और रेड्डी के कान के पास लगी, हालांकि फिजियो के निरीक्षण के बाद रेड्डी ने खेलना जारी रखा।

88वें ओवर में रवीद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स के ओवर की पहली बाल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 84वें ओवर में 4वीं बाल पर जडेजा ने एक रन दौड़कर टीम के लिए 300वां रन बनाया। भारतीय ओपनर केएल राहुल ने लाड्‌र्स में दूसरा शतक लगा दिया है। उन्होंने 67वें ओवर में जोफा आर्चर की बाल पर एक रन लिया और शतक पूरा किया। उन्होंने लाड्‌र्स स्टेडियम में दूसरा शतक लगाया। यह राहुल का टेस्ट में 10वां शतक है।

# अविनाश मोनाको डायमंड लीग स्टीपलचेज से हुए बाहर




**मोनाको, वार्ता।** एशियाई खेलों के चैंपियन और दो बार के ओलंपियन अविनाश साबले को शनिवार को मोनाको डायमंड लीग 2025 में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ के शुरुआती दौर में गिरने के बाद दौड़ से हटना पड़ा। स्टेड लुइस द्वितीय स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा कर रहे 30 वर्षीय भारतीय एथलीट ने दौड़ शुरू करने के एक मिनट से थोड़ा ज्यादा समय बाद ही पानी में कूदते समय एक अन्य प्रतियोगी का पैर फिसल जाने के कारण लड़खड़ाकर गिर पड़े। इस घटना के कारण सेबल को घायल अवस्था में ट्रैक से बाहर निकलना पड़ा और वह लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें दौड़ पूरी नहीं करने (डीएनएफ) का सामना करना पड़ा। उन्हें सहारा देकर स्थानीय चिकित्सा केंद्र ले जाया गया।

चोट की गंभीरता का पता नहीं चल पाया है। इस बीच एक अन्य भारतीय धावक अनिमेष कुजूर उसी स्थान पर आयोजित अंडर-23 वर्ग में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में पोडियम पर पहुंचने से चूक गए। अनिमेष कुजूर 20-55 सेकंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया के उभरते सितारे गाउट गाउट ने 20-10 सेकंड के समय के साथ यह स्पर्धा जीती।

# इटली, नीदरलैंड ने किया क्वालीफाई

**● यह पहली बार है जब इटली ने किसी आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में जगह बनाई है**

**हेंग (स्विट्जरलैंड), वार्ता।** इटली और नीदरलैंड ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह पहली बार है जब इटली ने किसी आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में जगह बनाई है।

स्विट्जरलैंड के हेग में खेले गए क्वालीफायर मुकाबले में नीदरलैंड ने इटली को नौ विकेट से हराया, जबकि जर्सी ने स्कॉटलैंड को आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस हार के साथ स्कॉटलैंड पहली बार पुरुष टी-20 विश्वकप में जगह बनाने में नाकाम रहा। अंक तालिका में




इटली क्रिकेट टीम और जर्सी दोनों के पांच-पांच अंक थे, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के आधार पर इटली ने विश्वकप के मुख्य राउंड में अपनी जगह पक्की की। अब तक कुल 15 टीमें पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। ईस्ट-एशिया पैसिफिक क्वालीफायर से तीन और अफीका से दो टीमें मिलकर कुल 20 टीमों की अंतिम सूची पूरी करेंगी। इटली की क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित ओवरों में 7 विकेट गंवाकर 134 रन बनाए। इटली ओर से नंबर छह और सात स्थान पर बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बेन मानेनटी ने 30 और ग्रांट स्टुअर्ट ने 25 रन बनाए। नीदरलैंड के लिए रोएलोफ वैन डर मेर्व सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 15 रन देकर 3 विकेट लिए और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इटली के 134 रनों जवाब में, नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डाउड 47 और माइकल लेविट ने 34 रन बनाए। आठवें ओवर में लेविट का विकेट गिरा, जिसके बाद कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (नाबाद 37) ने मैदान में कदम रखा और ओ'डाउड के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत के साथ टी-20 विश्वकप में जगह दिला दी। दिन के दूसरे मुकाबले में जर्सी ने पहली बार स्कॉटलैंड को हराया, लेकिन उनकी खुशी ज्यादा देर नहीं टिक पाई क्योंकि 15वें ओवर में उन्हें इटली द्वारा अपनी जगह पक्की करने की खबर मिली और इसके साथ ही वे नेट रन रेट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

## भारतीय बॉस्केटबॉल महिला एशिया कप में कल कजाकिस्तान से भिड़ेगी

**शेनझेन (चीन), वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम रविवार को चीन के शेनझेन बे स्पोर्ट्स सेंटर में फीबा महिला एशिया कप 2025 ग्रुप बी मुकाबले में कजकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फीबा महिला एशिया कप बॉस्केटबॉल के 31वें संस्करण में कुल 16 टीमें भाग लें रही है और उन्हें क्रमशघ ग्रुप ए और बी में आठ-आठ देशों में विभाजित किया गया है। 2021 में रेलीगेशन के बाद 2023 में टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में भाग न लेने के बाद, भारत इस वर्ष के फीबा महिला एशिया कप में पूल बी में प्रतिस्पर्धा करेगा। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# अल्काराज विंबलडन के फाइनल में पहुंचे

## सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को हराया, सिनर से होगा खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने लगातार तीसरे साल विंबलडन मेंस सिंगल्स के फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के टेलर फ्ट्रिज को हरा दिया। फाइनल में उनका सामना वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर से होगा। सिनर ने विंबलडन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराया।

मेंस सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर-5 फिट्ज के खिलाफ पहला सेट 6-4 से जीता। फिट्ज ने वापसी की और 7-5 से दूसरा सेट जीत लिया। तीसरे सेट में अल्काराज ने कमबैक किया और 6-3 से सेट जीतकर बढ़त बना ली। चौथे सेट में बराबरी की टक्कर दिखी, लेकिन अल्काराज



ने 7-6 (8-6) से आखिरी सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अल्काराज ने 2023 से लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने पिछले दोनों बार सर्बिया के नोवाक जोकोविच को ही खिताबी मुकाबला हराकर ट्राफी जीती थी। 2024 में मुकाबला 5 सेट तक चला, लेकिन 2023 में अल्काराच ने 3 सेट में ही खिताब जीत लिया। जोकोविच अब दूसरे सेमीफाइनल में सिनर को हराकर फाइनल में पहुंच सकते हैं। जोकोविच विंबलडन से बाहर जोकोविच को सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 सिनर ने सीधे सेट्स (6.3, 6.3, 6.4) से हराया। मैच के दौरान जोकोविच को पुरानी चोटों व उम्र के कारण कई कठिनाइयां झेलनी पड़ीं। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि उम्र का असर निश्चित रूप से टीम पर पड़ता रहा। विमेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी ने सेमीफाइनल जीता विमेंस डबल्स में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस और रूस की वेरोनिका कुडरमेटोवा की वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी ने फाइनल में जगह बना ली। दोनों ने सेमीफाइनल में अमेरिका की डिजायरे क्रजिक और आस्ट्रेलिया की ओलिविया गैडेकी की गैरवरीय जोड़ी को 3-6, 6-0, 6-3 के अंतर से हरा दिया। मेंस डबल्स के फाइनल में पहुंची गैरवरीय जोड़ी मेंस डबल्स के सेमीफाइनल मुकाबले भी 10 जुलाई को खेले गए।

## सीरीज के अंतिम मैच में मंधाना व श्री चरणी से उम्मीद

**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम में भारत महिला और इंग्लैंड महिला टीम के बीच शनिवार को टी20 सीरीज का अंतिम मैच भले ही सीरीज के समीकरण के लिहाज से खास मायने ना रखता हो लेकिन दोनों ही टीमें अंतिम मैच में जीत हासिल कर वनडे सीरीज का रुख जरूर करना चाहेंगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम पहले ही इंग्लैंड में ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीत हासिल कर चुकी है वहीं मेजबान इंग्लैंड की नजरें हार के अंतर को पाटने पर होंगी। महिला टी20 में एजबस्टन में पहली बल्लेबाजी करते हुए सर्वोच्च स्कोर 167 पर दो है। जबकि न्यूनतम स्कोर 46 है। यहां 19 महिला टी20 में 10 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत हासिल हुई है जबकि नौ बार बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत हासिल हुई।

# शुभमन गिल ने बदली हुई ड्यूक्स गेंद से जताई नाराजगी

**● एक बार फिर भारत के दूसरी गेंद लेने के बस 10-3 ओवर बाद ही गेंद ने अपना शेप खो दिया था**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड में एक बार फिर ड्यूक्स गेंद चर्चाओं के केंद्र में बनी हुई है, एक बार फिर भारत के दूसरी गेंद लेने के बस 10-3 ओवर बाद ही गेंद ने अपना शेप खो दिया था। जिसके बाद दूसरे दिन सुबह उसे फिर बदला गया।

बदली हुई गेंद से अंतर साफ दिख रहा था, दूसरी नई गेंद से जसप्रीत बुमराह ने कहर बरपाते हुए 14 गेंदों के अंदर तीन विकेट ले लिए थे, लेकिन इसके बाद पूरे सत्र में फिर भारत को विकेट नहीं मिली थी। दूसरी नई गेंद 1.869 डिग्री पर स्विंग हो रही थी जबकि औसतन वह गेंद 0.594 डिग्री पर सीम हो रही थी। लेकिन जब दूसरी नई गेंद को बदला गया तो वह 0.855 डिग्री पर स्विंग हो रही थी और औसतन 0.594 डिग्री ही सीम कर रही थी। जाहिर है इसके बाद भारतीय टीम और कप्तान का गुस्सा बढ़ता जा रहा था। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने ब्रॉडकास्ट चैनल के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर भी गेंद को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। ब्रॉड के मुताबिक बदली हुई गेंद देखने में 18-20 ओवर पुरानी दिख रही थी। क्रिकेट गेंद बिल्कुल एक विकेटकीपर की तरह होती है जिसकी चर्चा बहुत ही कम की जाती है। लेकिन यहां हम गेंद की लगातार बात कर रहे हैं कि क्योंकि ये एक समस्या बनती जा रही है और हर पारी में करीब-करीब बदली जा रही है। जो कहीं से भी जायज नहीं है, मुझे लगता है पांच सालों से मैं देख रहा हूं कि ड्यूक्स गेंद में समस्या है। जिसे सही करने की जरूरत है, एक गेंद को 80 ओवर चलना चाहिए न कि सिर्फ 10 ओवर। एक और पूर्व इंग्लिश कप्तान नासिर हुसैन ने भी कहा कि ड्यूक्स गेंद के साथ गंभीर समस्या है। लेकिन साथ ही साथ उन्होंने कहा कि गेंदबाज चाहते हैं कि गेंद बिल्कुल परफेक्ट हो और तभी बार-बार गेंद बदल दी जाती है। ये भी देखिए कि पहला घंटा बुमराह को खेल पाना बेहद कठिन था। और तभी मैंने देखा कि वे लोग गेंद बदल रहे हैं, मैं ये देखकर हैरान था कि गेंद से जब इतनी मदद मिल रही है तो फिर बदलने की क्या जरूरत।

# नूरपुर में बेखौफ बदमाशों ने भाजपा नेता को लूटा

## पुलिस व्यवस्था बुरी तरह फ्लॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** क्षेत्र में लूट व हत्या की घटनाओं से सनसनी फैली हुई। भाजपा सरकार में बेखौफ होकर बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे है। इस बीच बदमाशों ने हथियारों के बल पर बाइक सवार भाजपा नेता विनोद कुमार के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया ।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाजपा नेता के साथ हुई लूट की वारदात से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है । भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार लगभग पिछले तीस साल नगर में छोटी-बड़ी गाड़ियों के टायरों का कारोबार करते है। बीती रात लगभग दस बजे विनोद कुमार दुकान बंद कर के बाइक द्वारा अपने ग्राम किरतपुर जा रहे थे। जब वह ग्राम आजमपुर से किरतपुर मार्ग पर पहुंचे, तो एक स्कूल के पास पीछे से बाइक सवार चार बदमाशों ने उन्हें धक्का दिया। जिससे वह जमीन पर गिर गए। जिसके बाद बदमाशों ने तमंचों के बल पर भाजपा नेता पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। बदमाशों ने उनकी जेब से पन्द्रह सौ रुपये की नकदी, मोबाइल व स्पलेंडर बाइक लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश आराम से फरार हो गए। लूट की वारदात की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर निरीक्षण करते हुए भाजपा नेता से जानकारी ली। पुलिस ने जंगल में कॉम्बिंग की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली पाई। मौके पर एएसपी ग्रामीण व चांदपुर सीओ देश दीपक कुमार सहित भारी पुलिस बल पहुंच गया।

दूसरी तरफ पीड़ित भाजपा नेता विनोद कुमार ने सैकड़ों नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंच कर जमकर हंगामा किया। पुलिस से बदमाशों को पकड़ने की मांग की। पुलिस के आला अधिकारियों ने भाजपा नेताओं को समझा कर वारदात का खुलासा कर बदमाशों को पकड़ने का भरोसा दिया। पुलिस ने भाजपा नेता का मेडिकल करा कर मुकदमा दर्ज किया है। रात लगभग एक बजे पीड़ित ने वारदात के सम्बंध में तहरीर पुलिस को दे दी।

गौरतलब है कि क्षेत्र में अपराध लगातार बढ़ रहे है। पुलिस वारदातों को छिपाती है। अगर यह वारदात भाजपा नेता के अलावा किसी दूसरे के साथ होती, तो इसे भी छिपा दिया होता।

# युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एक युवक का शव आम के बाग में पेड़ से लटका हुआ मिलने पर आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना से मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।



थाना क्षेत्र के मौहल्ला नेजोवाली गांवड़ी निवासी रमेश सैनी के दो लड़को व दो लड़कियों समेत चार बच्चे हैं, जिनमें दो लड़कियों व एक लड़के की शादी हो चुकी है। रमेश सैनी थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम मेदूवाला में संजय फार्म में नौकरी करते हैं और वहीं फार्म में दिन- रात रहते हैं। रमेश का बड़ा पुत्र सौरभ अपनी पत्नी व बच्चों के साथ नजीबाबाद के पूजा हॉस्पिटल में नौकरी करता है और बच्चों सहित वही रहते हैं। दूसरा पुत्र जागेश सैनी नगीना से बाहर कहीं किसी सड़क ठेकेदार के पास काम करता व रहता था। बताया जाता है कि 22 वर्षीय जागेश एक सप्ताह पूर्व अपने घर आया हुआ था और वह रविवार को नीलकंठ जाने वाला था। शुक्रवार की रात 9 बजे खाना खाकर व घर के दरवाजे बंद करके माँ को अकेला छोड़ कर चला गया। लेकिन जागेश रात को घर वापस नहीं लौटा। मां रात भर उसको फोन करती रही लेकिन उसका फोन बंद आ रहा था। शनिवार की सुबह सवरे जब आसपास का एक व्यक्ति मौहल्ले से आधा किलोमीटर की दूरी पर साधूराम के आम के बाग की ओर शौच करने गया तो आम के पेड़ पर कपड़े के दुपट्टे से जागेश को लटका देख उसने अपने आसपास में एक दो लोगों को बताया तो लोगों ने इसकी सूचना मृतक जागेश की माता व थाने की पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व उसकी माँ सावित्री मौके पर पहुंची और अपने पुत्र की सूचना फोन द्वारा अपने पति व बड़े पुत्र को दी सूचना मिलते ही पति व पुत्र भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा। पुलिस पेड़ पर फांसी लगाकर लटके जागेश सैनी के शव को देखकर आत्महत्या करने का अनुमान लगा रही है। लेकिन उसकी माँ सावित्री व रमेश सैनी पेड़ से फांसी लगाकर लटकें अपने पुत्र जागेश के पैरों में चप्पल व कानों में लगी मोबा. इल लीड को देखकर आत्महत्या नहीं हत्या करके लटकाना बता रहे हैं। पुलिस ने मृतक का मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों द्वारा तहरीर मिलने व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## एक नजर

### मंडावर में डीएम ने सुनी समस्याएं



**मण्डावर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज पूर्वाह्न में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना मंडावर में जनसामान्य की शिकायतों को सुना गया और उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से उनका मौके पर समाधान किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि भूमि एवं पारिवारिक विवाद के मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण कर प्रकरण की स्थिति का जायजा लें और आसपास के लोगों से भी वास्तविकता जानने का प्रयास करें। तदुपरांत ही कोई उचित निर्णय लिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से निस्तारण करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या में अनिवार्य रूप से सम्मिलित करें। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष मंडावर सहित अन्य पुलिस एवं राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### सचिन ने किया भगवान का अपमान


**नहटौर।** एक युवक द्वारा श्री राम पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर हिन्दू संगठनों में रोष फैल गया। युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर श्री राम के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने का मामला सोशल मीडिया पर मामला वायरल होने के बाद यह खबर चारों तरफ फैल गई। इस मामले में राजू वाल्मीकि की ओर से एक्स हैंडल पर यूपी पुलिस, डीजीपी व बिजनौर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई थी। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि आरोपी युवक की पहचान नहटौर क्षेत्र के ग्राम तकीपुरा निवासी सचिन पुत्र स्व. धर्मेंद्र के रूप में हुई। उसे गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद किया किया गया है। आरा. पी का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया है।

### गोवंश से युवक टकराए



**राजा का ताजपुर।** कस्बे के मौहल्ला चौक बाजार निवासी मौहम्मद अर्सलान व मौहम्मद अदनान सुबह दस बजे के आसपास किसी काम से बाइक से नूरपुर जा रहे थे। जैसे ही ताजपुर के पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तो सामने से अचानक आवारा गौवंश का झुंड आ गया। जिससे बाइक आवारा गौवंश से टकरा गई। बाइक सवार युवक जमीन पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने दोनों युवकों की गंभीर हालत देखते हुए मुरादाबाद अस्पताल में भेज दिया। आएदिन आवारा गौवंश के हमलों से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।अब तक इन आवारा गौवंश ने सैकड़ों लोगों पर हमला कर गंभीर रूप घायल कर दिया है। दिन भर आवारा गौवंश सड़कों पर घूमते हुए नजर आते हैं। इन आवारा गौवंश पर किसी को भी ध्यान नहीं है। इन्हें गौशालाओं में नहीं पहुंचाया जा रहा है।

### आयुषी का सीबीआई में चयन



**नूरपुर।** मौहल्ला ब्रह्मपुरी निवासी सुनील जोशी की पुत्री आयुषी जोशी का चयन सीबीआई में स्टेनो ग्राफर के लिए हो गया है। जिससे परिवार में खुशी का माहौल है। आयुषी ने प्राथमिक शिक्षा रामनाथ पब्लिक स्कूल से प्राप्त की थी। जबकि हाईस्कूल उसने सरस्वती इंटर कॉलेज से किया। शिक्षकों का कहना है कि छात्रा पहले से ही होनहार और मेहनती रही है। माता पावन देवी का कहना है कि मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। आयुषी जोशी का कहना है कि इसका श्रेय उसके माता-पिता और गुरुजनों को जाता है। बधाई देने वालों में जागेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र जोशी, घनानंद जोशी, चंद जोशी, जुगल किशोर, संजीव जोशी, संदीप जोशी, राजीव जोशी, अंकित जोशी, सचिन जोशी, सत्यम जोशी, रविंद्र जोशी आदि शामिल थे।

### हरौली में चिकित्सा शिविर का आयोजन



**राजा का ताजपुर।** एएचएम हॉस्पिटल की तरफ से ग्राम हरौली में नि:शुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को दवाईया बांटी गईं। साथ ही बरसात में संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी दी गईं। डॉ. अनुराग शर्मा ने ग्रामीणों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां दी। शिविर के आयोजन में डॉ. फैसल, शाहनवाज आलम, मौहम्मद अरशद, पुनीत कुमार, सीता मैडम आदि का सहयोग रहा।

### शेरकोट में चोर नदीम अरेस्ट

**बिजनौर।** शेरकोट थाने में मौहल्ला निकम्माशाह निवासी अमित कुमार पुत्र परमा सिंह ने आज तहरीर दी थी कि बीती रात मौहल्ला हकीमान निवासी नदीम पुत्र नफीस ने उसके घर से मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने नदीम को गिरफ्तार कर उसके पास से मोबाइल बरामद कर लिया है।

# बंदूक के साथ युवक ने हाइवे पर बनाई रील

## सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के एक युवक की बंदूक के साथ रील बनाने की दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो हाईवे पर बनाई गई है। युवक अलग अलग गानों पर रील बनाता हुआ नजर आ रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र में शनिवार को सत्रह सैकेंड बीस सैकेंड के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें एक युवक बाइक पर बैठकर बंदूक के साथ रील बनाता हुआ नजर आ रहा है। युवक ने यह रील एक हाईवे पर बाइक खड़ी करके बनाई है। वीडियो में तीन बालक भी बैठे हुए नजर आ रहे है, जो युवक को रील बनाते हुए देख रहे है। युवक क्षेत्र के एक ग्राम का बताया जा रहा है।

इससे पूर्व भी नहटौर के मौहल्ला नौधा का एक युवक तमंचे के साथ एक बैंकट हॉल में रील बनाता हुआ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। नहटौर क्षेत्र में हथियारों के साथ रील बनाने का युवाओं पर खुमार चढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि बंदूक के साथ युवक के रील बनाने का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# इमरजेंसी ब्रेक लगाने से हादसा टला

## रेलवे ट्रेक पर शराबी की कार फंसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर ।** शराबी युवक ने बंद पड़े रेलवे फाटक को पार करने की नीयत से कार दौड़ा दी। कार बीच रेलवे ट्रैक में जाकर फंस गई। अचानक से मालगाड़ी आ गई, लेकिन चालक ने रेलवे ट्रैक पर खड़ी कार को देखकर इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। जिससे हादसा टल गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार बिजनौर के ग्राम गोकलपुर कासम उर्फ पैदा में किरतपुर कस्बे के मोहल्ला लाडपुरा निवासी विकास पुत्र रूप सिंह आज तड़के करीब 4:45 बजे बंद पड़े रेलवे फाटक से कार क्रॉस कर रहा था। विकास शराब के नशे में धुत था। विकास ने जैसे ही फाटक से कार क्रॉस करने की कोशिश की, तो कार रेलवे ट्रैक के बीच में फस गई। रेलवे ट्रैक के बीच में फंसी कार को देखकर शराबी विकास ने कार निकालने का काफी प्रयास किया, लेकिन नहीं निकल पाई। इसी बीच अचानक से बिजनौर से नजीबाबाद की तरफ जाने वाली मालगाड़ी आ गई। रेलवे ट्रैक के बीच खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार को देख मालगाड़ी चालक के भी हाथ पांव फूल गए। मालगाड़ी चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोक लिया। घटना की सूचना पर आरपीएफ व स्थानीय रेलवे के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और बामुश्किल रेलवे ट्रैक से कार को हटाया गया। जिससे घंटों तक रेलवे का संचालन प्रभावित रहा। कड़ी मेहनत के बाद रेलवे के अधिकारियों ने ट्रेनों का संचालन सुचारु कराया। इस मामले में रेलवे पुलिस ने कार चालक शराबी विकास के खिलाफ केस दर्ज किया है।

रेलवे पुलिस के अनुसार अंडरपास में पानी भरा होने के कारण कार चालक बंद पड़े रेलवे फाटक से कार क्रॉस करने की कोशिश कर रहा था। मालगाड़ी चालक की सूझबूझ की वजह से बड़ा हादसा होने से बच गया।

# दो घंटे बंद रहा झालू-नहटौर मार्ग

## राहगीर वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज शाम को हुई मुसलाधार बारिश के दौरान झालू में नहटौर मार्ग पर विशालकाय आम का पेड़ गिर गया। जिससे लगभग दो घंटे तक मार्ग पूरी तरह से बंद रहा और नागरिकों को काफी ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी।



आज शाम जैसे ही बारिश शुरू हुई, तो झालू में आबादी के समीप नहटौर मार्ग पर आम का विशालकाय पेड़ टूट कर गिर गया। जिससे मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया और पैदल निकलने का रास्ता भी नहीं बचा। बताते है कि यह पेड़ पूर्व से ही गिरने की स्थिति में था। लेकिन वन विभाग के स्टाफ ने नागरिकों की जान खतरे में डालने की गरज से समय रहते इस पेड़ को नहीं काटा। जिससे यह गिर गया। शाह टाइम्स प्रतिनिधि ने इसकी सूचना डीएम श्रीमती जसजीत कौर व नगर पालिका के मुख्य लिपिक अनुज अग्रवाल को दी। जिसके बाद नगर पंचायत का स्टाफ, पुलिस और वनकर्मी हरकत में आए। वनकर्मियों ने बड़े आरे से पेड़ कटवाया और नगर पंचायत कर्मियों ने जेसीबी की मदद से उसे सड़क से हटवाया। पुलिस कर्मियों ने व्यवस्था बनाते हुए वहां से किसी को निकलने नहीं दिया। इस दौरान बारिश हो रही थी। बाइकों पर सवार महिलाएं व मासूम बच्चे भीग रहे थे। जिससे उनका बुरा हाल था। कई किलो मीटर लम्बी वाहनों की लाइन लग गई। डेढ़ घंटे की मेहनत के बाद यातायात सुचारू हो सका।

दूसरी तरफ वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लाप. रवाही की बदौलत जरा सी बारिश व हवा चलने पर सड़कों के किनारे खड़े पेड़ गिर जाते है। जिससे हादसे भी होते है और यातायात भी ठप हो जाता है। बरसात से पूर्व गिराऊ पेड़ों को चिंहित कर नहीं कटवाया जाता है। झालू में कई सूखे पेड़ भी मुख्य मार्गों पर खड़े है। जो कभी भी गिर सकते है और यह पेड़ किसी दुपहिया वाहन चालक पर गिरेंगे, तो उनकी मौत भी हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक वन कर्मी जानबूझ कर इन पेड़ों को नहीं कटवाते है। अगर वह पेड़ों को समय से कटवाएंगे, तो उन्हें इसका रिकार्ड रखना पड़ेगा और लकड़ियां जमा करनी पड़ेगी। लेकिन आंधी व बारिश में गिरने वाले पेड़ों की यह लकड़ियां खुर्द-बुर्द कर देते है। जिससे इन्हें आर्थिक लाभ होता है।

### बिजनौर में चार युवक गिरफ्तार

**बिजनौर।** काशीराम कॉलोनी निवासी नईमा पत्नी इरफान ने दस जुलाई को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि सात जुलाई को अभियुक्त फैसल पुत्र सलीम निवासी ग्राम काशीराम कॉलोनी ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर उसके पुत्र तालिब को शराब पिलाने के बहाने घर से बुलाया और अपने साथ कार से ले गया था। फैसल ने अपने साथियों के साथ मिलकर तालिब को नशा देते हुए मारपीट की। इसकी वीडियो भी फैसल ने अपने मोबाइल से बनाई। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के दौरान काशीराम कॉलोनी के ही समीर पुत्र अनीस एवं ग्राम मुबारकपुर तालन के आदिल पुत्र शौकत व रिजवान पुत्र लियाकत के नाम प्रकाश में आए। महिला उप निरीक्षक ममता तेवतिया ने चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से वारदात में इस्तेमाल कार भी बरामद कर ली है।

### धामपुर में रोडवेज बस दुर्घटनाग्रस्त



**बिजनौर।** धामपुर में ग्राम ढक्का के समीप रोडवेज बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। नहटौर-धामपुर मार्ग को चौड़ा करने का काम चल रहा है। बरसात के मौसम में काम को शुरू कराया गया है। जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। वाहन एक दूसरे से बचने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है। आज एक रोडवेज बस सड़क से नीचे उतर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे उसमें सवार कई यात्री घायल हो गए।

# भारी बारिश से सरकारी व्यवस्थाओं ने तोड़ा दम

## जलभराव व विद्युत आपूर्ति ठप रहने से जनता का बुरा हाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज जनपद में हुई झमाझम बारिश से सरकारी व्यवस्थाओं ने भारी भ्रष्टाचार के चलते दम तोड़ दिया। भ्रष्ट अधिकारी तो आराम फरमाते रहे और जनता बेहाल रही। इस बारिश को फसलों के लिए बेहद फायदेमंद माना जा रहा है।





प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर बाद से जनपद में झमाझम मूसलाधार बारिश हुई। बारिश से जहां किसानों को बड़ी राहत मिली है, वहीं आम आदमी इससे परेशान हो गया। बारिश शुरू होते ही विद्युत आपूर्ति इस तरह से ठप कर दी गई, जैसे बिजली के तार कोई छुई-मुई के पेड़ हो। रात नौ बजे के बाद जनपद मुख्यालय पर विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाई। जिसकी वजह से घरों में अंधेरा छा गया और व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। सड़कों पर भी अंधेरा छाया हुआ था।

मूसलाधार बारिश से मुख्य मार्गों सहित गली मौहल्लों में पानी भर गया। मुख्य मार्गों पर पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने की वजह से जल भराव के चलते वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कई जगह जाम लग गया। गली मौहल्लों में जल भराव की वजह से पानी घरों व दुकानों में घुस गया। जलभराव की स्थिति लगभग पूरे जनपद में ऐसी ही रही। नालों की सफाई के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार एवं जल निकासी के लिए बनाए गए नाले पर्याप्त न होने के कारण हर बार बारिश होने पर इस समस्या का सामना करना पड़ता है। नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों के द्वारा बरसात के मौसम से पूर्व ही न तो जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाती है और न ही नालों पर से अतिक्रमण हटाया जाता है। दुकानदारों ने नालों पर कब्जा कर जल निकासी का रास्ता बंद कर दिया है। सड़कों का पानी नालों में नहीं जा पाता है। दूसरी तरफ इस बारिश को फसलों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। किसानों को गन्ने एवं धान की फसल के लिए सिंचाई करनी पड़ रही थी। पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं हुई थी। जिससे खेतों में सिंचाई की जरूरत पड़ रही थी। बारिश होने से इन फसलों को फायदा पहुंचेगा और किसानों को कुछ दिनों तक सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी। बारिश की वजह से अब तालाब भी भर गए है। जिससे भूमिगत जल स्तर में इजाफा हो जाएगा। बारिश न होने की वजह से जल स्तर तेजी के साथ नीचे गिर रहा था।

### बारिश से गरीबों के चूल्हे पड़ गए ठंडे

**बिजनौर।** बारिश की वजह से जहां किसानों को फायदा पहुंचा है, वहीं गरीबों के चूल्हे ठण्डे हो गए है। बरसात के मौसम में गरीबों को मजदूरी नहीं मिलती है। उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। बच्चों का पेट भरने के लिए भी उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। गरीबों के पास इतना राशन व अन्य सामग्री नहीं होती है कि वह बिना मजदूरी किए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ कर सके। बरसात के मौसम में सब्जियां भी महंगी हो जाती है। साथ ही महंगाई भी बढ़ जाती है। जहां किसान बारिश होने की दुआ मांगते है, वहीं गरीब व मजदूर बारिश रूकने की प्रार्थना करते है। बारिश की वजह से गरीबों की कच्ची छते भी टपकने लगती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# इजरायल गाजा को भुखमरी का कब्रिस्तान बना रहा

## मई से अब तक सहायता मांगने के दौरान लगभग 800 फलीस्तीनी मारे गएः संयुक्त राष्ट्र एजेंसी

**यरुशलम।** फलीस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इजरायल गाजा में 'हत्या करने की क्रूर और धूर्त योजना' बना रहा है और कहा कि मई से अब तक सहायता मांगने के दौरान लगभग 800 फलीस्तीनी मारे गए हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने शनिवार को एक रिपोर्ट में दी।

यूएनआरडब्ल्यूए प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी निगरानी में गाजा बच्चों और भूखे लोगों का कब्रिस्तान बन गया है। लाजारिनी गुरुवार को मध्य गाजा के डेर एल-बलाह शहर में पोषण संबंधी पूरक आहार के लिए कतार में खड़े नौ बच्चों और चार महिलाओं सहित 15 लोगों की इजरायली सेना द्वारा हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उनकी यह टिप्पणी गाजा पट्टी में एक और खूनी दिन पर आई है, जहैं चिकित्सा सूत्रों ने बताया है कि 45



■ फिलिप की यह टिप्पणी गाजा पट्टी में एक और खूनी दिन पर आई

लोग मारे गए हैं जिनमें से 11 राफा में जीएचएफ द्वारा संचालित सहायता केंद्र के पास मारे गए। विवादास्पद अमेरिकी और इजरायल समर्थित जीएचएफ ने मई में परिचालन शुरू करने के बाद से गाजा के संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाले सहायता वितरण नेटवर्क को प्रभावी रूप से दरकिनार कर दिया है, जब इजरायल ने गाजा में दो महीने से अधिक समय से चल रही पूर्ण नाकेबंदी में ढील दी थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि तब से अब तक 819 फलस्तीनी भोजन का इंतज़ार करते हुए मारे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 634 लोग जीएचएफ स्थलों के आसपास मारे गए और 185 लोग अन्य मानवीय सहायता काफिलों के पास मारे गए, जिनमें संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित कुछ काफिले भी शामिल हैं।

### इजरायली हमलो में महिलाओं व बच्चों समेत 28 फलस्तीनियों की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में 28 फलस्तीनियों की मौत हो गई है, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह इलाके में इजरायली हवाई हमलों के बाद मरने वालों में बच्चे और दो महिलाएं भी शामिल हैं। शुक्रवार रात से शुरू हुए इन हमलों में यहां 13 लोगों की जान गई। वहीं, नासेर अस्पताल ने बताय कि एक पेट्रोल पंप के पास हुए हमलों में चार और लोगों की मौत हुई। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में इजरायली हमलों में 15 अन्य लोगों की जान गई। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि पिछले 48 घंटों में गाजा पट्टी में करीब 250 ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें हमासे के लड़ाके, विस्फोटकों से भरी इमारतें, हथियारों के गोदाम, एंटी-टैंक मिसाइल लान्च पाइंट, स्नाइपर पोजिशन, सुरंगें और अन्य ढांचे शामिल हैं। हालांकि, आम नागरिकों की मौत को लेकर सेना ने एसोसिएटेड प्रेस के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया।



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु में बारिश के दौरान मोटरसाइकिल पर जाते यात्री।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन का तियानझोउ-9 मालवाहक यान पहुंचा प्रक्षेपण स्थल पर

**वेनचांग।** चीन के अंतरिक्ष स्टेशन तक सामग्री पहुंचाने वाले तियानझोउ-9 मालवाहक यान और लॉन्ग मार्च-7 वाहक रॉकेट को शनिवार को प्रक्षेपण स्थल पर स्थानांतरित किया गया। यह जानकारी चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने दी। सीएमएसए के अनुसार मालवाहक अंतरिक्ष यान को निकट भविष्य में उचित समय पर प्रक्षेपित किया जाएगा। एजेंसी ने बताया कि वर्तमान में दक्षिणी द्वीपीय प्रांत हैनान स्थित वेनचांग अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण स्थल पर सुविधाएं और उपकरण अच्छी स्थिति में हैं।

### लावरोव ने की उत्तर कोरिया के साथ संबंधों की सराहना

**मास्को/प्योंगयांग।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस और उत्तर कोरिया (डीपीआरके) के बीच के राजनीतिक संबंधों की सराहना की है और इसे 'अजेय भाईचारा' करार दिया। रूसी राज्य मीडिया ताश की शनिवार की रिपोर्ट के मुताबिक लावरोव ने इस बात पर बल दिया कि यह संबंध कुर्स्क क्षेत्र की मुक्ति में रूसी सेना का साथ देने वाले उत्तर कोरियाई सैनिकों की भागीदारी से स्पष्ट रूप से मजबूत हुआ है और यह सैन्य सहयोग का एक अभूतपूर्व स्तर है जो गहरे होते संबंधों को दर्शाता है।

### कैमरून में 12 अक्टूबर को होंगे राष्ट्रपति चुनाव

**याउंडे।** कैमरून में 12 अक्टूबर को राष्ट्रपति चुनाव कराने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति पॉल बिया द्वारा शुक्रवार को हस्ताक्षरित एक आदेश में यह जानकारी दी। आदेश के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे शुरु होगा और शाम 6:00 बजे समाप्त हो जाएगा। चुनाव प्रबंधन संस्था इलेक्शन्स कैमरून द्वारा पूर्व में घोषित चुनावी कैलेंडर के अनुसार उम्मीदवारों को 21 जुलाई तक अपने आवेदन पत्र जमा करने होंगे।

# भारत 6 लड़ाकू विमान खोने की बात मानेः पाकिस्तान

## शफकत अली खान ने कहाः भारत के दूसरे मिलिट्री ठिकानों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान नें फिर से भारत के 6 लड़ाकू विमानों को गिराने का दावा किया है। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने प्रेस ब्रीफिंग में भारत को लड़ाकू विमान गंवाने की बात मानने को कहा।

अली खान ने कहाः भारत को काल्पनिक कहानियों का सहारा लेने के बजाय यह स्वीकार करना चाहिए कि भारत के छह लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया और दूसरे मिलिट्री ठीकानो को गंभीर नुकसान पहुंचा। दरअसल, अजित डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बयान दिया था। उन्होंने कहाः भारत को नुकसान की खबरें चलाई गई, लेकिन विदेशी मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया।



■ भारत को नुकसान की खबरें चलाई गई, लेकिन विदेशी मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पायाः डोभाल

ना यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। वहीं खान ने डोभाल के बयान को झूठे और गलत जानकारी से भरे हुए बताया। अली खान ने कहा-ये बयान जनता को गुमराह करने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास हैं। इसके अलावा प्रवक्ता ने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सि( ांतों का उल्लंघन बताया। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान से पहले 23 मई को सेना के प्रवक्ता अहमद चौधरी ने संघर्ष के दौरान भारत के 6 विमान मार गिराने का दावा किया था, जिनमें से 3 राफेल थे। उन्होंने यह दावा ब्रिटिश मीडिया से बात करते हुए किया। अली खान ने कहा कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, उनका मकसद साफ है, और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अब इसके बारे में अधिक जागरूक हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शुरुआत में, भारत द्वारा फैलाया गया आतंकवाद पाकिस्तान को निशाना बना रहा था, लेकिन हाल के दिनों में यह वैश्विक हो गया है। अगर भारत के इस दुर्भावनापूर्ण रवैये पर लगाम नहीं लगाई गई, तो हम इसके परिणाम देख चुके हैं। अली खान ने भारत पर वैश्विक हत्या अभियान चलाने का आरोप लगाया, जिसमें कनाडा, अमेरिका और अन्य देशों में लोगों को निशाना बनाया गया। आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में डोभाल बोले कि टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस दौरान हमने स्वदेशी तकनीक इस्तेमाल की। हमने सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें एक भी ठिकाना बॉर्डर के पास नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक थे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय यूनियन और मेक्सिको पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने जवाबी कार्रवाई पर और टैक्स लगाने की धमकी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मेक्सिको और यूरोपीय यूनियन पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि एक अगस्त से इन दोनों देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर टैरिफ लागू होगा। इस कदम की जानकारी उन्होंने अपने 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर दी।

ट्रम्प ने दोनों को ये भी धमकी दी कि अगर वे जवाबी कार्रवाई करते हैं, तो टैरिफ रेट और बढ़ा दी जाएगी। ट्रम्प ने चिट्ठी में साफ लिखा कि अगर आप जवाबी कार्रवाई करते हैं और टैरिफ बढ़ाते हैं, तो वो जितने भी प्रतिशत हों, मैं उन्हें हमारे 30 प्रतिशत में जोड़ दूंगा। ये वही तरह की चिट्ठी है, जो ट्रम्प ने दुनिया के कई बिजनेस पार्टनर्स को भेजी है, जिसमें अमे. रिका में आने वाले विदेशी सामानों पर भारी टैरिफ लगाने की बात की गई है। टैरिफ को लेकर यूरोपीय यूनियन और मेक्सिको, अमेरिका के साथ बीते 6 महीने से बातचीत कर रहे



■ टैरिफ एक अगस्त से लागू होंगे

थे, लेकिन ट्रम्प के फैसले से यह साफ हो गया है कि उनके बीच डील नहीं हो पाई। यूरोपीय यूनियन दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनामी है। इसमें यूरोप के 27 देश शामिल हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन के बीच हर दिन लगभग 3.5 अरब डालर का व्यापार होता है। वहीं, मेक्सिको अमेरिका का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष को लिखी चिट्ठी में ट्रम्प ने कहा कि एक अगस्त से यह टैरिफ लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि अगर कोई यूरोपीय कंपनी अपने उत्पादों को दूसरे देश के रास्ते ट्रांसशिप कर अमेरिका भेजती है, तो उन पर भी यही टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने यह तर्क दिया कि अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है, और 30 प्रतिशत का यह टैरिफ उसे सुधारने की दिशा में एक जरूरी कदम है। उन्होंने यूरोपीय कंपनियों को यह प्रस्ताव भी दिया कि अगर वे अमेरिका में अपने उत्पाद बनाना शुरू कर दें, तो उन्हें टैरिफ नहीं देना पड़ेगा, और अमेरिकी सरकार तेज और पेशेवर ढंग से मंजूरी देने में मदद करेगी। ट्रम्प ने मेक्सिको के राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी में कहा कि यह टैरिफ मेक्सिको में फैले फेंटेनाइल ड्रग के चलते लगाया जा रहा है। उन्होंने मेक्सिकन ड्रग कार्टेल्स को दुनिया के सबसे बुरा बताया और कहा कि ये कार्टेल्स फेंटेनाइल जैसी घातक दवाओं को अमे. रिका में ला रहे हैं।

# यूरोपीय संघ रूस-यूक्रेन युद्ध को चाहता है लम्बा खींचना

**मॉस्को।** यूक्रेन में विपक्ष के नेता विक्टर मेदवेदचुक ने यूरा. ेपीय संघ की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि उसका निहित स्वार्थ यूक्रेन में युद्ध को लम्बा खींचने में है और वह अमे. रिका को रूस के साथ व्यापार युद्ध में भी घसीट रहा है।

मेदवेदचुक ने एक बयान में कहा कि यूरोपीय संघ का नेतृत्व, साथ ही संघ के कई देशों का नेतृत्व, सत्ता बनाए रखना चाहता है और इसलिए, एक साझा दुश्मन की आवश्यकता है। यही कारण है कि यूरोप के कई राजनेता यूक्रेन संघर्ष को जारी रखने में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि आज यूरोप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को रूस के साथ व्यापार युद्ध में घसीट रहा है। ट्रम्प के पास हालांकि विश्व राजनीति को शांति की ओर ले जाने के अवसर हैं, लेकिन कई वैश्विक शक्तियां ऐसा नहीं चाहतीं। ये शक्तियां अमेरिकी राष्ट्रपति को अपनी कठपुतली बनाने की कोशिश करेंगी, जैसा कि आज यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की हैं। गत 21 जून को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्काई न्यूज़ अरेबिया को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि यूक्रेन बेहतर भविष्य का हकदार है और उसे तीसरे पक्ष के हाथों की कठपुतली नहीं बनना दिया जाना चाहिए जो संघर्ष को लंबा खींचते हैं और अपने फायदे के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। साथ ही, रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने जून में कहा था कि यूक्रेन पर बातचीत की प्रक्रिया उसके रुख और इस बात पर निर्भर करती है कि अमे. रिका अपनी मध्यस्थता के प्रयासों को कितनी प्रभावी ढंग से जारी रखता है।

# एल्गोरिथम में हेरफेर को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स फ्रांसीसी जांच के घेरे में

**पेरिस/सैक्रामेंटो।** विदेशी हस्तक्षेप को संभव बनाने और अनुचित डेटा निष्कर्षण के लिए एल्गोरिथम में हेरफेर का हवाला देते हुए पेरिस अभियोजक कार्यालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स फ्रांसीसी पुलिस के जांच के घेरे में है। पेरिस अभियोजक लॉरे बेक्वाउ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा इस स्तर पर सोशल मीडिया एक्स पर मुख्य रूप से दो अपराधों का आरोप है-एक संगठित समूह द्वारा एक स्वचालित डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम के संचालन में बाधा डालना और दूसरा संगठित समूह द्वारा एक स्वचालित डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम से धोखाधड़ी से डेटा निकालना। बेक्वाउ ने कहा कि जांच का जिम्मा राष्ट्रीय जेंडरमेरी महानिदेशालय (डीजीजीएन) को सौंपा गया है।

# एप्स्टीन सेक्स स्कैंडल की फाइल्स पर ट्रम्प प्रशासन में विवाद

## एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉनजीनो दे सकते हैं इस्तीफा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉनजीनो अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। सीएनएन के मुताबिक उन्होंने इस पर विचार भी शुरू कर दिया है।

इसके पीछे जेफरी एपस्टीन केस से जुड़ी फाइलों के खुलासे पर व्हाइट हाउस, एफबीआई और अमेरिका के न्याय विभाग (डीओजे) के बीच चल रहा विवाद बड़ी वजह माना जा रहा है। बॉनजीनो और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के बीच इस सप्ताह एक तेज बहस के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई है।

एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल, बॉनजीनो, बॉन्डी और ट्रम्प की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स की बैठक हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस बैठक में यह विवाद खुलकर सामने आया। बैठक में



■ सीएनएन के मुताबिक उन्होंने इस पर विचार भी शुरू कर दिया है
■ बॉनजीनो और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के बीच इस सप्ताह एक तेज बहस के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई

यह सवाल किया गया कि क्या एफबीआई की तरफ से एक मीडिया रिपोर्ट लीक की गई थी जिसमें दावा किया गया कि एजेंसी और अधिक जानकारी सार्वजनिक करना चाहती थी, लेकिन जस्टिस डिपार्टमेंट ने रोक दिया। हालांकि, बॉनजीनो ने इस रिपोर्ट को लीक करने से इनकार किया, लेकिन उन्होंने उस रिपोर्ट के समर्थन में दिए गए बयान पर हस्ताक्षर भी नहीं किए। बॉनजीनो और काश पटेल महीनों से बॉन्डी से नाराज थे। बॉन्डी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि एफबीआई अभी भी मामले की समीक्षा कर रही है, जबकि वह जांच पहले ही न्याय विभाग को सौंप दी गई थी। इस लेकर नारा. जगी और बढ़ गई। बॉनजीनो की नाराजगी का एक और कारण 10 घंटे का एक निगरानी वीडियो है। वीडियो में 1 मिनट की क्लिप गायब थी, जिससे साजिश की अटकलें फैल गई। इसके लिए बॉनजीनो को जिम्मेदार ठहराया गया। टेस्ला के सीईओ मस्क ने 5 जून को सनसनीखेज दावा करते हुए कहा था कि डोनाल्ड ट्रम्प का नाम जेफरी एपस्टीन की फाइलों में शामिल है।

मस्क ने एक्स पर लिखा था-अब बड़ा खुलासा करने का टाइम है। डोनाल्ड ट्रम्प का नाम एपस्टीन फाइलों में हैं। यही वजह है कि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। डोनाल्ड ट्रम्प, आपका दिन शुभ हो। एक अन्य पोस्ट में कहा-इस पोस्ट को भविष्य के लिए नोट कर लें। सच्चाई सामने आएगी। हालांकि, बाद में मस्क ने वो पोस्ट डिलीट कर दी थी और माना कि वह हद से ज्यादा बोल गए थे।

# अमेरिकी विदेश विभाग में 1000 से अधिक लोगों की छंटनी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन द्वारा संघीय कार्यबल में कटौती के प्रयासों के अंतर्गत अमेरिकी विदेश विभाग के 1,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है।

यह जानकारी शनिवार को बीबीसी ने एक रिपोर्ट में दी। शुक्रवार को विदेश विभाग के कर्मचारियों को भेजे गए नोटिस के अनुसार अनैच्छिक कर्मचारी कटौती में 1107 सिविल सेवा और 246 विदेश सेवा के कर्मचारी शामिल हैं। इस वर्ष की शुरुआत में संघीय सरकार के विशाल पुनर्गठन प्रयास के अंतर्गत 1500 से अधिक विदेश विभाग के कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रूप से इस्तीफा दिया था। आलोचकों का कहना है कि ये बड़ी कटौती विभाग के काम पर असर डालेंगी। सीबीएस न्यूज के अनुसार, जनसंख्या, शरणार्थी और प्रवासन ब्यूरो में लगभग सभी सिविल सेवा अधिकारियों की छंटनी कर दी गई है। जिन व्यक्तियों को नौकरी से निकाला गया उनमें विदेश विभाग के अफगान पुनर्वास प्रयासों के समन्वयक (केयर) कार्यालय के कर्मचारी भी शामिल हैं। सीनेट की विदेश संबंध समिति के डेमोक्रेट सदस्यों ने एक बयान जारी कर कहा कि विदेश विभाग में सिविल सेवा और विदेश सेवा के सैकड़ों सदस्यों को निकालने का निर्णय हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करता है।

# बांग्लादेश में अर्थशास्त्री अबुल बरकत गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार का आरोप, कहा थाः देश में 2046 तक हिंदू नहीं बचेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश में मशहूर अर्थशास्त्री अबुल बरकत को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में जेल भेज दिया गया। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक 20 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने बरकत के घर पर छापा मारा था। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

बरकत चार दशकों तक ढाका विश्व. विद्यालय में पढ़ा चुके हैं। उन्हें 2009 में पीएम शेख हसीना के शासनकाल में जनता बैंक का अध्यक्ष बनाया गया था। वे हिंदू अल्पसंख्यकों की वकालत के लिए भी जाने जाते हैं। बरकत ने साल 2016 में चेतावनी दी थी कि अगर अल्पसंख्यकों पर हमले और उनकी संपत्तियों पर अवैध कब्जा जारी रहा, तो आने वाले 30 वर्षों में बांग्लादेश में एक भी हिंदू नहीं बचेगा। उनका यह बयान बांग्लादेश में काफी चर्चित हुआ था और कुछ हलकों में विवादित भी था। अबुल बरकत पर आरोप है कि उन्होंने अपने



■ अबुल बरकत की बेटी बोलीः बिना वारंट दिखाए गिरफ्तारी हुई

कार्यकाल में रेडीमेड गारमेंट कंपनी 'एनॉनटेक्स ग्रुप' को गलत तरीके से कर्ज दिलवाने में मदद की और जनता बैंक से जुड़े 2.97 अरब टका (लगभग 225 करोड़ रुपये) का गबन किया। बांग्लादेश के भ्रष्टाचार निरा. ेधक आयोग (एसीसी) ने इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि बरकत ने फर्जी दस्तावेज बनाए, काल्पनिक इमारतों और फैक्ट्रियों के नाम पर लोन पास करवाए और खरीदी गई जमीन की कीमत जानबूझकर बहुत अधिक दर्शाई ताकि ज्यादा लोन मिल सके।

इस मामले में अबुल बरकत समेत कुल 23 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर अतीउर रहमान का नाम भी शामिल है। कोर्ट में पेशी के दौरान एसीसी ने तीन दिन की रिमांड की मांग की, जबकि बचाव पक्ष ने जमानत की याचिका दाखिल की। अदालत ने फिलहाल दोनों याचिकाओं पर कोई फैसला नहीं सुनाया और तब तक के लिए बरकत को जेल भेजने का आदेश दिया। अबुल बरकत ढाका कोर्ट में पेश हुए।

# ईरान ने 16 दिन में पांच लाख अफगानियों को निकाला

**तेहरान।** ईरान ने महज 16 दिनों में 5 लाख से ज्यादा अफगान नागरिकों को देश से बाहर निकाल दिया है। यह कार्रवाई 24 जून से 9 जुलाई के बीच हुई है। यानी हर दिन औसतन 30000 से ज्यादा अफगानों को देश से निकाला गया। संयुक्त राष्ट्र ने इसे दशक की सबसे बड़ी जबरन निकासी में से एक करार दिया है।

ईरान इजरायल के साथ तनावपूर्ण संघर्ष के बाद आंतरिक सुरक्षा का हवाला देकर प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6 जुलाई तक देश छोड़ दें, वरना उन्हें जबरन निकाला जाएगा। ईरान का

■ इजरायल से संघर्ष के बाद शरणार्थियों पर कार्रवाई तेज, जासूसी के आरोप भी लगाए

दावा है कि कुछ अफगान नागरिक इजरायल के लिए जास. ूसी कर रहे थे। हालांकि इस आरा. ेप के पुख्ता सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। ईरान का दावा है कि कुछ अफगान नागरिक इजरायल के लिए जासूसी कर रहे थे। हालांकि इस आरोप के पुख्ता सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। ईरान से निर्वासित हुए एक अफगान शरणार्थी बशीर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अधिकारियों ने उससे 17 हजार रुपये मांगे।



# सिद्धांत व तृप्ति की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सिद्धांत चतुर्वेदी-तृप्ति डिमरी की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वर्ष 2018 में प्रदर्शित जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर की फिल्म धड़क को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब फिल्म धड़क का सीक्वल धड़क 2 जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है।

धड़क 2 की कहानी दो ऐसे प्यार करने वालों पर आधारित है, जिनके बीच सोशल स्टेटस की दीवार इतनी बड़ी होती है उनका अटूट प्यार भी उसे तोड़ नही पाता। ट्रेलर की शुरुआत निलेश (सिद्धांत चतुर्वेदी) और विधि (तृप्ति डिमरी) से होती है, जिनकी मुलाकात कॉलेज में होती है। दोनों एक ही क्लास में होते हैं, दोस्ती से शुरू हुआ उनका यह रिश्ता प्यार में बदल जाता है। शुरुआत में सब ठीक होता है, लेकिन जैसे ही विधि के परिवार को निलेश के बारे में पता चलता है तो तूफान आ जाता है। ऊंचे जाति की निधि का छोटे जाति वाले लड़के के साथ होना उनके परिवार को रास नही आता है। वो लोग निलेश को मारते हैं उसकी और उनके परिवार को अपमानित करते हैं। उस पर कीचड़ उछालते हैं। परिवार पूरी कोशिश करता है कि विधि, निलेश से दूर हो जाए, लेकिन वह उसका साथ छोड़ने के लिए तैयार नही है। धड़क 2 में तृप्ति डिमरी, सिद्धांत चतुर्वेदी, सौरभ सचदेव, मंजिरी पुपाला, विपिन शर्मा, दिशांक अरोड़ा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। शाजिया इकबाल निर्देशित यह फिल्म एक अगस्त को रिलीज होगी।





## 18 को जी 5 और जी सिनेमा पर होगा संजय दत्त की फिल्म द भूतनी का प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार संजय दत्त की फिल्म द भूतनी का प्रीमियर 18 जुलाई को जी 5 और जी सिनेमा पर होगा। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के दीपक मुकुट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स के संजय दत्त द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म द भूतनी को सिद्धांत सचदेव ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म, द भूतनी में संजय दत्त,मौनी रॉय, सनी सिंह और पलक तिवारी की अहम भूमिका है। जी 5 और जी सिनेमा पर 18 जुलाई को रात 8 फिल्म द भूतनी की स्ट्रीमिंग की जाएगी। संजय दत्त ने कहा, फिल्म द भूतनी का सफर सच में बेहद मज़ेदार और अनोखा रहा है, जो सही मायने में लीक से हटकर फिल्म है। बदकिस्मती से, रिलीज़ के दौरान इस फिल्म को सिनेमाघरों में पर्याप्त स्क्रीन नही मिल पाई, और यह हमारी उम्मीद से कम समय तक चली। कभी-कभी कुछ फिल्में शोर-शराबे में पीछे रह जाती हैं। पर यह फिल्म हमने बड़े प्यार और सच्ची लगन से बनाई है। हमें इसकी कहानी और उसके पीछे के जज्बातों पर पूरा भरोसा था। मुझे पूरी उम्मीद है कि जी5 और जी सिनेमा पर यह फ्ल्मि दर्शकों के दिलों को छू लेगी। मौनी रॉय ने कहा, द भूतनी में मोहब्बत के किरदार निभाने का अनुभव मेरे लिए सच में बड़ा रोमांचक था।सच में यह किरदार बेहद दिलचस्प होने के साथ रहस्यमई और काफी संजीदगी भरा भी है, जिसमें भावनाओं की कई परत दिखाई देती है। इस किरदार की गहराई को समझना मेरे लिए खुशी भरा अनुभव था।

## अव्यान में काम करती नजर आएंगी अनुष्का

**मुंबई।** अभिनेत्री अनुष्का कौशिक फिल्म अव्यान में काम करती नजर आएंगी। अनुष्का कौशिक, आज की युवा पीढ़ी की प्रतिभशाली अभिनेत्रियों में से एक बन चुकी हैं। लस्ट स्टोरीज 2 हो या पटना शुक्ला, घर वापसी हो या गर्मी, अनुष्का हर बार अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लेती हैं। अब इस प्रतिभाशाली अभिनेत्री का अगला पड़ाव है सुनील कोठारी की स्पिरिचुअल फिल्म अव्यान, जिसमें अनुष्का का लुक और किरदार दोनों ही एकदम हटके होने वाला है। अनुष्का ने कहा कि अव्यान का हिस्सा बनना मेरे लिए एक स्पिरिचुअल जर्नी जैसा रहा।कैसे यह कहानी रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों को गहराई से जोड़ती है, वो बहुत



खास है। बनारस जैसे शहर में शूट करना, उसकी एनर्जी और श्रद्धा के बीच काम करना वाकई विनम्र अनुभव था। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो हमारी संस्कृति को ईमानदारी और दिल से सेलिब्रेट करती है। सुनील कोठारी ने कहा, अनुष्का के अंदर एक सच्चाई है जो उनके हर किरदार में झलकती है।

## द्रौपदी मुर्मू ने देखी फिल्म तन्वी द ग्रेट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का फिल्म तन्वी द ग्रेट देखना उनके लिए गर्व का पल है। फिल्म तन्वी द ग्रेट की खास स्क्रीनिंग शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में हुई। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही फिल्म की स्टारकास्ट भी शामिल हुई, जिनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, करण टेकर और शुभांगी शामिल थे। अनुपम खेर ने फिल्म तन्वी द ग्रेट का निर्देशन करने के अलावा इसमें अभिनय भी किया है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर स्पेशल स्क्रीनिंग की फोटोज शेयर की। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, यह हमारे लिए गर्व का सबसे बड़ा पल था कि देश की राष्ट्रपति और भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर ने हमारी फिल्म देखी और अंत में उसकी सराहना की। यह एक सपना सच होने जैसा था। एक निर्देशक के तौर पर देश के सबसे बड़े पद से ऐसा समर्थन मिलना मेरे लिए सच में कुछ भी हो सकता है वाला पल है। बोमन ईरानी ने सोशल मीडिया पर लिखा, तन्वी द ग्रेट की टीम के लिए एक गर्वभरा और विनम्र करने वाला लम्हा जब देश की राष्ट्रपति ने हमारी फिल्म देखी और तारीफ की। यह बहुत ही खास और दुर्लभ मौका था, ऐसा मौका जो याद दिलाता है कि हम यह सब क्यों करते हैं। अनुपमखेर सर, हमें इस अनमोल सफर का हिस्सा बनाने के लिए धन्यवाद। फिल्म तन्वी द ग्रेट में शुभांगी दत्त मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अनुपम खेर, जैकी श्रॉफ, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, करण टैकर और इयान ग्लेन जैसे कलाकार अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं। निर्देशन और कहानी अनुपम खेर की है। इस फिल्म का निर्माण अनुपम खेर स्टूडियोज ने एनएफडीसी (राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम) के साथ मिलकर किया है। यह फिल्म 18 जुलाई को रिलीज होगी।

### राष्ट्रपति के साथ तन्वी द ग्रेट देखना मेरे लिए सम्मान की बात थी: करण टैकर

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता करण टैकर का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ फिल्म तन्वी द ग्रेट देखना उनके लिए सम्मान की बात थी। फिल्म तन्वी द ग्रेट की खास स्क्रीनिग शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में हुई। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही फिल्म की स्टारकास्ट भी शामिल हुई, जिनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, करण टेकर और शुभांगी शामिल थे। करन टैकर के लिए यह खास लम्हा था। करन टैकर ने कहा, अपने देश की राष्ट्रपति के साथ बैठकर अपनी फिल्म देखना एक बहुत ही बड़ा सम्मान था। उनकी सादगी, विनम्रता और फिल्म के लिए तारीफ़ मेरे लिए सबसे बड़ा तोहफ़ा है। वह पूरी फिल्म हमारे साथ बैठकर देख रही थी। यह एक ऐसा पल है जो मेरी यादों में हमेशा के लिए बस गया है। फिल्म तन्वी द ग्रेट में शुभांगी दत्त मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अनुपम खेर, जैकी श्रॉफ, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, करण टैकर और इयान ग्लेन जैसे कलाकार अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं।

## सनी देओल ने फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सनी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। अब फिल्म बॉर्डर का सीक्वल बनाया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की अहम भूमिका होगी। सनी देओल ने बार्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। सनी देओल ने सोशल मीडिया पर फिल्म बार्डर 2 का दमदार फर्स्ट लुक शेयर किया है। सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म बार्डर से अपना लुक शेयर किया। सनी देओल ने कैप्शन में लिखा, मिशन पूरा हुआ।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

## बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना बहुत खास: चित्रांगदा सिंह



**मुंबई।** अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह का कहना है कि फिल्म बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना उनके लिए बहुत खास है। सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान में चित्रांगदा सिंह को मुख्य अभिनेत्री के तौर पर चुना गया है। इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में हुए भारत-चीन की झड़प पर आधारित है। गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक खतरनाक झड़प हुई थी। 15 जून को हुई इस भिड़ंत में दोनों देशों के सैनिकों की जान गई थी। सलमान खान के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करने को लेकर चित्रांगदा सिंह ने कहा, बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है। कुछ साल पहले एक मराठी फिल्म क रीमेक में मैं सलमान सर के साथ काम करने वाली थी, जिसे महेश मांजरेकर निर्देशित कर रहे थे, लेकिन वह फिल्म कभी शुरू ही नहीं हो पाई। मुझे आज भी याद है, सलमान सर ने तब कहा था अगली बार साथ काम ज़रूर करेंगे और अब सालों बाद उन्होंने अपनी वही बात निभाई। जैसे वो कहते हैं एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी, तो फिर मैं खुद की भी नहीं सुनता।

चित्रांगदा सिंह ने निर्देशक अपूर्व लाखिया की भी तारीफ की और कहा, वो चाहते तो किसी बड़े स्टार को भी कास्ट कर सकते थे, लेकिन उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मैं उनकी इस आस्था की बहुत कद्र करती हूं और मुझे गर्व है कि मैं बैटल ऑफ गलवान जैसी अहम और दमदार कहानी का हिस्सा हूं। चित्रांगदा के लिए यह रोल बहुत खास है। उनके पिता सेना में कर्नल थे और अब रिटायर हो चुके हैं। वह बचपन से ही बहादुरी, देश के लिए कुर्बानी और देशभक्ति की कहानियां सुनते हुए बड़ी हुई हैं।

आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी
साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
नि:शुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्ली: अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011-45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौंक) चंडीगढ M:73558-48978

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एकजाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)